3 बस्तर संभाग
कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं से...

6 अभिमत
पश्चिम बंगाल चुनाव का विश्लेषण

10 संस्कारधानी
ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं थम रहा कोरोना, कलेक्टर ने ...

11 छत्तीसगढ़
लॉकडाउन में बच्चों ने रचाया गुड्डी-गुड्डा का ब्याह

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 15 मई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 263 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राष्ट्रपति ने देशवासियों को दी ईद की बधाई



**नयी दिल्ली।** राष्टपति रामनाथ कोविंद ने आपसी भाईचारे के त्योहार ईद उल फितर की देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री कोविंद ने शुक्रवार को ट्वीट करके कहा कि सभी देशवासियों को ईद मुबारक। यह त्योहार, आपसी भाईचारे और मेल-जोल की भावना को मजबूत करने तथा स्वयं को मानवता की सेवा करने के लिए फिर से समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने आगे कहा कि आइए, हम कोविड-19 से निपटने के लिए सभी नियमों के पालन करने का तथा समाज एवं देश की भलाई के लिए काम करने का संकल्प लें।

### डूबने से पांच मासूमों सहित 6 लोगों की मौत

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना जिले में साहनेवाल विधानसभा क्षेत्र के मानगढ़ गांव के तालाब में आज पांच बच्चे और उन्हें बचाने गया उनके परिवार का एक व्यक्ति भी डूब गया । यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार ये बच्चे दस साल से कम उम्र के थे । ये गर्मी के कारण तालाब के पास गये और खेलते - खेलते तालाब में जा गिरे । शोर मचने पर गांव के लोग इकट्ठे हो गये । बच्चों के परिवार का एक सदस्य उन्हें बचाने के लिये तालाब में कूद गया जो न तो बच्चों को बचा सका और न ही अपने को ।

### पूर्व आप विधायक जरनैल सिंह का कोरोना से निधन

**नयी दिल्ली।** पूर्व आम आदमी पार्टी( आप) विधायक जरनैल सिंह का कोरोना संक्रमण से शुक्रवार को यहां निधन हो गया। वह 48 वर्ष के थे। सिंह पिछले कई दिनों से यहां एक अस्पताल में भर्ती थे, जहां आईसीयू में उनका उपचार चल रहा था। पूर्व पत्रकार रहे सिंह ने 2015 से 2017 तक दिल्ली के राजौरी गार्डन निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। केजरीवाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि दिल्ली के पूर्व विधायक जरनैल सिंह के असामयिक निधन से बेहद दुख हुआ। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। समाज में उनके योगदान के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। सिसोदिया ने जरनैल सिंह को एक ऐसे व्यक्ति के तौर पर याद किया जिन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी।

# भारत कोरोना के खिलाफ हिम्मत नहीं हारेगा, लड़ेंगे और जीतेंगे : पीएम मोदी

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना से हो रहे नुकसान पर अफसोस जारी करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत इसके खिलाफ हिम्मत नहीं हारेगा तथा लड़ेगा और जीतेगा। मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किसानों को आठवीं किश्त जारी करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि एक सौ साल बाद भीषण महामारी आई है जो हमारी परीक्षा ले रही है । यह अदृश्य दुश्मन और भूरूपिया भी है । बहुत से लोगों ने अपने करीबियों को खोया है । पिछले कुछ समय से लोग कष्ट सह रहे हैं । उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मी और वैज्ञानिक कोविड चुनौती का मुकाबला कर रहे हैं । संसाधनों के गतिरोध को दूर किया जा रहा है । सेना के सभी अंग पूरी शक्ति से जुटे हैं तथा कोविड अस्पताल और ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं । ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिया दूर दराज के क्षेत्रों से ऑक्सीजन रेल चलाई जा रही है । प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण गावों में तेजी से फैल रहा है और राज्य सरकारें इससे निपटने का प्रयास कर रही हैं । इसकी रोकथाम में पंचायती राज व्यवस्था का सहयोग जरुरी है । मोदी ने कहा कि दवाओ की आपूर्ति बढ़ने के प्रयास किए जा रहे हैं और जरुरी दवाओ का उत्पादन कई गुना बढ़ा गया है । इसके साथ ही बाहर से दवाएं लाई जा रही है । उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस समय दवाओ की जमाखोरी और कालाबाजारी में जुटे है जो मानवता के खिलाफ है। राज्यों को एसे लोगों के विरुद्ध कठोर करवाई करनी चाहिए । उन्होंने किसानों को दी जा रही सुविधाओं की चर्चा करते हुए कहा कि छोटे और सीमांत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण दिया जा रहा है । पिछले डेढ़ साल के दौरान अभियान चलाकर दो करोड़ किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं । इससे किसानों को दो लाख करोड़ रुपए से अधिक का ऋण दिया गया है । इससे पशुपालकों , डेयरी किसानों तथा मातास्यपालको को भी फायदा हुआ है । उन्होंने कहा कि किसानों के ऋण भुगतान की नवीकरण की तारीख को 30 जून तक बढ़ा दी गई है । गोहिल ने कहा कि दुनिया के चार देश सेशेल्स, इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात और सैंड मैरिनो ने अपनी शत-प्रतिशत आबादी को टीका लगाने में सफलता प्राप्त की ब्रिटेन और अमेरिका से लेकर मालदीव तक कई देशों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोरोना का टीका लगा दिया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वैक्सीन बनाने की क्षमता में दुनिया में अव्वल भारत केवल 10 प्रतिशत लोगों को ही वैक्सीन का पहला टीका लगा पाया है जबकि कोरोना के दोनों टीके यानी पूरा वैक्सीनेशन केवल 2.7 प्रतिशत लोगों का ही किया जा सका है। प्रवक्ता ने कहा कि वैज्ञानिक कहते हैं कि महामारी से जीत के लिए 60 प्रतिशत से अधिक आबादी का टीकाकरण आवश्यक है इसलिए देश में सभी का मुफ्त टीकाकरण आवश्यक है। सरकार को समझना चाहिए कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर से पहले देश में 60 प्रतिशत से अधिक लोगों का टीकाकरण कर महामारी की कड़ी को तोडा जा सकता है।




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' की आठवीं किश्त जारी करने हेतु आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास से कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी, कृषि विभाग के सचिव अमृत खलखो और संचालक समेटी एवं राज्य नोडल अधिकारी छत्तीसगढ़ जी.के. निर्माम भी उपस्थित हैं। इसके साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, सभी राज्यों एवँ केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, राज्यों के कृषि मंत्री, कृषि मंत्रालय से सम्बद्ध सचिवगण भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

# बच्चों को अभी न लगाए टीका : डब्ल्यूएचओ

एजेंसी ➤ संयुक्त राष्ट्र
www.dailypioneer.com

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना महामारी का दूसरा साल और पहले से भी ज्यादा जानलेवा साबित होने जा रहा है। इसके अलावा अमीर देशों से अपील की गई है कि वे अभी बच्चों को टीका ना लगाएं, बल्कि गरीब देशों को टीका दें। बता दें, कानाडा और अमेरिका ने हाल ही में 12 से 15 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण को मंजूरी दी है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ट्रेडोस अदनोम ने कहा, महामारी का दूसरा साल पहले साल की तुलना में अधिक जानलेवा होने जा रहा है। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अमीर देशों से बच्चों का टीकाकरण टालने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि मैं समझ सकता हूं कि क्यों कुछ देश बच्चों और किशोरों का टीकाकरण करना चाहते हैं, लेकिन अभी मैं उनसे अपील करता हूं कि इस पर दोबारा विचार करें और इसके बदले कोवा एंड प्रोग्राम के लिए वैक्सीन दान करें। डब्ल्यूएचओ के एक विशेषज्ञ ने कहा है कि आने वाले समय में कोरोना वायरस के और नए स्ट्रेन मिलेंगे। हालांकि अब हमें पता है कि क्या करना है। कोविड-19 को लेकर डब्ल्यूएचओ की टेक्निकल लीड मारिया वान केरकोव ने कहा,



'मैं (नए वेरिएंट के) डर को कुछ उत्पादकता और मजबूती की ओर मोड़ना' चाहूंगा।

### 18 साल उम्र के बच्चों को बड़ा खतरा

देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर अभी थमने का नाम भी नहीं ले रही है कि उससे पहले ही तीसरी लहर को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है. ऐसा माना जा रहा है कि कोरोना की पहली लहर बुजुर्गों, दूसरी लहर युवाओं जबकि तीसरी लहर बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है. पहली और दूसरी लहर में देश में जिस तरह के हालात देखे गए हैं उसके बाद तीसरी लहर को लेकर अभी से तैयारी तेज करने की जरूरत है।

# कोरोना संकट के मददगारों का गला घोंट रही है सरकार : कांग्रेस

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर पुलिस का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कोरोना संकट में लोगों की मदद करने वाले युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी को बेवजह तंग कर उनसे पूछताछ की जा रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने संवाददाता सम्मेलन में मोदी और शाह पर जमकर निशाना साधा और कहा कि उनके राज में पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग हो रहा है और लोगों की मदद करने वालों को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी-शाह के शासन में रेड राज यानी पुलिस छापेमारी का बोलबाला चल रहा है और कोरोना जैसे भीषण संकट में मदद का हाथ बढ़ाने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। देश में करोना के कारण त्राहि त्राहि मची है और ऐसे में श्रीनिवास के घर पर छापामारी करना अनुचित और शर्मनाक है। प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार जानबूझ कर श्रीनिवास को निशाना बना रही है और जन सेवा करने के लिए उनके घर पर छापामारी की जा रही है। उनका कहना था कि कांग्रेस के लोग जब कोरोना पीड़ितों को ऑक्सीजन या दवाई पहुंचाते हैं, एंबुलेंस लेकर मरीजों को अस्पताल पहुंचाते हैं, शमशान घाट में मृतकों के अंतिम संस्कार में मदद करती है तो दिल्ली पुलिस के लोग चुन-चुन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तंग करती है। उन्होंने इसे मोदी सरकार की बौखलाहट बताया और कहा कि मोदी-शाह को समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस नेता और उसके कार्यकर्ता इस तरह की हरकत से न डरेंगे और ना ही उनका जज़्बा टूटने वाला है।



# पत्रकारों और उनके परिजनों का कोरोना संबंधी इलाज सरकार कराएगी : शिवराज

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य में कोरोना से पीड़ित पत्रकारों और उनके परिजनों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था राज्य सरकार करेगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार चौहान ने यहां एक संदेश के जरिए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल मीडिया से जुड़े सभी अधिमान्य और गैर अधिमान्य साथियों और उनके परिजनों का कोरोना संबंधी इलाज राज्य सरकार कराएगी। इससे संबंधित योजना में प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल के संपादकीय विभाग में कार्य कर रहे सभी पत्रकार, डेस्क पर कार्यरत सभी साथी, कैमरामेन और फोटोग्राफर को शामिल किया गया है। चौहान ने कहा कि मीडिया के साथी कोरोना काल में जनजागृति का धर्म निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिमान्य और गैरअधिमान्य पत्रकार साथियों को पहले से ही पत्रकार बीमा योजना के तहत उपचार की व्यवस्था की गयी है। अब कोरोना के इलाज की व्यवस्था सरकारी अस्पताल और अनुबंधित निजी अस्पताल में भी रहेगी।



### किल कोरोना अभियान को और बेहतर ढंग से चलाया जाए

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण समाप्त करने के लिए चलाए जा रहे किल कोरोना अभियान के अंतर्गत घर-घर किए जा रह सर्वेक्षण में इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए कि सर्दी, जुखाम, खांसी, बुखार का कोई मरीज छूट नहीं पाए। चौहान ने कल देर शाम कोरोना नियंत्रण संबंधी बैठक को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हर मरीज को खोज निकालना है और उसका निःशुल्क मेडिकल किट देकर तुरंत इलाज प्रारंभ करना है। अधिक से अधिक कोरोना टेस्ट कराएं तथा एक-एक मरीज का इलाज करें। सर्वोत्तम इलाज के द्वारा मृत्यु दर को न्यूनतम किया जाए। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के कोरोना नियंत्रण के मॉडल की प्रति मंगाई है। मध्यप्रदेश का मॉडल अन्य राज्यों को भिजवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण के लिए मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित पूरी टीम को बधाई दी है तथा जनता का आभार माना है। चौहान ने कहा कि वे शुक्रवार की शाम सात बजे सभी मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कोरोना कार्य में लगे हुए पूरे अमले तथा प्रदेश की जनता को सीधे संबोधित करेंगे। बैठक के दौरान बताया गया कि गुरुवार को प्रदेश में 8,419 नए प्रकरण आए हैं।

# बिलासपुर में 24 मई तक बढ़ा लॉकडाउन

- **शाम 4 बजे तक किराना दुकानें खुलेंगी,**
- **दोपहर 2 बजे तक मिलेगी सब्जी, संडे को सब कुछ रहेगा बंद**

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर में 24 मई तक लॉकडाउन बढ़ा दिया गया है। शहर में इससे पहले 15 मई तक लॉकडाउन लागू किया गया था। लोगों के बीच इस फैसले का इंतजार था कि क्या उन्हें लॉकडाउन से राहत मिलेगी। कलेक्टर सारांश मित्तर ने शुक्रवार को जारी आदेश में ये साफ कर दिया कि अब बिलासपुर में लॉकडाउन की पाबंदी का साया 24 मई तक बना रहेगा। इस दौरान कुछ छूट भी जारी की गई हैं। लोगों को जरुरत का किराना सामान शाम 4 बजे तक मिलेगा। सिर्फ छोटी किरानों दुकानों को इस दौरान खुला रखने की अनुमति है। ठेले या छोटे पिकअप वाहनों में दोपहर 2 बजे तक सब्जी बेची जा सकेगी। किसी भी मॉल, बाजार, साप्ताहिक मंडियों को खोलने की अनुमति नहीं है।

बिलासपुर के सभी अस्पताल, मेडिकल दुकानें, क्लीनिक, पशु चिकित्सालय, गैस एजेंसी या पेट्रोल पंपों अपने तय वक्त में खुलेंगे। सरकारी राशन की दुकानें भी खुलेंगी, लोगों को टोकन सिस्टम के हिसाब से राशन यहां दिया जाएगा। आवश्यक वस्तुओं के गोडाउन- मंडियों में लोडिंग अनलोडिंग काम सुबह 4.00 बजे से सुबह 10.00 बजे तक होगा।





## कोरोना मुक्त होने वालों की बढ़ी तादात, देश में अब तक 17 करोड़ लोगों का हो चुका है टीकाकरण

# कोरोना को मात देने वालों की संख्या दो करोड़ से पार

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में कोरोना संक्रमण के घटते-बढ़ते क्रम में पिछले 24 घंटो के दौरान 3.44 लाख मरीज स्वस्थ हुए हैं और अब तक इस बीमारी को मात देने वालों की संख्या दो करोड़ से अधिक हो गयी है हालांकि तीसरे दिन भी चार हजार लोग जिंदगी की जंग हार गये। इस बीच गुरुवार को 20 लाख 27 हजार 162 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 17 करोड़ 92 लाख , 98 हजार 584 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार की सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में तीन लाख 44 हजार 776 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक दो करोड़ 79 हजार 599 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। इस दौरान 3,43,144 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 40 लाख 46 हजार 809 हो गया। सक्रिय मामले 5632 कम होकर 37 लाख 04 हजार 893 हो गये हैं। इसी दौरान 4000 मरीज अपनी जान गंवा बैठे और इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,62,317 हो गयी है। इससे पहले 12 मई को 4205 और 13 मई को 4120 मरीजों की मौत हुई थी। देश में रिकवरी दर बढ़कर 83.50 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर घटकर 15.41 प्रतिशत हो गयी है, वहीं मृत्युदर अभी 1.09 फीसदी है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 12,803 कम होकर 5,35,704 हो गयी है। इस दौरान राज्य में 54,535 और मरीजों के ठीक होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 46,54,731 हो गयी है जबकि 850 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 78,857 हो गया है। केरल में इस दौरान सक्रिय मामले 6125 बढ़कर 4,39,268 हो गये तथा 33,733 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 16,05,471 हो गयी है जबकि 97 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 6150 हो गयी है। कर्नाटक में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 896 बढ़े हैं जिससे इनकी संख्या 5,93,098 हो गयी है।



### दुनिया में कोरोना से मरने वालों की संख्या 33.35 लाख से अधिक

विश्वभर में कोरोना वायरस संक्रमण के लगातार बढ़ते प्रकोप के बीच इससे मरने वाले लोगों की संख्या 33.35 लाख से अधिक हो गई और संक्रमितों की संख्या 16.12 करोड़ से पार हो गई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 16 करोड़ 12 लाख छह हजार 768 हो गयी है, जबकि 33 लाख 45 हजार 317 लोगों की मौत हो चुकी है। विश्व महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ी है तथा यहां संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ 28 लाख 52 हजार से अधिक हो गयी है जबकि करीब 5.84 लाख से ज्यादा मरीजों की इस महामारी से मौत हो चुकी है। दुनिया में कोरोना संक्रमितों के मामले में भारत दूसरे स्थान पर और मृतकों के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 3,43,144 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 40 लाख 46 हजार 809 हो गया। इस दौरान तीन लाख 44 हजार 776 लोग इस महामारी से ठीक हुए जिसके बाद कोविड-19 को मात देने वालों की संख्या बढ़कर दो करोड़ 79 हजार 599 हो गयी है।

# ऑक्सीजन की कमी को लेकर केजरीवाल पर तय हो 'क्रिमिनल लायबिलिटी' : भाजपा

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आज आरोप लगाया कि उनकी सरकार के निक्कमेपन के कारण राजधानी में ऑक्सीजन की कमी पैदा हुई और दो अस्पतालों में 33 जानें चलीं गयीं जिसके लिए दिल्ली सरकार की 'आपराधिक जवाबदेही' तय की जानी चाहिए। भाजपा के प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने यहां वर्चुअल माध्यम से एक संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल का काम करने का तरीका अनूठा है, यह देश जान चुका है। पहले तो हाहाकार मचाओ, जनता में भय पैदा करो, प्रधानमंत्री पर, केंद्र पर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों पर आरोप लगाओ और मदद मिले तो हाथ खड़े कर दो कि हमें तो नहीं चाहिए। डॉ. पात्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार अपनी स्टोरेज क्षमता बढ़ाने और सप्लाई चेन दुरुस्त करने में नाकाम रही। केजरीवाल सरकार अपनी नाकामियों और विफलताओं का ठीकरा केंद्र पर फोड़ती रही जबकि जमीनी स्तर पर मेडिकल ढांचे को दुरुस्त करने की दिशा में उसने कोई कदम नहीं उठाये। उन्होंने पेट्रोलियम एंड एक्स्प्लोसिव सेफ्टी आर्गेनाईजेशन (पीईएसओ) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें दिल्ली में हुए ऑक्सीजन संकट की वजहों की पड़ताल की गयी है और इसके लिए दिल्ली सरकार की गलतियों को चिह्नित किया गया है। रिपोर्ट में ऑक्सीजन के सप्लायर के दावों का भी उल्लेख किया गया है कि दिल्ली सरकार ने सप्लायरों से अतिरिक्त ऑक्सीजन नहीं भेजने को कहा था। इस रिपोर्ट में दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में सुबह और शाम के हिसाब से ऑक्सीजन स्टोरेज की क्षमता को बताया गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पीईएसओ की रिपोर्ट में दिल्ली के 64 अस्पतालों के पांच दिनों के पूरे सर्किल की समीक्षा की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार केंद्र की ओर से दिल्ली को अतिरिक्त मात्रा में ऑक्सीजन दी जा रही थी लेकिन दिल्ली सरकार तरल ऑक्सीजन को लगातार लौटा रही थी क्योंकि उनके पास स्टोरेज की सुविधा नहीं थी। उन्होंने कहा कि आज से एक हफ्ते पहले दिल्ली में ऑक्सीजन की अतिरिक्त सप्लाई हो रही थी।



# मनरेगा श्रमिकों को एकरूपता से मजदूरी भुगतान के लिए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय को लिखा पत्र

## भारत सरकार ने 1 अप्रैल से बदली है मजदूरी भुगतान व्यवस्था, वर्गवार तीन अलग-अलग खातों से मजदूरी भुगतान

- अजा और अजजा के नए खातों की बैंक द्वारा पीएफएमएस मैपिंग, भारतीय स्टेट बैंक ने कहा 14 मई तक पूर्ण होगा पीएफएमएस मैपिंग का काम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर सभी वर्गों के श्रमिकों का मजदूरी भुगतान एकरूपता से किए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम) के संयुक्त सचिव को लिखे पत्र में विभाग ने जानकारी दी है कि मनरेगा के तहत एक ही ग्राम पंचायत में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य वर्ग के श्रमिकों को मजदूरी भुगतान के लिए एफ.टी.ओ. जारी किया गया था। इनमें से केवल अन्य वर्ग को ही भुगतान हो रहा है। अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के श्रमिकों का भुगतान नहीं हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 तक मनरेगा में कार्यरत सभी वर्ग के श्रमिकों का मजदूरी भुगतान एक नोडल खाते से एन.ई.एफ.एम.एस. के माध्यम से हो रहा था।

राज्य शासन ने केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजे पत्र में बताया है कि भारत सरकार द्वारा मजदूरी भुगतान के लिए नए नियम लागू करने के कारण यह समस्या हो रही है। भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2021 से मजदूरी भुगतान के लिए राशि वर्गवार (सामान्य, अजा एवं अजजा) जारी किए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके परिपालन में राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए राशि प्राप्ति हेतु दो पृथक-पृथक खाते विगत मार्च माह में खोले गए हैं। सामान्य वर्ग के श्रमिकों के भुगतान के लिए भारत सरकार से 26 अप्रैल 2021 को 241 करोड़ 80 लाख रूपए प्राप्त हुए हैं। इस राशि से सामान्य वर्ग के श्रमिकों की मजदूरी राशि उनके खातों में अंतरित हो रही है। अनुसूचित जाति के श्रमिकों के लिए 5 मई 2021 को पांच करोड़ 26 लाख रूपए और अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों के लिए 11 मई 2021 को 122 करोड़ नौ लाख रूपए प्राप्त हुए हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति वर्ग के अंतर्गत प्राप्त राशि से भुगतान नही हो पाने के संबंध में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अवर सचिव से चर्चा हुई है। उनके द्वारा बताया गया कि मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया में वर्गवार भुगतान संबधी परिवर्तन के कारण ग्रामीण विकास मंत्रालय स्तर पर राज्यों हेतु नामित डी.डी.ओ. को एक दिन में ही बहुत अधिक एफ.टी.ओ. पर डिजिटल हस्ताक्षर करने प? रहे हैं तथा वर्तमान में लॉक-डाउन के कारण उन्हें यह कार्य सीमित संसाधनों के साथ घर से करना पड़ रहा है, इसलिए इसमें अधिक समय लग रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य में मनरेगा के नोडल बैंक भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक (शासकीय बिजनेस) से चर्चा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति मद के नए खुले खातों को पी.एफ.एम.एस. में मैपिंग करने का कार्य चल रहा है। इसलिए इस मद में राशि प्राप्त होने के बाद भी क्रेडिट नहीं हो पा रहा है। बैंक ने बताया है कि मैपिंग का कार्य 14 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

# कोविड से पीड़ित बच्चों के आश्रय और संरक्षण के लिए विशेष हेल्प लाइन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा कोविड 19 के फलस्वरूप पालकों और अभिभावकों से वंचित होने वाले बच्चों तथा ऐसे बच्चों की देखभाल में असमर्थ पालकों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पडेस्क का संचालन किया जा रहा है। हेल्पडेस्क के माध्यम से कोरोना पीड़ित बच्चों के आश्रय, संरक्षण के संबंध में सही जानकारी एवं समुचित परामर्श लिया जा सकता है। साथ ही कोविड परिस्थिति से पालकों एवं बच्चों में उत्पन्न मानसिक तनाव एवं आशंका संबंधी परामर्श भी दिया जाएगा। कोविड 19 के समय में बच्चों की देखभाल और संरक्षण की ओर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता हैं। इस आपदा के कारण कई बच्चों ने अपने माता पिता को खोया हैं। कई माता-पिता कोविड संक्रमण के कारण बच्चों की देखभाल में असमर्थ हो सकते हैं। कोविड 19 के कारण उदभूत परिस्थिति के कारण पालको एवं बच्चों के मन में कई प्रकार की आशंकाएं एवं चिंता भी उत्पन्न हो रही है। ऐसे समय में सही सहारा एवं उचित परामर्श मिलना जरूरी हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विशेष हेल्पलाइन 1800-572-3969 प्रारम्भ की है। इसके अलावा चाइल्ड लाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाईन 181 पर भी संपर्क किया जा सकता हैं। व्हाट्सएप्प नंबर 9301450180 एवं ईमेल पर भी संदेश प्रेषित कर इन हेल्पडेस्क के माध्यम से बच्चों के आश्रय, संरक्षण के संबंध में सही जानकारी एवं समुचित परामर्श ले सकते हैं।

# पारेश्वर बाघ ने अब तक बांटी 500 से ज्यादा भाप मशीन

**रायपुर।** राजधानी के पश्चिम विधानसभा के वार्ड–23 निवासी पारेश्वर बाघ इन दिनों चर्चा में है। चर्चे का कारण है उनका जज्बा। बता दें कि पारेश्वर बाघ पेशे से वकील है। वे मध्यम वर्गीय परिवार से है। कोरोना और लॉकडाउन में उन्होंने लोगों को भाप मशीन बांटना शुरू किया। वे अब तक 500 से ज्यादा लोगों को भाप मशीन बांट चुके है। उनके इस प्रयास की सराहना क्षेत्र में हो रही है। लोगों ने बताया कि पारेश्वर बाघ से संपर्क कर कोई भी व्यक्ति चाहे वह मध्यम वर्गीय हो गरीब हो भाप मशीन ले सकता है। पारेश्वर बाघ का कहना है कि मैं अपनी आत्म संतुष्टि के मदद कर रहा हूं। उन्होंने ठाना है की जब तक सामर्थ्य है वे अपनी सेवा चालू रखेंगे और समाज के लोगो की मदद करते रहेंगे। कही न कही ये दूसरे लोगो के लिए एक उदाहरण भी प्रस्तुत करते है कि अगर आपका हौसला बुलंद है तो कोई भी ताकत या परेशानी आपको नहीं रोक सकती। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण काल में कोर्ट बंद है। बावजूद उन्होंने हार नहीं माना और समाज के लोगों के लिए मिसाल पेश की है कि मदद करने के लिए नेक दिल और नियत होनी चाहिए।

# मेडिकल कारोबारी से 6 लाख 80 हजार की ठगी हुई, मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के एक मेडिकल कारोबारी को सूरत के कारोबारी द्वारा रेमडेसीविर इंजेक्शन और डेड बाडी बेड की सप्लाई करने का झांसा देकर 6.80 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। ठगी के शिकार पंकज जैन ने माना कैंप पुलिस थाने में गुरुवार को इसकी शिकायत की है। फिलहाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

जांच के बाद कार्रवाई करने की जानकारी थाना प्रभारी ने दी है। जानकारी के मुताबिक डूमरतराई स्थित औषधि वाटिका मेडिकल काम्पलेक्स में शाप नंबर 167 में पंकज जैन की डायमंड एजेंसी के नाम से फर्म है। यह फर्म मेडिकल उपकरणों, दवाइयों की खरीद-बिक्री का काम करती है। पंकज जैन ने बताया कि इंडिया मार्ट के माध्यम से सूरत की आदिनाथ डिस्पोजल नामक फर्म ने संपर्क कर मेडिकल सामान की उपलब्धता बताकर आर्डर करने को कहा।

पंकज ने फर्म पर भरोसा कर 16 अप्रैल को डेड बाडी बेड और रेमडेसीविर इंजेक्शन की सप्लाई करने का आर्डर देते हुए फर्म द्वारा बताए गए बैंक खाते में दो बार में कुल 6.80 लाख चार सौ रुपये का भुगतान कर दिया। पैसे मिलने के बाद आदिनाथ फर्म के संचालक कौशल बोरा ने जल्द से जल्द सामान की आपूर्ति करने का आश्वासन दिया, लेकिन अभी तक सामान की डिलीवरी नहीं की। फोन करने पर रीसिव भी नहीं किया। बाद में फोन भी स्वीच आफ हो गया। फोन बंद होते ही ठगी की आशंका पर पंकज जैन ने थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि जांच चल रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# एक वर्षीय इमरजेंसी केयर टेक्नीशियन प्रशिक्षण आदेश जारी

- 31 तक कर सकते हैं आवेदन, मेडिकल कॉलेजों में होगी पढ़ाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



एक वर्षीय इमरजेंसी केयर टेक्नीशियन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए आदेश जारी हो गया है। कोर्स में प्रवेश प्रावीण्य सूची के आधार पर दिया जाएगा. आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि 20 मई और आवेदन पत्र की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। वहीं प्रावीण्य सूची जारी करने की तिथि पांच जून निर्धारित की गई।प्रावीण्यता के अनुसार, 7 जून को सीटों का आबंटन होगा. प्रवेश प्रक्रिया 10 से 13 जून के बीच होगी. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की तिथि 15 जून 2021 निर्धारित की गई है. यह आदेश संचालनालय चिकित्सा शिक्षा ने जारी किया है। जारी आदेश में चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार एक वर्षीय इमरजेंसी केयर टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाना है, जिसकी कार्यवाही में अधिष्ठाता ही स्तर पर आवेदन आमंत्रित किया जाएगा. आवेदन के बाद प्रावीण्य सूची बनाना तथा प्रावीण्य और प्रावीण्यता अनुसार आरक्षण अनुरूप प्रवेश दिया जाएगा। जिसके लिए आवेदन पत्र का प्रारूप प्रवेश संबंधी निर्देश जारी किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी चिकित्सा महाविद्यालयों की वेबसाइट पर आवेदन का प्रारूप एवं प्रवेश संबंधी निर्देश उपलब्ध है. उसी आधार पर ईमेल पते पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### इन मेडिकल कॉलेजों में होगी पढ़ाई

इन चिकित्सा महाविद्यालय को मान्यता मिली है, जो इस प्रकार है- चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, रायगढ़, राजनांदगांव एवं अंबिकापुर में एक वर्षीय इमरजेंसी केयर टेक्नीशियन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा।

# रमन सिंह ने भगवान परशुराम की जयंती एवं ईद की दीं बधाई

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने आज ट्वीट कर भगवान परशुराम के अवतरण दिवस और ईंद की देश व प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डा. सिंह ने कहा कि परम शिव भक्त महर्षित जमदग्नि के पुत्र भगवान परशुराम शस्त्र व शास्त्र में पारंगत थे। उनका धर्मपालक एवं न्यायप्रिय जीवन सम्पूर्ण सृष्टि को अन्याय के विरूद्ध संघर्ष करने की शिक्षा देता है। उन्होंने ईंद की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आप सभी के जीवन में प्रसन्नता, समृद्धि एवं नई उमंग लेकर आये ऐसी कामना करता हूं।

# अवैध शराब के साथ 2 गिरफ्तार, 14 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायपुर।** अवैध शराब ले जाते 02 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की गई है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम बुडेनी में गुरुवार की रात अवैध शराब ले जाने की सुचना पर घेराबंदी कर एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 02 जरिकेन में 10 लीटर महुआ देशी शराब जब्त की है। पकड़े गए आरोपी का नाम पता पुछने पर अपना नाम दीपक पारधी 20 वर्ष पिता चिताराम पारधी निवासी ग्राम बुडेनी खरोरा बताया है।

# कोरोना के नियंत्रण में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की महत्वपूर्ण भूमिका

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण का प्रसार रोकने में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में व्यापक स्तर पर संचालित किए जा रहे कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। प्रदेश भर में संचालित कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में 12 हजार 435 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी जिलों में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग टीम बनाकर पॉजिटिव पाए गए लोगों के नजदीकी संपर्क में आए व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। लक्षण दिखने पर कोरोना जांच भी कराई जा रही है। संपर्क में आए व्यक्तियों को संक्रमण से बचाव के लिए एसओपी के मुताबिक दवा किट दी जा रही है। संक्रमण की कड़ी को तोड़ने के लिए उन्हें आइसोलेट भी किया जा रहा है। कोरोना जांच के बाद संक्रमित पाए जाने पर होम आइसोलशन या कोविड अस्पताल या कोविड केयर सेंटर में उनके पूर्ण उपचार की व्यवस्था भी की जा रही है। लगातार बढ़ते संक्रमण दर को थामने और संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग से बहुत मदद मिल रही है। इसके लिए उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवाएं ली जा रही हैं। प्रत्येक जिले में इसके लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सी.आर. प्रसन्ना राज्य स्तर पर इस अभियान का समन्वय कर रहे हैं।

कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग कर रहे नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन ने बताया कि प्रदेश में कोरोना महामारी की शुरूआत के साथ ही संक्रमितों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग भी शुरू कर दी गई थी। कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए बचाव के उपायों और इलाज के साथ ही संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का चिन्हांकन तथा उनमें लक्षण दिखने पर या उच्च जोखिम वाले लोगों की तत्काल जांच जरूरी है ताकि संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके।

उन्होंने बताया कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग टीम द्वारा कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति के 48 से 72 घंटे के भीतर संपर्क में आए लोगों का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। कोरोना संक्रमण की दर को नियंत्रित करने और संक्रमण की कड़ी तोड़ने मरीज के संपर्क में आए व्यक्तियों का चिन्हांकन कर, प्राथमिकता तय कर सैंपलिंग और आइसोलेशन किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि चार-पांच कोरोना संक्रमितों के संपर्क में करीब 30 लोग आते हैं। इनमें कुछ लोगों में संक्रमण का खतरा ज्यादा और कुछ में कम होता है। संक्रमित के संपर्क में आए ऐसे लोग जिनमें किसी तरह के लक्षण दिख रहे हैं या ज्यादा जोखिम वाले वर्ग जैसे 60 वर्ष से अधिक के व्यक्ति, गुर्दा रोग, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग इत्यादि से ग्रसित एवं गर्भवती महिलाओं का सैंपल लेकर आइसोलेट करने की कार्यवाही की जाती है।

# तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

तेज रफ्तार हाईवा की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने हाईवा चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 06 मई को 7.50 बजे दिलबाग ढाबा के सामने सांकरा धरसींवा के पास तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार देवाशीष सिंह 27 वर्ष पिता परिमल निवासी रावांभाठा रायपुर को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने अज्ञात हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## आईटीआर फाइल नहीं किया तो चुकाना पड़ सकता है भारी-भरकम टीडीएस

# अधिक से अधिक लोगों को लाया जा रहा है आयकर रिटर्न के दायरे में : कर विशेषज्ञ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




कर विशेषज्ञों का कहना है कि इस नियम के जरिए अधिक से अधिक लोगों को आयकर रिटर्न के दायरे में लाया जा रहा है। इसके साथ ही इस वित्तीय वर्ष से बुजुर्ग नागरिकों 75 साल से अधिक उम्र को थोड़ी राहत भी दी जा रही है। इन नियमों के बारे में जानकारी रखना जरूरी है।वित्तीय वर्ष 2021-22 में आयकर में कई नियमों में बदलाव हुआ है। इन नियमों के बारे में जानना आपके लिए जरूरी है। आप यह जान लीजिए कि आयकर रिटर्न भरने में आपके द्वारा की गई लापरवाही के चलते आपको भारी-भरकम टीडीएस भरना पड़ सकता है। इस वित्तीय वर्ष में यह नियम लागू भी हो गया है। इसके लागू होने के बाद यह तय हो गया है कि आईटीआर फाइल करने से बचना आपको काफी महंगा पड़ेगा।

**टीसीएस में ऊंची दरें :** कर विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रस्ताव बजट में पारित हो चुका है। इसका मुख्य उद्देश्य ज्यादातर लोगों को आयकर रिटर्न ब्रैकेट में लाने के लिए किया गया है। बताया जा रहा है कि बजट में स्त्रोत (टीडीएस) पर कर की कटौती या स्त्रोत पर जमा टैक्स (टीसीएस) की ऊंची दरों का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव में उन लोगों को भी शामिल किया गया है जो पैन कार्ड रखते है, लेकिन रिटर्न दाखिल नहीं करते।

**पैन डिटेल न देने पर कटता है 20 फीसद टीडीएस :** वर्तमान में ज्यादा टीडीएस या ज्यादा टीसीएस काटने का प्रावधान तब है जब किसी न अपना पैन डिटेल नही दिया है। उस स्थिति में आयकर नियमों के अनुसार ज्यादा टीडीएस या ज्यादा टीसीएस लागू होता है।

# सराफा कारोबारियों की मांग, स्थगित किया जाए हालमार्क की अनिवार्यता

- केंद्रीय मंत्री पियुष गोयल को पत्र लिखा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सराफा कारोबारियों का कहना है कि अगले माह जून से आभूषणों में लागू होने वाली हालमार्क की अनिवार्यता अभी स्थगित किया जाए। कोरोना संक्रमण के कारण हुए लॉकडाउन ने पूरी तरह से व्यापार को सुस्त कर दिया है। हालमार्क की अनिवार्यता के लिए अभी बिल्कुल भी तैयारी नहीं है। इसके लिए लिए रायपुर सराफा एसोसिएशन ने केंद्रीय उपभोक्ता मंत्री पियुष गोयल को पत्र भी लिखा है।

रायपुर सराफा एसोसिएअशन के अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि पत्र में कहा गया है कि जब तक कोरोना कल की स्थित सामान्य नहीं हो जाती, इसे स्थगित कर देना चाहिए। अभी तक तो हालमार्किंग सेंटर भी पर्याप्त मात्रा में नहीं है तो कैसे इसे लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सराफा कारोबारी भी चाहते है कि आभूषणों में हालमार्क अनिवार्य हो, लेकिन अभी समय सही नहीं है।

### ई-कॉमर्स की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा गैर जरूरी वस्तुओं की बिक्री करने पर रोक लगाने की मांग की है। इसके लिए कैटे ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पियुष गोयल को पत्र भी लिखा है। कैट का कहना है कि लाकडाउन के दौरान जब बाकी दूसरे व्यापार बंद है। इन ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा किए जाने वाले व्यापार सही नहीं है। कैट का कहना है कि इन कंपनियों की बिक्री पर पहले ही छत्तीसगढ़ में प्रतिबंध लगा दिया गया है, इसकी भी मांग कैट ने की थी। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि लाकडाउन के दौरन अभी सभी व्यापारियों ने अपना व्यापार बंद कर रखा है। ऐसे समय में व्यापारियों के हितों की ओर ध्यान दिया जाना जरूरी है। इसलिए इन विदेशी ई कामर्स कंपनियों द्वारा की जा रही गैर जरूरी वस्तुओं की होम डिलीवरी पर तत्काल निर्णय लेते हुए प्रतिबंध लगाना चाहिए।

# कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं से स्वस्थ होकर लौटे मरीज दिखे खुश

## कोरोना की जंग जीतने के बाद साझा किए अनुभव

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com




कोरोना महामारी से बचने का सभी प्रयास कर रहे है, लेकिन व्यक्ति भूले से भी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के कारण खुद कोरोना की चपेट में आ जाता है, तो उसके मन में कई तरह के विचार आते हैं। कोरोना को लेकर आने वाली कई खबरें संक्रमितों के मन में और भय पैदा करती हैं। परिजनों के मन में भी चिंता बढ़ जाती है। मरीज कोरोना पॉजिटिव होने के बाद स्वस्थ और सक्षम हो तो होम आईसोलेशन में रहने की अनुमति मांगता है। वहीं कई मरीज अपने स्वास्थ्य को देखते हुए कोविड केयर सेंटर में रहना पसंद कर रहे हैं। कोविड केयर सेंटर में रहकर अपना उपचार कराकर स्वस्थ होने वाले मरीज वहां की व्यवस्था से भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। यहां दवाइयों की उपलब्धता, आवश्यक स्वास्थ्य उपकरण सहित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी की सेवाओं के साथ-साथ अन्य आपातकालीन व्यवस्था के कारण मरीज काफी सहज अनुभव कर रहे हैं। सेंटर में स्वास्थ्य लाभ मिलने से सभी खुश है और स्वस्थ होकर वापस घर जा रहे है। इस प्रकार का वक्तव्य कोविड केयर सेंटर बकावंड से स्वास्थ्य लाभ लेकर जा रहे लोगों का वीडियो वायरल हुआ है।

जिला प्रशासन द्वारा कोविड-19 प्रबंधन ट्रीटमेंट सेंटर के तहत 200 बिस्तर वाला समर्पित कोविड अस्पताल मेडिकल कालेज परिसर डिमरापाल, 250 बिस्तर वाला धरमपुरा कोविड केयर सेंटर,500 बिस्तर वाला बकावंड कोविड केयर सेंटर,400 बिस्तर वाला बेसोली कोविड केयर सेंटर, 50 बिस्तर वाला एमपीएम अस्पताल कोविड केयर सेंटर, 40 बिस्तर वाला रवि रेसीडेंसी कोविड केयर सेंटर और समाज सेवियों के साथ 30 बिस्तर वाला लुंकड भवन में कोविड केयर सेंटर संचालित किया जा रहा है। जिनमें गुरुवार तक की स्थिति में 554 लोग भर्ती होकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे है।

# मैंने दोनों डोज लगवा लिया आप सभी भी जरूर लगवाएं : कौशल

पायनियर संवाददाता अंतागढ़
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए किए जा रहे टीकाकरण पर कांकेर जिले के नगर पंचायत अंतागढ़ निवासी वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक के. एल. कौशल (68) ने भरोसा जताया है। उन्होंने कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिये हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है और इससे कोई भी नुकसान नहीं है उन्होने कहा कि मुझे टीका लगने के बाद मेरे शरीर मे पहले से ज्यादा स्फूर्ति आई है। उन्होंने ने अपने टीकाकरण के अनुभव को बताते हुए कहा कि टीका लगवाना हम सबके स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। इससे किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं है। आप सब टीका जरूर लगवाएं और खुद तथा अपने परिवार को कोरोना होने से बचाएं।

उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर सभी वर्ग के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज कोरोना संक्रमण के खिलाफ वैक्सीन सबसे बड़ा हथियार है यह न केवल संक्रमण के गंभीर दुष्परिणामों से बचाता है बल्कि आप अगर संक्रमित होते भी हैं तो आपके शरीर में वायरल लोड इतना कम होता है कि आप में गंभीर लक्षण नहीं उभरते तथा किसी प्रकार की कोई और परेशानी नहीं होती अत~ सभी को यह वैक्सीन लगवानी चाहिए इसमें किसी प्रकार का संशय या भ्रम नहीं रखना चाहिए।

# तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अध्यक्ष गुप्तेश्वर बघेल ने वैक्सिन लगाने की अपील की

**केशकाल।** आज पूरा विश्व वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण से जूझ रहा है।पूरे विश्व के गरीब, अमीर की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।शासन प्रशासन की टीम इस महामारी से निजात दिलाने गली,गांव, शहर की कोने कोने में पहुंच कर कोरोना का जांच व सुरक्षा कवच के लिए 18 वर्ष से ऊपर के सभी महिला पुरूषों को निशुल्क वैक्सीन लगाने का अभियान चला रही है। गांव के कुछ लोगों को वैक्सीन व कोरोना जांच कराने के लिए बरगलाया जा रहा है, जिससे गांव के भोले भाले लोग बहकावे में आकर जांच कराने व वैक्सीन लगवाने से कतरा रहे हैं, गांव में जांच टीम को देखकर टीम के वापस होते तक घर से भी भाग जाते हैं। वैक्सीन को वैज्ञानिकों के परीक्षण पश्चात ही हम लोगों के सुरक्षा के लिए लगाया जा रहा है, इसलिए किसी के बहकावे में न आवें तथा नजदीकी टीका केन्द्र में जाकर जीवनरक्षक वैक्सीन लगावें। साथ ही विनम्र अपील सभी युवा मित्रों से, समाज प्रमुखों से,गांव के गायता,पुजारियों से भी निवेदन कि अपने गांव के सभी 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को प्रेरित कर टीकाकरण केन्द्रों तक पहुंचाने में शासन प्रशासन का सहयोग करें।

# लॉकडाउन का पालन करवाने पुलिस प्रशासन की टीम विभिन्न स्थानों में तैनात



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

कोरोना का कहर तेजी से रफ्तार पकड़ रहा है और किरंदुल भी इससे अछूता नहीं है यहाँ भी प्रतिदिन कोरोना के नए मरीज मिल रहे है ऐसे में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए किरंदुल नगर प्रसाशन एवं पुलिस प्रसाशन द्वारा आज रामपुर कैम्प चौक में सुबह से ही तैनात होकर अनावश्यक घूम रहे लोगों को रोककर घर भेज रहे है साथ ही लॉकडाउन का सख्ती से पालन कर कोरोना संक्रमण की कड़ी को तोड़ने में प्रसाशन की सहयोग करने की अपील भी कर रहे है।इस दौरान नगरपालिका सीएमओ एच आर गोन्दे,थाना प्रभारी डी के बरवा,राजस्व निरीक्षक डी एस साहू पालिका अमला एवं पुलिस बल मौजूद थे।

# कोसारटेडा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा विकास

- स्थानीय पर्यटन समिति के माध्यम से संचालित की जाएगी बोटिंग और फिशिंग की सुविधाएं

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कोसारटेडा जलाशय में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अधोसंरचनाओं का विकास किया जाएगा। गुरुवार को कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर सहायक कलेक्टर सुरुचि सिंह और एसडीएम बस्तर गोकुल रावटे द्वारा इसके लिए कोसरटेडा जलाशय के समीप मौके का मुआयना किया गया और आवश्यक निर्देश दिए गए। कोसारटेडा जलाशय क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए यहाँ अधोसंरचनाओं के विकास को गति देने पर चर्चा की गई, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें।

इसके लिए विश्राम भवन को पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार के लिए आरईएस के अधिकारी को निर्देशित किया गया। भवन में उपयोग हेतु जल की उपलब्धता के लिए टैंक बनाने भी कहा गया। स्थानीय पर्यटन समिति के माध्यम से जलाशय में नौका विहार प्रारंभ करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जलाशय में बैठने का क्षेत्र, मछली पकड़ने का स्थान, प्रवेश बिंदु, स्नान क्षेत्र आदि को चिह्नितकर सुरक्षा घेरा बनाने के सम्बंध में कार्ययोजना बनाई गई ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना न हो। इसके लिए स्थानीय लोगों के माध्यम से सर्वेक्षण कर सरपंच द्वारा नौका विहार क्षेत्र की पहचान की जाएगी।

जलाशय के किनारे फूलों की खेती से पूरे क्षेत्र को सुशोभित करने की योजना भी बनाई गई। पंचायत द्वारा पार्किंग क्षेत्र की पहचान करने और शौचालय का निर्माण किया जाएगा। शिव मंदिर एवं अन्य विकास कार्यों की चर्चा किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग, जलसंसाधन विभाग,जिला पंचायत, आरईएस और पर्यटन विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# पत्रकार कल्याण संघ ने रूपेंद्र से भेंट कर स्वास्थ्य की जानकारी ली



**केसकाल।** पत्रकार कल्याण संघ इकाई केसकाल की महासचिव एवं टीवी 24 एक्सप्रेस न्यूज़ के जिला ब्यूरो चीफ रूपेंद्र कोर्राम पिता जागेश्वर कोर्राम ग्राम जामगांव, थाना+ तहसील केशकाल जिला कोडागांव छत्तीसगढ़ का गत सप्ताह में स्कूटी वाहन से फिसल कर गिरने के चलते घायल हुआ था जो पिछले एक सप्ताह से इनके निवास घर जामगांव में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं घायल साथी रुपेंद्र कोर्राम को भेट करने पत्रकार कल्याण संघ इकाई के केशकाल के वरिष्ठ सदस्य के. शशिधरन एवं संघ के शेख मकबूल कसाब दिनांक 12 मई 2021 को रुपेंद्र कोर्राम का निवास घर ग्राम जामगांव में जाकर भेट कर इनका स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां ली भेटवार्ता में रुपेंद्र कोर्राम ने अपने हाल-चाल बताते हुए जल्द से जल्द ठीक होने की जानकारी दी पत्रकार कल्याण संघ प्रतिनिधि मंडल ने भी अपने साथी रुपेंद्र कोर्राम को जल्दी ठीक होने की कामना की।

# दो बार की हार से बौखलाये भाजपाई ओछी राजनीति कर सुर्खियों में बने रहना चाहते है : रितेश पटेल

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता रितेश पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा समाचारपत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि कोण्डागांव भाजपा मेरे फेसबुक वॉल पर की गई पोस्ट को लेकर मेरे खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, और मेरे फेसबुक पोस्ट के माध्यम से महिलाओं का अपमान होना बताया है, जो बिल्कुल गलत व तथ्यहीन है मेरे पोस्ट से किसी का अपमान नहीं हुआ है। यह बिल्कुल साफ हो चुका है कि कोण्डागांव विधान सभा से लगातार दो बार हार के बाद भाजपाई बुरी तरह बौखलाये हुए है। और अब तो इनके पास कोई मुद्दा नही बचा है उलजुलूल हरकतों के माध्यम से अपने आपको सुर्खियों में रखने का निरर्थक प्रयास कर रहे हैं। भाजपाइयों को बता दूं इस पोस्ट में सिर्फ लिखा गया है, किसी व्यक्ति विशेष का नाम नही लिखा गया है ना ही अपशब्दों का प्रयोग किया गया है, फेसबुक पोस्ट मेरे पर्सनल आईडी से की गई है, और मुझे नही लगता कि सुश्री या श्रीमती लिखने से किसी को ठेस पहुंचनी चाहिए, इस साधारण से पोस्ट से इतना दुख हो रहा है तो यह बहुत से सवालों को जन्म देता है? भाजपाइयों को बता दे हम सभी भारत देश के वासी हैं, और सभी अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र है। हमने अपनी बात अपने पोस्ट के माध्यम से रखी भाजपा के द्वारा अगर इसे अपमान माना जा रहा है या उन्हें किसी प्रकार का दुख हो रहा है, तो ये उनका व्यक्तिगत मामला है, अगर मेरे पोस्ट में किसी भी महिला के लिए अपमान जनक शब्दों का प्रयोग किया गया है, तो वे स्वतंत्र हैं माननीय न्यायालय जाने के लिए।और जो सही या गलत होगा वह निश्चय ही माननीय न्यायालय से निर्णय से हो जाएगा। आज यह पहली दफे नहीं है जो भाजपा मेरे खिलाफ शिकायत लेकर थाना पहुंची हो इससे पहले भी सैकड़ों फर्जी प्रकरण बनाया गया है, भाजपा मेरे खिलाफ कार्यवाही कराने से पहले अपने गिरेबान में झांके भाजपा नेता ने पूर्व में कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ जिस प्रकार की अश्लील शब्दों का सार्वजनिक प्रयोग किया था उसमें क्या कहेगी भाजपा? क्या भाजपा को यह सम्मानजनक शब्द लगता है? विपक्ष का कर्तव्य होता है सत्तापक्ष के खिलाफ आवाज बुलंद करना जो जनहित में हो। हम विपक्ष के द्वारा उठाये जनहितैसी मुद्दों का स्वागत करते हैं, पर ऐसी बचकानी हरकतों से भाजपा को बचना चाहिए।

# विधायक अनुप नाग ने पुलिस जवानों को भेंट की नेबुलाइजर मशीन

**अंतागढ़।** विधायक अनुप नाग के द्वारा कोरोना की इस दूसरी लहर में भी पुलिस के जवानों द्वारा दी रही 24 घंटे सेवा भाव और वैज्ञानिकों के अनुसार कोरोना की आने वाली तीसरी खतरनाक लहर को देखते हुए जवानों को उनकी सुरक्षा का ख्याल रखने लिए नेबुलाइजर (भांप लेने की मशीन) भेंट कर उन्हे सम्मानित किया । साथ ही साथ विधायक अनूप नाग ने स्वयं पुलिस के जांबाज जवानों को इस उपकरण के इस्तेमाल करने के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया और उनके द्वारा की जा रही निरंतर ड्यूटी को प्रणाम करते हुए अपनी और अपने परिवार को सुरक्षित रखने का निवेदन किया ।

# नगरपालिका स्वच्छता कर्मचारियों ने की नालियों की सफाई



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में नगरपालिका परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा नगर को स्वच्छ रखने के लिए प्रतिदिन सफाई अभियान चलाकर अलग अलग वार्डों में सफाई कार्य किया जा रहा है।इसी क्रम में नपा स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा वार्ड क्र 04 बंगाली कैम्प में नालियों की सफाई की गई साथ ही पालिका परिषद द्वारा सार्वजनिक स्थानों में गंदगी न करने एवं कचरे कूड़ेदान में फेंकने के लिए कहा जा रहा है।नपा सीएमओ एच आर गोन्दे ने बताया कि किरंदुल में स्वच्छता अभियान 2021 के तहत रोजाना क्रमबद्ध तरीके से सफाई कार्य पूरी की जा रही है।

# रक्तदाता ग्रुप के सक्रिय सदस्य गोकुल ने किया 28वां रक्तदान किया

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोरोना महामारी को लेकर देशभर में डर का माहौल बना हुआ है। कोरोना संकट में लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। दूसरी लहर आने के बाद कई जगहों पर फिर से लाकडाउन कर दिया गया है। तेजी बढ़ रहे कोरोना सं मण के चलते रक्त दान शिविरों का आयोजन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अस्पतालों के ब्लड बैंकों में भी रक्त की कमी होने लगी है। दूसरी ओर स्वेच्छिक रक्त दान में भी काफी कमी हो गई है। कोरोना संकट के चलते ब्लड बैंकों में रक्त की कमी होना शुरू हो गया है। इससे आपातकाल में जरूरतमंद मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस संकट काल मे भी मानवता का परिचय देते हुए, गोकुल वैध अतिसंवेदनशील क्षेत्र बयानार से रात को पहुचे, रक्त दान करने। रक्त दाता ग्रुप के स य सदस्य गोकुल वैध ने अपना 28 वॉ बहुमूल्य रक्त व समय साधना कुजांम नामक एक गर्भवती महिला को रक्त दान कर जीवनदान दिया है। बताया जा रहा है कि साधना कुंजाम को रक्त की सख्त जरूरत थी, जब गोकुल वैध को पता चला कि जिला अस्पताल में गर्भवती महिला ब्लड की अति आवश्यकता है तो वह कोरोना काल मे बिना परवाह किये, अतिसंवेदनशील क्षेत्र बयानार से रक्त दान करने के लिए पहुंच गए। गोकुल बैध हर तीन माह में रक्त दान करते है, वह अभी 27 बार रक्त दान कर चुके है। व लोगों को भी विशेष तौर से रक्त दान करने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहते हैं।

# सन्तोष बाफना ने छोटे व्यापारियों को दुकान संचालित करने का कलेक्टर से किया आग्रह

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस महामारी को रोकने के लिए बस्तर जिले में एक महीने से लॉकडाउन जारी है। इस बीच भाजपा के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर जिले के छोटे-बड़े समस्त व्यापारियों को सीमित समय के लिए दुकानें खोलने की अनुमति देने का आग्रह किया है।

गौरतलब है कि, बस्तर जिलें में फैलते कोरोना संक्रमण को मद्देनजर रखते हुए अप्रैल माह में एक सप्ताह के लॉकडाउन की घोषणा की गई थी, लेकिन किसी को इसका अंदाजा नहीं था कि, यह लॉकडाउन निरंतर बढ़ता ही चला जाएगा। जिला प्रशासन के इस फैसले पर जिले के सभी व्यापारियों ने भी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर पूरी तन्मयता से अपना बहुमुल्य योगदान भी दिया। लेकिन लगातार दुकान बंद रखने से व्यापारियों के समक्ष आर्थिक संकट गहराने लगा है जिस पर चिंता जाहिर करते हुए पूर्व विधायक ने कहा है कि, बढ़ते गए लॉकडाउन की वजह से सभी व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी की समस्याएं पैदा हो रही है। इसलिए अब यह आवश्यकता प्रतीत हो रही है कि, जिला प्रशासन नीति-नियम बनाकर दिनांक 16.मई.2021 को समाप्त हो रहे लॉकडाउन की अवधि के पश्चात् एक सीमित समय के लिए सुबह 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक सभी दुकानों को खोलने की अनुमति दी जानी चाहिए। कुछ घण्टों के लिए बाजार की सभी दुकानें खुलने से जहॉ व्यापारी वर्ग को काफी राहत मिलेगी, वहीं आम जनता को भी इससे लाभ होगा और उन्हें सामान खरीदने में राहत प्रदान की जा सकेगी। और व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट काफी हद तक सुलझ जाएगा।

पूर्व विधायक बाफना ने कलेक्टर से आग्रह करते हुए आगे कहा है कि, सभी दुकानें सीमित समय के लिए और सामाजिक दूरी तथा बिना मास्क के प्रवेश की अनुमति नहीं देने जैसी एहतियात बरतने के साथ व्यापारियों तथा जनता को भी राहत प्रदान करते हुए दुकानें खोलने की अनुमति देने की कृपा करें। इससे सरकार को भी लाभ होगा और लॉकडाउन के सभी नियमों का आसानी से पालन करवाया जा सकेगा।

# भूपेश सरकार अंतिम संस्कार के वसूल रही पैसे : चैतराम अटामी

पायनियर संवाददाता बचेली
www.dailypioneer.com



भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मानवता को तार-तार करने वाली घटना सामने आने से भूपेश सरकार का असली चेहरा सामने आया है। एक ओर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है दूसरी ओर भूपेश सरकार श्मशान घाट पर शव का अंतिम संस्कार करने के लिए पैसे लेने में लगी है।सरकार दाह-संस्कार के लिए लकड़ी-कंडों जैसी सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराने के बड़े बड़े दावे करती है लेकिन इसके एवज में परिवार से अवैध वसूल करने में लगी है। किरंदुल नगर पालिका में कोरोना संक्रमण से मौत के बाद अंतिम संस्कार के नाम पर 5700 रुपए वसूला गया है. किरंदुल निवासी ज्योति सिंह की कोरोना से मौत हो गई थी. परिवार की आर्थिक स्थिति पैसे देने लायक नहीं थी. इसके बाद भी कर्ज लेकर नगर पालिका को परिवार ने पैसों का भुगतान किया। टीकाकरण में पूर्णतः विफल सरकार कोरोना से मरते छत्तीसगढ़ को,दारू की होम डिलेवरी कर मारने में लगी है।अटामी ने प्रदेश सरकार को पूर्णतः असफल करार देते हुए आरोप लगाया कि,सरकार लोगों की जान बचाने की जगह दारू पिला कर मारने में लगी है।छत्तीसगढ़ पहला राज्य बन चुका है जहां शव दाह के भी पैसे लिए जाते हैं।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने टीकाकरण केंद्र का लिया जायज़ा

**जगदलपुर।** टीकाकरण केंद्र और टेस्टिंग सेंटर की सुविधाओं का जायज़ा लेने शु वार को कलेक्टर रजत बंसल और पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने सेण्टरों में पहुँचे। दोनों अधिकारी सबसे पहले ओसवाल भवन में 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के टीकाकरण केंद्र का अवलोकन कर लाभार्थियों से संवाद किए।

# कलेक्टर ने कोरोना प्रभावित 34 गांवों के जनप्रतिनिधियों से जाना हाल

## गावों को गांव वाले ही बचा सकते है, तत्काल ग्राम निगरानी समिति का करें गठन गठित : कलेक्टर

■ सरपंच, सचिव, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन रहें उपस्थित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कोरोना प्रभावित 9 अतिसंवेदनशील एवं 25 सवेंदनशील ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर हालात का जायजा लिया। यह संवाद ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस दौरान प्रत्येक ग्राम में सरपंच, सचिव, पटवारी, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन उपस्थित थे। जैन ने दो टूक कहा कि आप सभी के गावों की हालात अच्छी नही है। लगातार संक्रमण बढ़ रहा है। गावों में संक्रमण ना फैले एवं गावों के लोगों को बचाना है तो गांव वालों को ही आगें आकर प्रशासन को सहयोग करना होगा। नही तो आने वाले समय मे और भी स्थिती भयावह हो सकती है। उन्होंने कहा कि हर गावों की एक अपनी सामाजिक नियम होता है जो समाज की भलाई के लिए होता है। गांव वाले ही आपस मे मिलकर ऐसे नियम बनाये जो संक्रमण के स्तर को कम करनें में मदद करें।उन्होंने कहा आप सभी अपने गावों एवं ग्राम पंचायतों में ग्राम निगरानी समिति का गठन करें जिसमें गांव के वरिष्ठ नागरिक, युवा समिति,महिला स्व सहायता के सदस्य शामिल हो। यह समिति गाँव स्तर में ही सख्ती से लॉकडॉउन के नियमों का पालन करवाएं एवं गावों में अनावश्यक बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को प्रतिबंधित करें।गाँव मे सार्वजनिक तालाबों के उपयोग पेयजल की स्त्रोतों उपयोग पर कड़ी नजर रखतें हुए उन्हें प्रतिबंधित करना होगा एवं इससे संक्रमण ना फैले इस पर विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि इन तालाबों से अधिक संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। सभी ग्राम के सरपंच एवं गाँव के वरिष्ठ नागरिक इस बात का विशेष ध्यान रखतें हुए अपनें गाँव स्तर में ही इससे निपटने योजना बना लें। इसके साथ ही होम आइसोलेशन में रहने वालों मरीजों की भी सतत निगरानी करते रहें।



झोलाछाप डॉक्टरों से बचें, टीकाकरण अवश्य कराये जैन कहा ने बहुत से कोविड मरीजों की मृत्यु इस कारण हुई कि वह समय पे दवाई नहीं लिए। वे लोग प्रायः गावों में झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर मे फंस जाते है। जब केस बिगड़ता है तब यह मरीज बड़े हॉस्पिटल जाते है।जब तक बहुत देर हो जाती है। अतः गांव वाले ऐसे डॉक्टरों से बचें एवं लक्षण दिखने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र एवं मितानिनों से संपर्क करें। साथ ही सभी सरपंच गण अनिवार्य रूप से टीकाकरण करवाने में अपना सहयोग प्रदान करें। मनरेगा पर रखें विशेष ध्यान कलेक्टर ने सचिव सरपंचों को कहा कि मनरेगा के कार्यो के दौरान सख्ती से कोरोना गाइडलाइन का पालन हो।

कार्य के दौरान गोदियों में पर्याप्त अंतर, पीने के पानी एवं खानेनएवं किसी प्रकार का सामूहिक व्यवस्था नही होना चाहिए। यदि इन नियमों का पालन नही होता है तो आप कार्य बंद कर दे। जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की ने सभी सरपंचों एवं सचिवों को आवश्यकता अनरूप 15 वे वित्त की राशि से पल्स ऑक्सीमीटर खरीदने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि गांवों में होम आसोलेश में रहने वाले इस पल्स ऑक्सीमीटर उपयोग कर सके साथ ही किसी मरीज की ऑक्सीजन लेवल कम होता है तो समय रहतें उनको नजदीकी हॉस्पिटल पहुँचाया जा सकें। बैठक के दौरान कसडोल विकास खण्ड ग्राम कटगी के सरपंच अभिषेक देवांगन हॉस्पिटल में कोविड टेस्ट नही होने की शिकायत की गयी इसी तरह ग्राम असनीद के सरपंच रामचंद्र ध्रुव ने झोलाछाप डॉक्टरों के बारे में बताया। इसके साथ ही अर्जुनी,सरसींवा गावों के सरपंच ने अपनें सुझाव दिए।

सहयोग करें तो निश्चित जीतेंगे ये लड़ाई पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला ने कहा की गांव वाले ही अपनें नियम कड़े कर ले तो पुलिस प्रशासन को उस गांव तक जाने की जरूरत ही नही पड़ेगी। यह एक बड़ी लड़ाई है जो आप लोगों के सहयोग से ही जीती जा सकती है। आप सभी लोग अपना पूरा सहयोग पुलिस एवं प्रशासन को दे। लॉकडॉउन के नियमों का सख्ती से पालन करें गांव के साथ पूरी मानवता जाति को बचाने में मदद करें। इस बैठक के दौरान बलोदाबाजार गिन्दोला एवं अर्जुनी भाटापारा मोपका,अकलतरा, सिंगारपुर, देवरी,कडार बिलाईगढ़ के बरभाटा, सोनाडुला, मधुबन, जोगेसरा, टुन्ड्री, सलोनीकला, कोसमकुन्डा पलारी कोनारी, कुकदा, कुसमी, अछोली कसडोल के चरोदा क छरछेद, कटगी, आमगाव, असनीद, खर्वे, मटिया, सोनाखान, बोरसी, अर्जुनी ब, हटोद, पिसीद, बरपाली, बिलारी क, दर्रा क, कोट क के सरपंच, सचिव पटवारी, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं सभी एसडीएम, जनपद सीईओ उपस्थित थे।

# फुलझर ब्लड फाउंडेशन के संचालक व सदस्य कोरोनाकाल में सेवा दे रहे

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

लॉकडाउन में फुलझर ब्लड फाउंडेशन अपने स्लोगन मानवता की पहचान को चरितार्थ करते हुए, अब लोगो को रक्तदान के लिए जागरूक कर रही है ताकि ऑक्सीजन की कमी जिस प्रकार हो रही है वैसे रक्त की कमी ब्लड बैंको में में न हो , विगत कई वर्षो से छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों में रक्तदान के क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, समूह का मुख्य उद्देश्य रक्त की कामी से जूझ रहे असहाय व जरूरतमंद लोगों के लिए तत्काल रक्त की व्यवस्था करानी है, समिति की प्राथमिकता मरीज के अटेंडर को रक्तदान के लिए जागरूक करना होता है, तत्पश्चात नहीं की स्थिति में संचालक गण द्वारा समाजसेवी रक्तदाताओं से संपर्क कर मरीज के लिए रक्तदान कराया जाता है, समिति का प्रारंभ महासमुंद के सरायपाली अंचल से हुई है, जिसमे ज्यादातर संचालक सरायपाली अंचल से है और इस समूह की वजह से आज सरायपाली अंचल में रक्तदान के क्षेत्र में जागरूकता की लहर छाया हुआ है, समिति का उद्देश्य सिर्फ अपने गृह स्थल नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत में रक्तदान के प्रति जागरूकता की लहर लानी है और इसमें जनता जनार्दन के सहयोग की अति आवश्यकता है।

रक्त को बनाया नहीं जा सकता है , न ही उत्पादन किया जा सकता है , एक मानव ही दूसरे मानव का काम आता है अतः



निवेदन है आप सभी से आप भी आगे आए और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं रक्तदान करें और लोगो को रक्तदान के लिए जागरूक करें। फुलझर ब्लड फाउंडेशन के सक्रिय संचालक गण के साथ साथ हमारे समूह के सदस्यों द्वारा भी पिछले हफ्ते रक्तदान किया गया है जो कि इस प्रकार हैं.. सुनील नायक, दुर्गेश नायक, सेतराम साहू तरुण चौहान, रोहित सिदार योगेश पटेल, लोकेश चौधरी, नरेंद्र पारेश्वर और बृजेश साहू, इन सभी रक्तदाताओं को बधाई व शुभकामनाएं दिए। इनके जैसे आप भी रक्तदान कर समाज सेवा का हिस्सा बन सकते है, फुलझर ब्लड फाउंडेशन से जुड़ने के लिए अपना नाम , पता व, ब्लड ग्रुप व्हाट्स एप करें .....7000948356, 9399434293 ।

# नायब तह. राममूर्ति दीवान व सरपंच निषाद घर-घर जाकर लोगों को टीका लगाने प्रेरित किया

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



2021 वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है, इस बात को भलीभांति गांव के लोग समझ रहे हैं, लेकिन अफवाहों के वजह से कुछ लोगों में हो रही गलत फैमी को दूर करने नायब तहसीलदार व गांव के जनप्रतिनिधि जमीनी स्तर पर उतरकर घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर टीका लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ग्राम पंचायत डुमरपाली में 13 मई को किया जा राहा टीका करन के लिए 45 वर्ष के उपर के लोगो को टीका लगाने हेतु प्रेरित करने बागबाहरा नायब तहसीलदार राममूर्ति दीवान व ग्राम पंचायत डुमरपाली सरपंच नंद कुमार निषाद आर आई हरीश बेहरा, पटवारी नीरज वर्मा, के साथ साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहिका कोशल्या तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनंता शर्मा, भुनेश्वरी कोसरिया व मितानिन, कोटवार ने गांव के 45 वर्ष के उपर के लोगो को घर घर जाकर कोविड 19 से बचने के लिए टीका लगाने के लिए प्रेरित किया, लोगो ने अपने अपने बाते, नायब तहसीलदार के पास रखी उन लोगो को तहसीलदार ने समझाया कि टीका से बिल्कुल न डरे, टीका बिल्कुल सुरक्षित है, सरकार लोगो को सुरक्षित करने के लिए ही टीका करन किया जा रहा है, अफवाहों में बिल्कुल न आए।

# टीकाकरण में युवा ले बढ़ चढ़ कर हिस्सा : पंकज चंद्रा

पायनियर संवाददाता ◄ सरसीवां
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंकज चंद्रा ने शासकीय कन्या शाला सरसींवा में चल रहे टीकाकरण का जायजा लिया वही स्वयं भी टीकाकरण कराया । कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रा ने कहा की वैक्सिनेशन में युवाओं में खासा उत्साह देखने मिल रहा है युवा वर्ग टीकाकरण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है । अभी समय बहुत ही विपरीत है,कोरोना के चलते हमने बहुत से अपनों को खो दिया है,बहुत से परिवार बिखर गए है जिसे सोचकर मन व्याकुल हो उठता है । कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है इस लिए मैं सभी से जल्द से जल्द टीकाकरण कराने की अपील करता हूं । वहीं श्री चंद्रा ने आगे संसदीय सचिव छ. ग. शासन एवं विधायक बिलाईगढ़ चन्द्रदेव राय से हुई चर्चा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभी कोरोना संक्रमण बहुत ही तेजी से फैल रहा है हमारे प्रदेश में लॉकडाउन की स्थिति अब तक निर्मित है । स्थिति पहले से कंट्रोल में है थोड़ी और स्थिति में सुधार



होजाने पश्चात जनजागरूकता अभियान चलाकर युद्धस्तर पर टीकाकरण कराया जाएगा । वहीं चंद्रा ने चल रहे टीकाकरण में योगदान दे रहे सभी स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया । टीकारण निगरानी कक्ष में उपस्थित त्रिलोक साहू( ।।ह) ने जानकारी देते हुए बताया कि 10.05.2021 से आज समाचार लिखे जाने तक कुल 441 लोगों ने टीकाकरण कराया है वही आज दिनांक 14.मई2021 को दोपहर तक कुल 81 लोगों ने टीकाकरण कराया है ।

# विभिन्न व्यवसायिक संगठनों ने कलेक्टर से व्यवसाय में आंशिक छूट की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जिले में लगातार घट रहे कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के द्वारा कलेक्टर महासमुंद से सभी व्यवसायों मैं आंशिक रूप से छूट प्रदान करने की मांग की गई है प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यापारी महासंघ सरायपाली के अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल कैलाश अग्रवाल कंप्यूटर एवं स्टूडियो यूनियन सरायपाली अध्यक्ष ने बताया कि जिले में लॉकडाउन के लगभग 1 महीने पूरे होने जा रहे हैं इस बीच पूरे जिले की आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह बंद है और व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है ब्याज किस्त के साथ-साथ दुकान किराया एवं कर्मचारी के वेतन तक को भुगतान करवाने में व्यापारी अपने आप को असमर्थ महसूस कर रहा है जिले में कोरोना संक्रमण रोकथाम के साथ-साथ समानांतर रूप से आर्थिक गतिविधियां भी चलती रहे इस ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

लॉकडाउन मैं आवश्यक सेवा वाले व्यवसाय जैसे फल सब्जी किराना की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए थोक व्यापार को जो छूट दी गई है उनके लिए निर्धारित समय रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक समयावधि मैं कार्य करना अत्यधिक कठिन है तथा इस समय को बदल कर सुबह का कोई अन्य समय निर्धारित किया जाना श्रयेस्कर होगा । लॉकडाउन कि इस अवधि में व्यापारी वर्ग द्वारा शासन से प्राप्त दिशा निर्देश का पूरा पालन किया गया और आगामी दिनों में भी कोरोना रोकथाम हेतु जो भी निर्णय होगा उसका पालन भी पूरी कड़ाई किया जाएगा।

अतः व्यवसायियों की समस्या को देखते हुए कलेक्टर से जिले में व्यापारिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के आवश्यक अनुमति व दिशा निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

# भगवान परशुराम अन्याय अत्याचार और अधर्म के विरोधी

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा
www.dailypioneer.com

परशुराम का जन्म वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को हुआ था ये भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे भृगुकुल महर्षि जमदाग्नि के पुत्र थे और माता रेणुका देवी थी इनका बाल्यकाल सरल शांत और सुन्दर होने के कारण राम नाम पड़ा बाद में इनके परिवार और समाज के उपर घमंडी और दुष्ट राजाओं ने बहुत अत्याचार किये यहां तक की इनके पिता का बध भी कर दिया।

फलस्वरूप वे आवेश में आकर जीवनभर दुष्टों के बध करने का संकल्प लेकर अधर्म का नाश करने हाथ में परशु याने फरसा धारण कर लिए और राम से परशुराम बन गए । समूचे पृथ्वी से अहंकारी और दुष्टक्षत्रियों का संहार करने लगे जिसमें सहस्त्रबाहु मुख्य था और उन्होंने



दुष्टों की संपत्ति छिनकर जरुरतमंदों को दान कर दिया अत्याचार के विरुद्ध इनके मन में हमेशा आवेश भरा रहता था देवता दानव मानव सभी इनके सामने नतमस्तक थे इन्होंने अपने तीरों से गुजरात से लेकर केरल तक समुद्र को पीछे कर नवीन बस्तियों का निर्माण किया केरल में इनके बहुत मंदिर हैं भगवान के अवतार होने के कारण ये एक जाति विशेष के नहीं वरन संपूर्ण जगत के देव है सप्त चिरंजीवी में से एक परशुराम जी आज भी महेंद्र पर्वत पर तपस्या कर रहे हैं और जब कलियुग के चौथे चरण में भगवान कल्कि का अवतार होगा तो परशुराम जी ही उन्हें अस्त्र शश्त्र का ज्ञान देंगे और भगवान कल्कि की सहायता कर धर्म की स्थापना करेंगे ये भीष्म पितामह द्रोणाचार्य और कर्ण के भी गुरु है चारों युगों में इनका प्रताप है अक्षय तृतीया को ब्रत पूजन कर 12बजे दोपहर में इनकी आरती कर इनका जन्मदिवस मनाना चाहिए भगवान परशुराम की पुजा से शरीर में वीरता के भाव प्रकट होते हैं और कायरता समाप्त होती है। भगवान परशुराम हिन्दू सनातन धर्म एवं भारत वर्ष की रक्षा करे यह जानकारी पंडित प्रदीप चौबे भागवत आचार्य ने दी है।

# गरीब परिवारों में शिवसैनिकों ने बांटे हरी सब्जिया व सूखा राशन

■ नर सेवा ही नारायण की सेवा हैं जिसे शिवसैनिक चरितार्थ कर रहे हैं : संतोष यदु

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शिवसेना बलौदाबाजार जिला प्रभारी एचएन सिंह पालिवार एवं जिलाध्यक्ष संतोष यदु के द्वारा जिले के शिवसेना पदाधिकारीयो की वर्चुवल बैठक लेकर निर्देशित करते हुए यथा संभव गरीबों की मदद करने अपील किया गया था। जिसके बाद से शिवसेना जिला महासचिव मनहरन साहु व जिला सचिव मुकेश साहु के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने पूर्व विधायक प्रत्याशी संतोष यदु के कार्यालय में सब्जियाँ सुखा राशन व जरूरी सामानो को इकट्ठा कर किट बनाया गया,



जिसके बाद चिन्हांकित जरूरतमंद लोग जो कोरोना काल के वजह से काम बंद हो जाने के कारण दाने दाने को मजबुर हैं वे पहले छोटा मोटा काम कर अपना और अपने परिवार का पेट भर लेते थे लेकिन पिछ्ले एक महिने से लाकडाऊन के कारण काम बंद होने से भूक मरने का नौबत आ गया हैं सरकार चावल तो दे रही हैं लेकिन राशन व सब्जियो के बिना घर कैसे चलेगा। शिवसेना ने इन्ही गरीब लोगों को किट बांटने निकल पड़े जहाँ बलौदाबाजार के सांवरा बस्ति व कई जगहो में गरीब परिवार के लोगों का हाल चाल जानते हुए किट का वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला महासचिव मनहरन साहु, सचिव मुकेश साहु, गंगोत्री साहु, ब्लाक अध्यक्ष भुपेन्द्र दास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष विशाल माही, नगर अध्यक्ष निर्मल टोनु सलुजा, उपाध्यक्ष राजेश्वरी ध्रुव, बसंत साहू, मनीष पटेल, दिपक साहु, मनीष यादव एवं शिवसैनिक उपस्थित थे।

## अर्चना वर्मा का आकस्मिक निधन

**गरियाबंद ।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार मनोज वर्मा एवं बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में व्याख्याता शिक्षक के पद पर पदस्थ अर्चना वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनका




देहावसान हो गया। जिससे कि शिक्षा और पत्रकार जगत सहित नगर में शोक की लहर दौड़ गई । व्याख्याता अर्चना वर्मा नगर के वरिष्ठ पत्रकार मनोज वर्मा की धर्मप ी थी एवं पीएमजीएसवाई के ई प्रदीप वर्मा, अरुण वर्मा, संजय वर्मा की भाभी और लक्ष्मण वर्मा, सुरेश वर्मा एवं रामकुमार वर्मा अधिवक्त। की बहु थी। इस दुखद घटना को लेकर जिले के पत्रकारों संघ सहित भाजपा, कांग्रेस के नेताओं और शुभचिंतकों ने अपनी श्रद्धासुमन अर्पित की ।

## भाजपा विधायक शिवरतन के आरोप को बताया बेबुनियाद

# भूपेश बघेल के नेतृत्व और मार्गदर्शन से संक्रमण की रफ्तार में कमी : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाजपा विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के द्वारा लगाये बेबुनियाद, तथ्यहीन अनर्गल आरोप पर वर्चुअल प्रेसवार्ता कर प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा ने पलटवार करते हुये कहा कि देश और प्रदेश में दोहरा चरित्र केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी और प्रदेश के भाजपा नेता ही अपना रहे हैं। भूपेश सरकार के द्वारा 75 -75 लाख वैक्सीन की अग्रिम मांग भारत बायोटेक और सीरम इंस्टीट्यूट से की गई है अग्रिम राशि भी जमा कर दी गई है फिर भी समय सीमा के अंदर वैक्सीन की पूर्ति नहीं करना छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ केंद्र सरकार के सौतेलापन को उजागर करता है, कृषि प्रधान देश मे किसानों के खाद प्रदार्थो की और रासायनिक उर्वरको में बेतहाशा वृद्धि कर किसानों को कृषि कार्य से वंचित करने का सडयंत्र रचना, वैक्सीन, आक्सीजन सिलेंडर, रेडेमशिविर इंजेक्सन पर 12 फिसदी जीएसटी लगाना, देश की जनता को कोविड़-19 से बचाव हेतु वैक्सीन न लगा कर 6.68 करोड़ वैक्सीन विदेशो में भेज कर देश मे कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर को आमंत्रित करना, अच्छे दिन आने का सपना दिखा कर मरने वाले दिन दिखाना यही दोहरा चरित्र है। त्याग, तपस्या और बलिदान की पर्याय कांग्रेस पार्टी के नेताओ पर आरोप लगाने वाले शिवरतन शर्मा स्वयं मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर में बैठकर सैर करते है, मुख्यमंत्री निवास जाकर करोडों रुपये का विकास कार्य स्वीकृत कराते है और फ़ोटो भी खिंचवाते है फिर भाठापारा आकर मुख्यमंत्री के खिलाफ अनर्गल बेबुनियाद आरोप लगाते है। भाठापारा के धान संग्रहण



केंद्रों में हुये करोड़ों रूपये के धान परिवहन घोटाले पर विधानसभा में आवाज भी नही उठाते और मौन धारण कर चुप हो जाते है इसे ही दोहरा चरित्र कहा जाता है।आप यदि संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर एक उंगली भी उठाकर झूठा आरोप लगाने के प्रयास करोगे तो चार उंगली आपकी तरफ भी उठेगी।

सुशील शर्मा ने भूपेश बघेल के कार्यो को बताते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ में कोविड़-19 महामारी की दुसरी लहर अब ढलान पर आ रही है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होती जा रही है आज राज्य के अस्पतालो में आक्सीजन और बिस्तरों की उपलब्धता बढ़ी है, लगातार पोजटिव प्रकरणों की संख्या में कमी हो रही है दूसरी लहर में राज्य में जँहा 24 अप्रेल को 17 हजार धनात्मक प्रकरण थे वही 26 अप्रेल को 15 हजार 84 थे, 29 अप्रेल को 15 हजार 804 थे, 4 मई को 15 हजार 785 वो अब घट कर 8 मई को 12 हजार 239 हुई, 9 मई को 9 हजार 120 हुई, तथा 10 मई को 11 हजार 867 रही। राज्य में दैनिक मृत्यु में भी कमी देखी जा रही है 5 मई को जहां 253 मृत्यु दर्ज हुई थी वह 7 मई को 208 हुई 9 मई को 198 और 10 मई को 172 तथा 12 मई को 153 दर्ज हुई। संक्रमण के लगातार रोकथाम होने से अब दूसरी लहर भी काबू में होते जा रही है।

भूपेश बघेल ने संवेदनशीलता का परिचय देते कोरोनो से प्रभावित मरीजों के बेहतर उपचार के साथ टीकाकरण कार्य की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है। 7 अप्रेल को अपने केबिनेट मंत्रिमंडल के साथ मीटिंग, 8 अप्रेल को प्रधानमंत्री के साथ मीटिंग, 9 अप्रेल को प्रदेश के संपादकों और मीडिया प्रतिनिधियों से कोविड़-19 की दूसरी लहर के रोकथाम के लिये किये जा रहे उपायों पर चर्चा, 10 अप्रेल को सोनिया गांधी और एआईसीसी के सदस्यों के मीटिंग में कोविड-19 की रोकथाम के लिये उठाये गये कदमो की जानकारी दी। 11 अप्रेल को प्रदेश के चिकित्सा विशेषज्ञों से चर्चा, 12 अप्रेल को कांग्रेस पार्टी के विधायकों और पदाधिकारियों से मीटिंग, 15 अप्रेल को महामहिम राज्यपाल महोदया के साथ सर्वदलीय लोगो से मीटिंग, 17 अप्रेल को कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्यों से मीटिंग कर कोविड़-19 के रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाकर मेरा बूथ कोरोना मुक्त का नारा बुलंद किया। उनके मार्गदर्शन और मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी कांग्रेस जन कोरोना कंट्रोल रूम गठित कर असहाय, गरीब, कोरोना पीड़ित लोगों को अस्पताल ले जाकर आवश्यक जांच और संक्रमण होने पर भर्ती भी करवा कर भोजन भी उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे है। सभी कांग्रेस जन अपने अपने बूथों को कोरोना मुक्त करने आवश्यक कार्य कर रहे है।

# वैक्सीन का मुफ्त उपहार देने वाली पहली सरकार बनी भूपेश सरकार : आदित्य तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ नगरी
www.dailypioneer.com

वैक्सीन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचकर एनएसयूआई सिहावा विधानसभा अध्यक्ष आदित्य तिवारी ने कोरोना वैक्सीन का पहला डोज लगवाया उन्होंने छात्रों एवं युवा साथियों और लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप वैक्सीन को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे और स्वयं जागरूक होकर वैक्सीन लगवाए तथा दूसरों को भी प्रेरित करें लगातार कोरोना के केस बढ़ रहे है इससे बचने के लिए घर मे रहने के साथ साथ वैक्सीन लगवाना भी जरूरी है वैक्सीन हमारी सुरक्षा के लिए बना है न की हमारे नुकसान के लिए बना है आप सभी से निवेदन है कि आप राज्य सरकार द्वारा जो निःशुल्क 18+ उम्र के वैक्सीनेशन के लिए जो प्रयास किया जा रहा है उसे सफल बनाने के लिए आप सभी बिना डर के वैक्सीन लगवाएं क्योंकि डर वायरस है और विश्वास ही वैक्सीन है तिवारी ने कहा कि अपनी बारी आने पर आप वैक्सीन जरूर लगवाएं एवं मास्क सेनेटाइजर का प्रतिदिन प्रयोग करें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए दो गज दूरी बनाकर रहने की भी अपील उन्होंने की और कहा कि विशेषकर युवा साथियों को सामने आकर वैक्सीन लगवाकर लोगो को जागरूक करने की आवश्यकता है एनएसयूआई सिहावा विधानसभा अध्यक्ष आदित्य तिवारी ने कोरोना वैक्सीन का मुफ्त उपहार देने वाली पहली सरकार छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस जनहितकारी महत्वाकांक्षी कार्य को सराहा एवं उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

# 20 थाली से शुरू हुआ कारवां 8 दिनों में पहुंच गया 200 पर डिंपल जैन परिवार कोविड मरीजों को दे रहा निःशुल्क भोजन

## सिर्फ एक फोन और आपके घर पहुंच जाएगा सुबह-शाम घर का गर्म भोजन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आपदा का दौर जब आता है तो मदद के लिए लोगों की निगाहें टकटकी लगाए उन लोगों की ओर देखती है जहां से उम्मीद की कोई किरण उनके अंधेरी जिंदगी में उजाला ले आए। कोविड-19 कोरोना वायरस की इस वैश्विक महामारी का दौर कुछ ऐसे ही हालात पैदा कर दिया है। एक तरफ लॉक डाउन से लोगों की जिंदगी संघर्ष में आ गई है तो वहीं दूसरी ओर वायरस से संक्रमित होने की वजह से मरीजों और उनके परिजनों के लिए दो जून की रोटी जुटा पाना एक बड़ी चुनौती हो गई है। मरीज अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखे या फिर अपने लिए अनाज का जुगाड़ करे। इन विपरीत परिस्थितियों में कई समाज सेवी अपने-अपने प्रयासों से लोगों की मदद करने अपने हाथ आगे बढ़ा रहे हैं। इन्हीं क्रम में जिला मुख्यालय जशपुर के वरिष्ठ नागरिक और समाजसेवी हनुमान प्रसाद जैन का परिवार कोविड संक्रमित मरीजों का खुले दिल से मदद कर रहा है। उनका परिवार जशपुर के साथ ही







रायपुर में भी लोगों को बड़े पैमाने पर मदद कर रहा है।

### यूं शुरू हुआ कारवां

जिला मुख्यालय में होम आईशोलेसन में रहकर कोविड का इलाज ले रहे मरीजों को हनुमान प्रसाद जैन के सुपुत्र दिलीप उर्फ डिंपल जैन, पत्नी सीमा जैन, पुत्र रचित और मौलिक जैन घर पहुंचाकर गर्म भोजन दे रहे हैं। इस संबंध में डिंपल जैन ने पायनियर से चर्चा करते हुए कहा, 6 मई से हमने मरीजों और उनके अटेंडर के लिए भोजन की व्यवस्था करने और घर पहुंच सर्विस देने का काम शुरू किया था। पहले दिन 20 लोगों ने खाने की डिमांड की थी और 8 दिन बीत जाने के बाद 14 मई तक यह संख्या 200 थाली प्रति दिन की संख्या तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा, खाना तैयार करने में उनकी पत्नी सीमा जैन तन-मन से सहयोग करती है। गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखती हैं। वहीं पैकिंग और होम डिलीवरी का काम पुत्र रचित और मौलिक संभालते हैं। उनके इस कार्य में रमेश वर्मा एवं उनके स्टाफ की भी सराहनीय भूमिका है।

### मरीज ने किया भावुक पोस्ट

डिंपल जैन के द्वारा लोगों को घरों तक गर्म भोजन पहुंचाने से मरीजों और उनके परिजनों को किस तरह से खुशी मिल रही है। इस बात की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए सामने आ रही है। एक कोविड पेशेंट ने लिखा इंसान बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहा है और ऐसे वक्त में नेताओं से उम्मीद करना सबसे बड़ी निराशा होगी। क्योंकि उनका ध्यान सिर्फ मद में मदमस्त होने का होता है। उन्होंने डिंपल जैन की तारीफ करते हुए कहा, उनका परिवार उन्हें निःस्वार्थ भाव से खाना पहुंचा रहे हैं जिसे मैं और मेरी संक्रमित बेटी खाकर स्वस्थ हो रहे हैं।

हम उनका आभारी हैं। पड़ोस में रहने वाले मुस्लिम और सिख समुदाय के लोगों ने हमारा बहुत ख्याल रखा है।

> बड़े भाई राजू जैन, विनोज जैन रायपुर में लोगों की मदद कर रहे हैं। हम अपने परिवार के साथ जशपुर में एक छोटा सा काम कर रहे हैं। हमारी कोशिश है कोई भी मरीज भूखा न रहे और पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन ग्रहण करें।
>
> **डिंपल जैन,** व्यवसायी व समाजसेवी जशपुर

# 8 वर्ष से 44 वर्ष आयुवर्ग के टीकाकरण के लिए सीजीटीका पोर्टल तैयार

## अंत्योदय, बीपीएल श्रेणी के ऐसे हितग्राही जो ऑनलाइन पंजीयन कर पाने में असमर्थ है, उनके लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की बैठक में बताया कि राज्य स्तर पर 18 वर्ष से 44 वर्ष आयुवर्ग के व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए ऑनलाइन पंजीयन हेतु सीजी टीका पोर्टल तैयार किया गया है। वर्तमान में इस पोर्टल में सभी हितग्राहियों के लिए पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पोर्टल की बीटा टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत शेड्यूलिंग और वैक्सीनेशन जैसी सुविधाएं भी इस पोर्टल के माध्यम से सभी पंजीकृत हितग्राहियों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन पंजीयन सीजीटीका पोर्टल (सीजीटीका डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन) पर मोबाईल या कम्प्यूटर के माध्यम से किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि कई व्यक्ति विशेष तौर पर अंत्योदय एवं बीपीएल श्रेणी के व्यक्ति स्वयं ऑनलाइन पंजीयन कर पाने में असमर्थ है, ऐसे व्यक्तियों के लिए ग्राम स्तर पर हेल्प डेस्क बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्राम स्तर पर सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी/च्वाईस सेंटर) में हेल्प डेस्क स्थापित करें तथा ग्राम पंचायत सचिवों के माध्यम से ऐसे हितग्राहियों से संपर्क कर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित कराएं।

**होम आइसोलेशन में रह रहे व्यक्ति यों की नियमित मॉनिटरिंग करें- महोबे**

कलेक्टर महोबे ने बैठक में अंत्योदय ,बीपीएल, एपीएल एवं फंटलाईन वर्कर के कोविड-19 टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति कोरोना सैम्पल की जांच उपरांत रिपोर्ट आने तक घर पर ही होम आइसोलेट रहें ताकि कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि संक्रमित मरीज के संपर्क वाले व्यक्ति यों का कांटेक्ट ट्रेसिंग अनिवार्य रूप से किया जाए। होम आइसोलेशन में रह रहे व्यक्ति यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होनें कंटेनमेंट जोन में जारी गाईडलाईन का अनिवार्य रूप से पालन कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर, कोविड-19 टीकाकरण के जिला नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर अभिषेक दीवान, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन डॉ. एसएस देवदास सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# वैक्सीन का पहला डोज पर्याप्त नहीं,समय पर लगवाएं दूसरा डोज : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे डोज लगवाने वाले कि कम सँख्या होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपना पहले डोज का वैक्सीनेशन करा लिए है वह निश्चित समय अंतराल मे अपना दूसरें डोज का वैक्सीनेशन करा लेवें। नही तो पहले डोज के वैक्सीनेशन कोई मतलब नही होगा। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में वैक्सीन का केवल पहला डोज पर्याप्त नही है। सही समय अंतराल पर दूसरा डोज भी लगाना अनिवार्य है। तभी वैक्सीन प्रभावीं होगा। उन्होंने कहा की जिलें के सभी फ्रंट लाइनर जैसे स्वास्थ्य,पुलिस, राजस्व, पंचायत, नगरीय निकायों, महिला बाल विकास विभाग, अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों सहित 45 वर्ष से अधिक को-मॉर्बिड व्यक्तियों जिन्होनें वैक्सीन का पहला डोज लगा लिए है वह अनिवार्य रूप से वैक्सीन का दूसरा डोज अपनें नजदीकी टीकाकरण केंद्र में जाकर लगावा लेवें। उन्होंने बताया कि जिलें पर्याप्त मात्रा में दोनों वैक्सीन उपलब्ध है। इसके साथ उन्होंने जिले के 18 वर्ष से 44 वर्ष के लोगों से अपील की है वह शीघ्र ही अपनें एवं अपनें परिवार के सदस्यों का अनिवार्य रूप से टीकाकरण करा लेवें। वैक्सीन के अफवाहों पर ध्यान न देवें वैक्सीन ही कोरोना के खिलाफ लड़ाई की एक कारागार दवाई है। स्वयं वैक्सीनेशन कराये एवं आसपास के अन्य लोगों को भी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। हमारी सतर्कता एवं जागरूकता ही कोरोना से बचा सकता है। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न फ्रंटलाइनर पत्रकारों, वकीलों, राशन दुकानों के कमर्चारी, सब्जी वालो से कहा कि आप लोग भी अनिवार्य रूप से अपनें लिए निर्धारित नजदीकी टीकाकरण केंद्र में जाकर टीकाकरण करा लेवें। वैक्सीन लगवाने का सही समय जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने बताया कि जिन्होंने कोविडशील्ड का टीका लगवायें है वह अपना दूसरा डोज 6 से लेकर 8 सप्ताह के बीच मे लगवायें। उसी तरह जिन्होंने कोवैक्सिन का टीका लगवाये है वह 28 दिन बाद दूसरा डोज लगा लेवें।

# सरकार किसानों का सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा प्रदान करे

पायनियर संवाददाता < नगरी
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार हो रहे बारिश से किसान परेशान हैं किसानों का फसल नष्ट हुआ है। सरकार उन्हें तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान करे।इसके साथ ही किसानों से सरकार ने 2500 धान का कीमत देने का जो वादा किया था सरकार यह राशि किस्त में नही बल्कि एक साथ भूगतान करे। शाह ने कहा कि एक ओर किसान मजदूर कोरोना महामारी से परेशान एवं आर्थिक तंगी से जुझ रहाहै वहीं असमय तूफान एवं बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है।प्रदेश सरकार इस पर तत्काल निर्णय लेते हुए उन्हे मुआवजा दे।2500 रू में किसानों का धान खरीदी का वादा करने वाली सरकार अपने हर वादे से मुकर रही है पिछली बार किसानों के अंतिम किस्त में कटौती किया गया है उस राशि का भी भुगतान करे।इसके अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ढ़ाई साल के फार्मुले के हिसाब से इस माह ढाई साल पुरे हो गए हैं।इस लिए गांधी परिवार को खुश करने के लिए राजीव गांधी न्याय योजना बनाकर अवसर तलाश कर इस राशि को किस्तों में दे रहे हैं। किसानों को यह राशि एक मुस्त मिलती तो इस कोरोना माहमारी के समय में एवं असमय वर्षा से परेशान किसानों को इस राशि से राहत मिल सकती है।सरकार किसानों की अपने धान की कीमत देने के लिए किसी अवसर का इंतजार कर राजनीति ना करे।प्रदेश में वर्षा से हजारों क्वींटल धान जो सोसायटी में पड़े खराब हो गए हैं इसके लिए भूपेश बघेल जी जिम्मेदार हैं, सोसायटी से अब तक धान नही उठाना एवं कस्टम मीलिंग नही हो पाना सरकार की नीति पर सवाल उठता है।संग्रहण केंन्द्रों में सही व्यवस्था नही होना घोर लापरवाही है।श्रीमति शाह ने कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार के नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग परेशान हैं वहीं आज भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंन्द्र की सरकार में बैठे प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की सरकार जो किसान हितैषी है आज किसानों को किसान सम्मान निधि की आठवीं किस्त 19 हजार करोड़ रू किसानों के खाते में डाला गया है।इससे साढ़े नौ करोड़ किसानों को इसका लाभ मिला है। इससे किसानों को काफी राहत मिलेगा।

# उपार्जन केन्द्रों में शेष बचे धान का शीघ्र उठाव सुनिश्चित करें : कलेक्टर महोबे



**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में धान उठाव एवं कस्टम मिलिंग के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में शेष बचे धान का इस माह के अंत तक उठाव सुनिश्चित करें। उन्होंने सीसीबी के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि मिलरों से धान निलामी में क्रेताओं को डीईओ जारी कर धान का उठाव शीघ्र कराएं। इसके लिए समितियों एवं मिलरों से समन्वय स्थापित कर प्रगति लाएं। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों में शेष बचे धान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में शेष बचे धान का बेमौसम बारिश से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्ति करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में धान खराब न हो। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी एचएल बंजारे, जिला विपणन अधिकारी शंशाक सिंह, सीसीबी के नोडल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# घर में शराब देने का निर्णय गलत : कमल पटेल



**नगरी।** छत्तीसगढ़ सरकार की होम डिलीवरी की नीति को गलत बताते हुए कमल नारायण पटेल ने बताया कि राज्य के लोगों को वैक्सीन पहुंचाने की आवश्यकता है ना की शराब जिस प्रकार छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा शराबबंदी करने का वादा तो किया गया था परन्तु ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी छत्तीसगढ़ सरकार इस ओर कोई कदम उठाते नही दिख रही है इस समय कांग्रेस एवं छत्तीसगढ़ सरकार के पास बहुत अच्छा अवसर था शराब बंदी करने का परंतु सरकार इसके ठीक विपरीत घर घर शराब की होम डिलीवरी कर रही हैं! छतीसगढ़ सरकार के इस निर्णय की निंदा करते हुए कमल नारायण पटेल ने सरकार से मांग किया की इस निर्णय को बदला जाय। जिससे छत्तीसगढ़ की महिलाओं का हित हो सके साथ हिंसा से सुरछीत रहे और शकुन से जीवन यापन कर सके।

# आगामी वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण कार्ययोजना तैयार करें : महोबे

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा, इसके लिए कार्य योजना तैयार करें। वृक्षारोपण कार्य के लिए जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। उन्हें इस कार्य में अवश्य शामिल किया जाए। महोबे शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण के संबंध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने वन विभाग एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों से नर्सरियों में उपलब्ध पौधों की जानकारी ली और पौधारोपण हेतु विभागो को पौधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत् छायादार, फलदार एवं औषधियुक्त पौधो का रोपण किया जाएगा। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को वृक्षारोपण हेतु चारागाह, गौठान सहित उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने एफआरए क्षेत्र मे महुआ, हर्रा, बहेरा सहित फलदार वृक्ष व औषधि पौधे एवं आजीविका संवर्धन वाले पौधा लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पश्चात पौधों की सुरक्षा एवं देखरेख महत्वपूर्ण कार्य है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर ने बताया कि आगामी वर्षा ऋतु में लगभग 3 लाख 93 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें जनपद पंचायतों, जल संसाधन, वनमंडल, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों को लक्ष्य अनुरूप पौधों का वितरण किया जाएगा। बैठक में वन मंडल अधिकारी मयंक पांडेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक आकांक्षा सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# विश्व सिंधी सेवा संगम के अजय रोहरा जिलाध्यक्ष मनोनीत



**गरियाबंद।** विश्व सिंधी सेवा संगम के गरियाबंद जिलाध्यक्ष अजय रोहरा को मनोनीत किया गया है, इनके बनने से जिले के सिंधी समाज में खुशी की लहर व्याप्त है। अजय रोहरा को प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सुंदरानी ने मनोनयन किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बनने के बाद रोहरा ने कहां है कि समाज को संगठित करने की दिशा में कार्य करेंगे वहीं युवाओं को जोड़ा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि समाज ने राजधानी के बाद जिला स्तर पर समाज का विस्तार कार्य शुरू किया है। जिसके तहत ऊर्जावान युवा अजय रोहरा को मौका दिया है । वे लगातार सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं, उनके लगन और क्षमता को देखकर जवाबदारी सौंपी गई है । उनके बनने पर समाज के मोहन होतवानी, प्रकाश रोहरा रिंकू सचदेव, मुकेश दासवानी, विकास रोहरा ,विनय दासवानी ,अर्जुन रोहरा, रवि रोहरा राजेश थदानी सुनील सीतलानी राहुल माधवानी समीर सचदेव रितेश सीतलानी संजय पंजवानी संजय नागदेव मुकेश माधवानी रजत कुकरेजा ने बधाई दी है।

# क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र बहादुर की सराहनीय पहल

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com



जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने बुधवार को वैश्विक महामारी कोरोना की रोकथाम एवं नियंत्रण व कोरोना से बचाव एवं सुरक्षा उपायों की प्रगति की विस्तार से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा में 125 जेम्बो ऑक्सीजन क्षमता वाले प्लांट और 30 ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए प्रभारी मंत्री ने जिले के सरकारी एवं निजी अस्पातालों में भी छोटे बच्चों के लिए अलग से वार्ड, बेड, ऑक्सीजन के इंतजाम करने को कहा। 30 बिस्तर ऑटोमेटिक ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृति। कोरोना से आम जनता को राहत देते हुए बसना विधायक व छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष राजा देवेंद्र बहादुर सिंह के अथक प्रयास से पिथौरा में स्वीकृत हुआ है। जिससे क्षेत्र के समस्त वर्ग के लोगो को जीवनदायिनी ऑक्सीजन मिलेगी बार बार सिलेंडर लेने व रिफलिंग से छुटकारा मिलेगा साथ ही ऑक्सीजन की कमी से किसी भी व्यक्ति की सेहत खराब न हो। संकट और विपदा के समय मिली यह प्लांट मरीजो और क्षेत्र के लिए संजीवनी साबित होगी, आस पास के अस्पतालों को भी अब ऑक्सीजन के लिए अन्यत्र नही जाना पड़ेगा इस पुनीत और नेक कार्य के लिए पिथौरा के जनता ने विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह , प्रभारी मंत्री कवासी लखमा,स्वास्थ्य मंत्री,सिंह देव, मुख्यमंत्री भूपेश के प्रति, धन्यवाद ज्ञापित किया है। राजा देवेंद्र बहादुर सिंह ने संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में विपदा की इस घड़ी में हर सम्भव मदद करने का प्रयास अनवरत जारी रखने की बात कही है। राजा देवेन्द्र बहादुर सिंह विधायक बसना एवं वन विकाश निगम अध्यक्ष के इस उपलब्धि पर पूर्व नगरपंचायत अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुलवंत खनूजा,नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिलप्रित खनूजा,प्रेम लाल सिन्हा,अनंत वर्मा,काशीराम शर्मा,अजय नन्द,नरेंद्र सेन,अरविंदर छाबड़ा,संजय सिन्हा,जीतेन्द्र सिन्हा ,कार्तिक राम ठाकुर,मुन्ना शर्मा,तरुण पाण्डे,राजू सिन्हा, खीरु पटेल, टेकु साहू, आकाश मोहन्ती, ज्योतिस अग्रवाल, कनक तिवारी, दीपक सिन्हा ,शैलेंद डडसेना, गौतम साहू, उमर हसन,कौशल रोहिल्ला सभी ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पूरे विश्व में इनकी योगदान का याद किया जा रहा

# परिचारिकाओं के योगदान से मरीज होते है स्वस्थ : डॉ. राजेश अवस्थी

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय मे सम्मान समारोह का आयोजन कर परिचारिकाओ का सम्मान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय मे कोरोना काल के बीच लगातार अपने परिजनो का बलिदान देने के बावजुद लोगों की सेवा मे जुटे परिचारिका जिन्हे हम नर्स भी कहते है उनका सम्मान किया गया। सिविल सर्जन डा. राजेश अवस्थी ने कहा कि एक चिकित्सक तब तक कोई कार्य पूरा नहीं कर सकता जब तक कि एक अच्छी और दक्ष परिचारिका उसका सहयोग न करे। आज पूरे विश्व मे इनकी योगदान का याद किया जा रहा है कि कोरोना की इस महामारी के समय हमारी बहुत सी बहनो ने अपने परिजनो को खोया है और उसके बाद भी ये किसी और के परिजन न खो जाये इस बात को लेकर अपने सारे दुखों को भुलाकर पुनः सेवा देने हाजिर हो गये है। चिकित्सक बिना नर्स के कोई भी कार्य नही कर सकता है और न ही कोई मरीज इनकी सेवा के बगैर स्वस्थ हो सकता है। इस कोरोना काल में जब परिजन भी अपनो का साथ छोड दे रहे है ऐसे में हमारी ये बहने उन्हें एक परिजन की तरह साथ देकर उनका उत्साह बढ़ाते हुए उनकी तीमारदारी कर उन्हे स्वस्थ कर उनके परिवार को खुशी दे रही है। हमारे ही संस्थान मे कार्यरत नर्स ने अपने पिता को खोया है तो एक ने अपने पति को खोया है स्वयं संक्रमित हो गये और पुन स्वस्थ होकर काम पर आ गये ताकि किसी का पति तो किसी का पिता और भाई बहन उससे जुदा न होने पाये। इसलिए हमने आज इस कोरोना काल मे इनकी मेहनत और लगन को याद करते हुए एक छोटा सा सम्मान कर रहे है इनके कार्यो की जितनी सम्मान किया जाये या तारीफ की जाये वह कम है फिर भी हम हमारे यहां के तीन नर्सो का विशेष सम्मान कर रहे है। जिसमे मोनिका यादव, सिस्टर पदमनी,एवं सिस्टर वंदना है इसके साथ ही हम समस्त नर्सो का सम्मान करते है। इसके पूर्व अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस जिनके नाम पर मनाया जाता है विश्वविख्यात फलोरेंस नाईटीजिल को याद करते हुए उनके चित्र के सामने मोमबत्ती जलाकर एव केक काटकर उनका जन्मोत्सव मनाते हुए उनके कार्यो को याद किया गया। इस अवसर पर डा. अशोक वर्मा, डा. आकांक्षा सोनवानी, के साथ जिला चिकित्सालय की सभी परिचारिकाये उपस्थित थी।

# विद्युत उपभोक्ताओं को देयकों का भुगतान ऑनलाइन करने की अपील

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com




कोविड-19 के संक्रमण के चलते संपूर्ण जिले में 17 मई तक लॉकडाउन घोषित है इस दौरान विद्युत देयक हेतु सभी संग्रहण केंद्र भी ऐहतियातन बंद रखे गए हैं जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को देयको का भुगतान करने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है समस्याओं को देखते हुए उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विद्युत विभाग द्वारा कोविड-19 संक्रमण की अवधि में देयकों का भुगतान मोर बिजली एप से करने की अपील की गई है। विद्युत विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उपभोक्ताओं को बताया गया कि कोविड-19 संक्रमण काल की अवधि निश्चित नहीं है पता लॉकडाउन के पश्चात थी एहतियात के तौर पर संग्रहण केंद्रों के भीड़ वाले स्थान पर जाकर देयको का भुगतान किया जाना उचित नहीं है इस परेशानी से बचने हेतु विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ऑनलाइन भुगतान के लिए कई माध्यमों की सुविधा प्रदान की गई है मोर बिजली एप इससे काफी सहज एवं अन्य कई सुविधाओं से परिपूर्ण है इसके माध्यम से उपभोक्ता अथवा विद्युत देयक ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं दिल का विवरण प्राप्त करने के साथ-साथ बिजली बंद की शिकायत तथा अपनी रीडिंग भी दर्ज करा सकते हैं मोर बिजली एप को सहज ही अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कर उपभोक्ता सुविधा प्राप्त की जा सकती है एवं किसी भी स्थान से देयक का भुगतान किया जा सकता है ऐप के डाउनलोड एवं क्रियान्वयन मैं किसी भी असुविधा हेतु क्षेत्र के संबंधित कनिष्ठ यंत्री समस्त फ्यूज कॉल सेंटर से फोन से संपर्क किया जा सकता। इस हेतु सभी उपभोक्ता सेंटरों को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक उपभोक्ताओं को आवश्यक जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया है।

संपादकीय

# कोविड महामारी एकजुट संघर्ष आवश्यक

**हालांकि** कोविड महामारी के बारे में बहुत भ्रम फैला है, पर हमें इससे एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। हालिया स्मृति में कोई ऐसा अन्य मुद्दा नहीं है जिसका भारत के सार्वजनिक विमर्श पर कोविड महामारी जितना कब्जा रहा हो। मीडिया इससे भरा पड़ा है, सोशल मीडिया पट गया है, यह सभी चर्चाओं की दिशा तय करता है तथा सार्वजनिक विमर्श से लेकर सर्वाधिक निजी विमर्श तक छाया हुआ है। राजनीतिक पार्टियां भूल गई हैं कि पहले कब उन्होंने ऐसे मुद्दे पर चर्चा की होगी जिसका संबंध वायरस से न रहा हो। यह केन्द्र या राज्यों की सरकारों की क्षमता मापने का एकमात्र मानक बन गया है। विधायी या स्वशासी संस्थाओं का मतदान इससे प्रभावित रहा है। चिकित्सा शिक्षक, शोध केन्द्र तथा जर्नल इसका अत्यन्त सूक्ष्म विश्लेषण कर रहे हैं। लेकिन इस सारी चर्चा ने अब तक कोविड की दूसरी लहर का प्रभाव समाप्त करने या स्वास्थ्यरक्षा के प्रबंधन व निगरानी की कोई सुगठित या सुसंगत राष्ट्रीय योजना नहीं पेश की है। अभी ठीक-ठीक यही नहीं पता है कि महामारी के बारे में वास्तव में राष्ट्रीय विमर्श क्या है? यदि आप स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय की रूटीन, दैनिक तथा लगभग एकरूपी घोषणाओं को छोड़ दें तो विमर्श का अर्थ केवल कड़वाहट, शिकायतें, आरोप, गालियां, निन्दा, अपना वर्चस्व प्रदर्शन, राजनीतिक दीवालियापन, सब कुछ जानने की लफ्फाजी, आदि तक सीमित हो जाता है। अब केवल सोशल मीडिया या टेलीवीजन चैनलों पर युद्ध जैसी बहस ही नहीं होती है, बल्कि संस्थान भी इस शोर-शराबे में शामिल हो गए हैं। न्यायपालिका भी सरकार को चुनौतियां देने लगी है, जबकि सरकार इसे गलत सक्रियता कहती है। सरकार, सत्तारूढ़ पार्टी तथा विपक्ष केवल अपना क्षेत्र बचा रहा है। इससे किसी भी चीज के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है।

एक राज्य में पाजिटिविटी दर गिरी है, पर कोई नहीं जानता कि यह मामले घटने के कारण है या टेस्टिंग कम करने का नतीजा है। मृत्यु दर गिरी है, लेकिन कोई नहीं जानता कि चिकित्सा देखभाल में सुधार हो रहा है या आंकड़ों के साथ हेराफेरी हो रही है। 18-44 आयुवर्ग के लिए काफी वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन कोई नहीं जानता कि इसका कारण वैक्सीन की कमी या वैक्सीन को उच्च जोखिम वाली श्रेणियों को देना है। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को वैक्सीन की बरबादी रोकने तथा उनसे टीकाकरण तेज करने का आह्वान किया है। सरकार या दवा उद्योग ने इस विचित्र स्थिति की व्याख्या की है जहां टीके की अनेक कीमतें हैं। इसका नतीजा भ्रम की स्थिति है। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका का फोकस आक्सीजन सप्लाई पर है जिसके कारण अब इसकी सप्लाई विभिन्न स्रोतों से हो रही है। भारतीय वायुसेना आगरा से जामनगर तथा ग्वालियर से रांची क्रायोजेनिक आक्सीजन कंटेनर ले जाती है। जापान 200 आक्सीजन कंसेंट्रेटर भारत भेज रहा है। अनेक अन्य देशों ने भी भारत को भूमि, समुद्र व वायुमार्ग से आक्सीजन कंटेनर भेजे हैं। दिल्ली पुलिस ने एक बिजनेसमैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिसने अपने स्वामित्व वाले एक होटल में आक्सीजन कंसेंट्रेटरों की जमाखोरी की थी। यदि यह मान लिया जाए कि भारत में आक्सीजन उपलब्ध है तथा इसके घरेलू उत्पादन में सुधार हो रहा है तो मरीज फिर आक्सीजन की कमी से मर क्यों रहे हैं? इस बात के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि आखिर गंगा में बड़ी संख्या में उतराती लाशें कहां से आई हैं, उत्तर प्रदेश से या बिहार से। यदि प्रकृति अपने रास्ते पर चलती है तो निश्चित रूप से महामारी एक दिन कम हो जाएगी। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण विमर्श केवल इस बात पर हो सकता है कि वायरस के खिलाफ संघर्ष में सक्रिय व समन्वित रूप से बहुआयामी दृष्टिकोण कैसे अपनाया जाए।

# पश्चिम बंगाल चुनाव का विश्लेषण

## भाजपा भले ही राज्य के हालिया चुनावों में अपना प्रभुत्व न स्थापित कर सकी हो, पर उसका प्रदर्शन कम से कम विश्वसनीय जरूर है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



पश्चिम बंगाल में अत्यधिक कठिन चुनाव के परिणाम कमोबेश उम्मीद के अनुसार हैं। निःसंदेह दिल्ली के आशावादियों को निराशा मिली जिन्होंने भाजपा के बहुमत की उम्मीद की थी। लेकिन उनकी इच्छायें ज्यादातर सपनों की तरह थीं। मेरा मानना है कि बंगाल को समझना कठिन है। इस अखबार में पहले प्रकाशित एक लेख में मैंने संकेत दिया था कि बंगाल का विशिष्ट चरित्र है। 1947 के प्रारम्भ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई शरत तथा किरन शंकर सरकार हिंदुओं के पक्ष में थे और लोकप्रिय किसान नेता सर अब्दुल रहीम और फजलुर रहमान एक संयुक्त बंगाल के लिए बातचीत कर रहे थे। यह भारत और पाकिस्तान से अलग तीसरा स्वतंत्र देश हो सकता था। आश्चर्यजनक रूप से इन वार्ताओं की शुरुआत अगस्त, 1946 में कोलकाता के भयानक नरसंहार के कुछ ही महीनों के भीतर हुई थी। मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन डे के नाम पर हजारों लोगों को मार डाला गया था। इस कार्रवाई का निर्देश मुहम्मद अली जिन्ना ने ब्रिटिश सरकार को यह संदेश देने के लिए दिया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में एकसाथ नहीं रह सकते हैं और इसलिए स्वतंत्रता के पहले विभाजन जरूरी है। इसके परिणामस्वरूप जिन्ना ने जोर दिया कि पाकिस्तान को 14 अगस्त को भारत की स्वतंत्रता के एक दिन पहले आजाद घोषित किया जाना चाहिए।

जिन्ना ने दो मुस्लिम नेताओं को प्रोत्साहित किया था कि वे किसी प्रकार एक अलग संयुक्त बंगाल बनाने का प्रयास करें। कम्युनिस्ट पार्टी ने भी शरत बाबू का इस समझौते के लिए समर्थन किया था। इसका कारण सरल रूप से केवल यह था कि बहुसंख्य मुस्लिम जनसंख्या तथा उसी समुदाय का प्रधानमंत्री होने के कारण संयुक्त बंगाल द्वारा भारत की तुलना में पाकिस्तान को पसंद करने की संभावना अधिक थी। इसके पहले जिन्ना ने 1939 में असम के प्रीमियर मुहम्मद सादुल्ला व उनके साथियों से कहा था कि वे आदिवासियों की गणना हिंदुओं के बजाय पशुपूजकों के रूप में करें। इससे आदिवासी अल्पसंख्यक बन जाते और कम से मुसलमान थोड़े ही अंतर से बहुसंख्यक हो जाते। इस विचार का उद्देश्य असम को पाकिस्तान में शामिल करना था। गोपीनाथ बारडोलई ने समय रहते असम की रक्षा की। वे दिल्ली गए और कांग्रेस आलाकमान को हस्तक्षेप करने के लिए मना लिया।

संयोग से भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगीत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर रचित हैं। कवि नजरुल इस्लाम को व्यापक रूप से केवल टैगौर के बाद सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता था। दमदम कहे जाने वाले कोलकाता हवाईअड्डे के परंपरागत राजमार्ग का नाम नजरुल इस्लाम एवेन्यू रखा गया। सबसे अच्छा रवीन्द्र संगीत इस समय ढाका की महिला रिजवाना चौधरी देती हैं। वे आमतौर से साड़ी पहनती हैं तथा माथे पर लाल टीका लगाती हैं। फरवरी, 1948 में पाकिस्तान के पश्चिमी भाग से बांग्लादेश की लड़ाई की शुरुआत जिन्ना द्वारा उर्दू को पाकिस्तान की एकमात्र राजभाषा घोषित करने के बाद हुई थी। अगले दिन ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने सड़कों पर उतर

> कठिनाइयों को देखते हुए भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और वह पांच साल में तीन सीट से बढ़ कर 77 सीट पर पहुंच गई है। यदि भाजपा के किसी सदस्य ने वास्तव में बहुमत मिलने की बात सोची थी तो वह सपना देख रहा था। हालांकि, पांच साल लंबा समय होता है, पर समय लगातार बहती एक नदी है जो बहती रहती है और स्वयं विपक्ष को अवसर देती रहती है।

कर बांग्ला भाषा के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया था जो कई दिनों तक जारी रहा था।

इसके बाद से 1971 के अंत तक पूर्वी पाकिस्तान के लिए बहुत कष्टदायक समय रहा और अंततः वह बांग्लादेश बन गया। इसके बाद से उन्होंने जब भी पाकिस्तान के बारे में सोचा, वे केवल बांग्लादेशियों के बजाय बंगालियों की तरह सोचते थे। उनकी रेडियो वार्ता आकाश पाताल के बारे में होती थीं। अधिकांशतः अपने हिंदू समकक्षों से ईर्ष्या का अनुभव करने के कारण वे इसे आसमान जमीन कहने लगे। वे पहले बंगाली है, दूसरे स्थान पर बांग्लादेशी हैं और तीसरे स्थान पर मुसलमान हैं। पश्चिम बंगाल के बहुसंख्य लोग भी कमोबेश प्राथमिकता का यही क्रम रखते हैं। इसलिए भाजपा को हालिया चुनाव में स्वयं को मिली 77 सीटों को किसी प्रकार पराजय मानने के बजाय महान सफलता समझना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा मुश्किल से ही बड़ी बैठकों को संबोधित करने के लिए एक बांग्लाभाषी लोकप्रिय व्यक्ति तैयार कर सकी। बंगाली के लिए इसका अर्थ बहुत बड़ा है। जब मैं उसकी भाषा के कुछ वाक्य बोलता हूं तो स्रोता प्रसन्नता से आश्चर्यचकित हो कर कहता है, 'आपकी बंगाली कितनी अच्छी है।' इसका कारण भाषा पर बहुत अच्छी पकड़ के बजाय कोलकाता में पला-बढ़ा होना है। मैं जानता हूं कि बंगाली पहले एक धुन है और बाद में भाषा। तीसरी पीढ़ी के अनेक लोग इसे नहीं समझते हैं और बंगाली स्रोता बिना किसी लोच वाली ऐसी भाषा नहीं पसंद करता है। गुजरात में बसने वाला यदि कोई व्यक्ति गुजराती बोलता है तो अक्सर प्रतिक्रिया यह होती है कि उसने भाषा सीखने पर अपनी इतनी ऊर्जा क्यों नष्ट की? 'हम हिंदी समझते हैं'। यह बंगाल में अपनी भाषा के प्रति असाधारण प्रेम का एक उदाहरण है।

इसके साथ ही यदि मुझे ठीक से याद है तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 1953 में निधन के बाद हुए दो आम चुनावों में हिंदू महासभा के चार उम्मीदवार बांकुड़ा से विधायक बने थे। इसके बाद हर हिंदू पार्टी को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला। हरिपद भारती एक सम्मानित व्यक्ति थे, पर वे सालों तक जनसंघ के नेता होने के बावजूद विधायक नहीं बन सके। पश्चिम बंगाल का लगभग एक तिहाई हिस्सा पूर्वी पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले शरणार्थियों का वारिस है।

लेकिन 2011 तक वे वाममोर्चा के समर्थक थे। यह भले ही आश्चर्यजनक हो, पर सत्य है। कम्युनिस्टों ने खुलेआम विभाजन का समर्थन किया था, पर इसकी चिन्ता अपने परिवारों के साथ शरणार्थियों के रूप में आए इन लोगों को नहीं थी। इन कठिनाइयों को देखते हुए भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और वह पांच साल में तीन सीट से बढ़ कर 77 सीट पर पहुंच गई है। टीएमसी का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। यदि भाजपा के किसी सदस्य ने वास्तव में बहुमत मिलने की बात सोची थी तो वह सपना देख रहा था।

हालांकि, पांच साल लंबा समय होता है, पर समय लगातार बहती एक नदी है जो बहती रहती है और स्वयं विपक्ष को अवसर देती रहती है।

# कोरोना के दौर में विश्व व्यवस्था प्रबंधन

> भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सदस्य राष्ट्रों के बीच समसामयिक मुद्दों को संबोधित करना है।

**सुधीर हिन्दवान**
(लेखक एक प्रोफेसर व सामरिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



कोरोनावायरस महामारी के बीच, भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हाल ही में आभासी शिखर सम्मेलन ने व्यापार, आर्थिक साझेदारी और निवेश संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर बातचीत के लिए एक बड़ा मंच प्रदान किया है, जो सदस्य देशों के बीच समानता ला रहा है। एशिया, प्रशांत और अफ्रीकी क्षेत्रों में संयुक्त सहयोग स्थापित करने के लिए भी सूक्ष्म प्रयास हैं। यह निश्चित रूप से दोनों पक्षों की उच्च स्तरीय अंतर्दृष्टि और समझ को प्रदर्शित करता है। यह उन नेताओं की ओर भी इशारा करता है जिन्हें वर्तमान कोविड -19 महामारी द्वारा आवश्यक विश्व व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लीन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने व्यापार और वैश्विक सुरक्षा के लिए बातचीत के चैनल बनाने और विश्व राजनीति के समावेशी लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक नए मार्ग के लिए दूरदर्शिता का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन टकराव के बजाय सहयोग के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों को संभालने वाले विश्व समुदाय के लिए एक प्रोटोटाइप का निर्माण करता है। महामारी ने सदस्य देशों को एक दूसरे पर भरोसा करने और अपने मतभेदों को दफनाने की आवश्यकता को मजबूत किया है। प्रमुख मुद्दा अधिकतम जीवन को बचाने में मदद करने के लिए महामारी से निपटने के लिए, संभवतः आराम से संबंधित ट्रेड-रिलेटेड ट्रेड-रिलेटेड एस्पेक्ट्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टीज (ट्रिप्स) से निपटने के संदर्भ में अधिक से अधिक देशों को बातचीत की मेज पर लाना है। जलवायु परिवर्तन के मुद्दों को सीमित करने और तकनीकी ऊर्जा के विकास में अक्षय ऊर्जा और विकास के लिए गेटवे खोलने और बिजली उत्पादन के स्रोतों को चैनलाइज करने और चीन के



(बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव) द्वारा उत्पन्न किसी भी अचानक खतरे का सामना करने के लिए एक तंत्र बनाने के संबंध में बढ़ता समर्थन और समझौता।) सभी सदस्य देशों की शांति और समृद्धि के लिए अच्छी तरह से वृद्धि। 2019 जापान ईयू सौदा इस दिशा में एक प्रयास था।

भारत और यूरोपीय संघ ने एक सकारात्मक संबंध साझा किया है, उनके व्यापार में पिछले पांच वर्षों के दौरान एक अच्छा मील का पत्थर पार हो गया है, जो उम्मीद से कहीं अधिक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, जर्मनी, इटली और नीदरलैंड के साथ घनिष्ठ संबंध रहे हैं, वे भारत से सबसे बड़े आयातक हैं जबकि जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम माल के सबसे बड़े निर्यातक हैं।

शिखर सम्मेलन के हालिया प्रयासों से उनके संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास को स्थिर करने के लिए एक वास्तविक माहौल बनेगा (साथ ही माल और सेवाओं के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करना) रणनीतिक सुरक्षा, समृद्धि, स्थिरता और जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न होने वाली अचानक चुनौतियों का मुकाबला करना। इसके अलावा, कोविड -19 के दूसरे उछाल के दौरान यूरोपीय संघ के नागरिक सुरक्षा प्रणाली से भारत की मदद करने से निकट एकीकरण के लिए रास्ते खुले हैं।

विदेशी संबंध कुशल राजनयिक प्रणाली की मदद से संचालित होते हैं और संकट के समय कूटनीति सही इशारों और सहयोग और समन्वय के बारे में है। बेल्जियम और स्पेन के प्रधानमंत्रियों और फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने महामारी से निपटने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए केवल और सहयोग किया। हालांकि, परमाणु ऊर्जा, सतत विकास और पर्यावरणीय मुद्दों के संबंध में एकमत की कमी नहीं है। आगे की वार्ता से गैर-राज्य अभिनेताओं द्वारा आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय अपराध, ड्रग डीलिंग, तस्करी और साइबर खतरे के खिलाफ एक कवच प्रदान करने के लिए एक रणनीतिक तंत्र का निर्माण हो सकता है। यह समुद्री मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी तेज कर सकता है और हिंद महासागर और भारत-प्रशांत क्षेत्रों के आसपास सुरक्षा बढ़ा सकता है जो हाल ही में चिंता के क्षेत्र बन गए हैं।

ये बदलता समय है और हाल ही में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कई बदलाव हुए हैं। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का परिणाम इस तथ्य का समर्थन करता है कि एक बहु-स्तरीय और बहु-आयामी रणनीति के माध्यम से आपसी आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक साझा रणनीतिक दृष्टि और एक संयुक्त दृष्टिकोण आने वाले दिनों में विश्व व्यवस्था पर हावी होने वाला है।

व्यवस्था को अस्थिर करने के किसी भी प्रयास के विरुद्ध गंभीर प्रतिक्रिया की संभावना का प्रबंल रखते हुए प्रतिकार की एक नई रणनीति तय करने के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर अधिक परिपक्व निर्भरता हेतु नया परिप्रेक्ष्य विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

## फरमाया



**हमारे** पास किसी भी केंद्र में कोवैक्सीन नहीं बची है। जब तक वैक्सीन की आपूर्ति नहीं होगी किसी भी टीकाकरण केंद्र में कोवैक्सीन नहीं लगाई जाएगी।

– **आतिषी**
आम आदमी पार्टी की विधायक



**मैं** पाकिस्तान का वज़ीरे आज़म हूं और हम गाज़ा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हम फिलिस्तीन के साथ खड़े हैं।

– **इमरान खान**
प्रधानमंत्री, पाकिस्तान



**कोवैक्सीन** विनिर्माता ने कहा है कि वे अनुपलब्धता के कारण दिल्ली को वैक्सीन उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। वैक्सीन की आपूर्ति केंद्र के नियंत्रण में है।

– **मनीष सिसोदिया**
उपमुख्यमंत्री, दिल्ली

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## नदी में बहते शव

**देश** कोरोना जैसी विभत्स महामारी से जूझ रहा है। ऑक्सीजन की किल्लत के कारण लोगों को जान गंवानी पड़ रही हैं , लोगों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए घाटों पर लकड़ियां जुटाना मुश्किल हो रहा है शवों को गंगा में प्रवाहित किया जा रहा है यह सब घटनाएं बिहार और यूपी से निकल कर आ रही है। वहीं जिम्मेदार लोग अपनी कमियों को छुपाने के बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपना पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं। जरा सोचिए उन लोगों के बारे में भी जिनकी मौत करोना जैसी भयावह बीमारी से हुई हो और उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए भटकना पड़े तब भी उनका अंतिम विधि विधान पूर्वक न हो सके। अंतिम संस्कार के लिए लकड़िया ना मिलती हो और उनको गंगा में प्रवाहित करने के लिए ऐसे ही छोड़ दिया दिया जाए जहां अन्य लोगों के लिए भी संक्रमण का खतरा बना हो और नदी में अनेक जलीय जीव जन्तुओं के लिए खतरा उत्पन्न हो। इस मामले में काफी गंभीरता से सोचना चाहिए एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने की बजाय कोविड से मृत लोगों के अंतिम संस्कार के लिए उनको उचित संसाधनों का प्रयोग करने के लिए जिला स्तर पर आदेशित करें।

– **योगेंद्र गौतम**, उन्नाव

## अंतरिक्ष में तूफान

**विदेशों** से प्राप्त जानकारी का अध्ययन खगोलशास्त्रियों ,वैज्ञानिको ,ज्योतिषों आदि द्वारा किया जाकर सूर्यग्रहण के संबंध में नवीनतम जानकारी प्राप्त की जाकर सौर ज्वालाओं से बच जा सकता है। इसके कुछ वर्ष पूर्व सूर्य कि त्रियामी तस्वीर लेने गया खोजी अभियान नासा ने दो उपग्रह प्रक्षेपित किये गए थे। इस स्टीरियो अभियान का मकसद सूर्य कि त्रियामी तस्वीर के अलावा सूर्य से उत्पन्न होने वाली सोर उर्जा के बारे मे अध्ययन से शक्तिशाली सौर ज्वालाओं कि उत्पत्ति के बारे मे सही अनुमान लगाये जा सकना था, क्योंकि इसके कारण चुम्बकीय तूफान पैदा होते है ,जिससे धरती संचार प्रणाली के तहस-नहस होने कि आशंका हमेशा बनी रहती है। सूर्य पर तूफान कभी भी आ सकता है ,जिससे अन्तरिक्ष मे उपग्रह तथा अन्तरिक्ष यानों को भी क्षति पहुचने कि आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। खगोलशास्त्रियों ने दावा किया कि सूर्य अपनी सतह कि बजाए किनारों से ज्यादा गर्मी उत्सर्जित करता है और गर्मी नाभिकीय विखंडन के जरिये उत्पन्न होती है। इसी कारण सूर्य के धब्बों से अन्तरिक्ष मे तूफान आने कि संभावना बनी रहती है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

## कोरोना के बदलते प्रतिरूप

**कोरोनावायरस** के बदले प्रतिरूप अधिक घातक हैं और वे संक्रमण तेजी से फैला रहे हैं, लेकिन कहीं ऐसा तो नहीं कि उनकी प्रकृति में बदलाव को अभी भी सही तरह समझा न जा सका हो और इसी कारण वे कहर ढाने में लगे हुए हैं। इसलिए लोगों को लगातार चेताने, समझाने और उन तक सही सूचनाएं पहुंचाने का काम भी किया जाना चाहिए। उनके बीच आवश्यक तालमेल होना चाहिए। महामारी में समय पर सही सूचनाएं और जरूरी जानकारी कई समस्याओं का समाधान करती है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी भी कुछ लोग कोरोना वायरस से उपजी कोविड महामारी की गंभीरता को समझने के लिए तैयार नहीं। इसी तरह कुछ ऐसे भी हैं, जो टीका लगवाने में हिचक रहे हैं। टीके को लेकर लोगों की हिचक तोड़ने का काम तब प्रभावी ढंग से हो गा, जब उनकी उपलब्धता भी बढ़ाई जाए। भले ही 18 से 44 साल के लोगों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया हो, लेकिन देश के अनेक हिस्सों में अभी यह अभियान जमीन पर नहीं उतर सका है।

– **डॉ हेमंत कुमार**, गोराडीह

# ब्लैक फंगस जानिए क्यों हैं कोरोना वायरस मरीज़ के लिए घातक...?

■ बालोद जिले के एमडी मेडिसिन डॉ. देवेंद्र ने बताया इसके लक्षण और समय रहते इस फंगस से बचने के उपाय

■ ब्लैक फंगस को लेकर अलर्ट हुआ स्वास्थ्य विभाग

रवि भूतड़ा ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



पायनियर जनसरोकार

कोरोना संक्रमित मरीजों के फेफड़ों का इंफेक्शन कंट्रोल करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हाईडोज स्टेरॉयड से रायपुर सहित दुर्ग-भिलाई के अस्पतालों में भी ब्लैक फंगस (म्यूकरमायकोसिस) के मामले आ रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा खतरा डायबिटीज के मरीजों को है। जो कोरोना की चपेट में आ गए हैं। रिकवरी के दौरान और रिकवरी के बाद भी ब्लैक फंगस के मामले सामने आ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि शुरुआती स्टेज में ही बीमारी पकड़ में आ जाती है। तो मरीज का पूरी तरह इलाज किया जा सकता है। ब्लैक फंगस को लेकर जिले का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हैं। ब्लैक फंगस के बारे में बालोद जिला अस्पताल के एमडी मेडिसिन डॉ. देवेंद्र साहू ने पायनियर से बातचीत के दौरान इसके बारे में अहम जानकारियां साझा की। डॉ. देवेंद्र साहू ने बताया हैं कि जैसा की विगत 1 वर्ष से चल रहा है की कोरोना के मरीज पहली लहर खत्म हुई और ये दूसरी लहर चल रही है। इस लहर में हम देख रहे हैं कि मरीजों की न सिर्फ संख्या बड़ी है बल्कि मरीजों के इलाज में लगने वाला समय और लगने वाला ऑक्सीजन की मात्रा पिछले वेव की तुलना में बहुत ज्यादा लग रही है। तो मैं ये कहना चाहूंगा कि जब मरीज को लंबे समय तक ऑक्सीजन, लंबे समय तक एंटीबायोटिक्स इस तरह के हाई रिस्क ग्रुप में रखते हैं। तो ये एक संभावना हमेशा बनी रहती है कि उनको फंगस का इन्फेक्शन हो सकता है। हमारे बालोद जिले में अभी तक इस केस की पुष्टि नहीं हुई है। हम लोग इस विषय में बहुत पहले अलर्ट जारी कर चुके हैं। हमारे पडोसी जिले में इसके कुछ केसेस अभी मिले हैं। लेकिन अभी तक बालोद जिले में ऐसा कोई केस नहीं है। हम लोग इसके बचाव के लिए जो साधन हैं। उसके लिए एक माह पूर्व से ही तैयारियों में लगे हुए है। इस फंगस से लड़ने में हम अपने आपको सुदृण कर चुके हैं।

### जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है फंगस : डॉ. साहू

एमडी डॉ. देवेन्द्र साहू ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि ब्लैक फंगस म्यूकरमायकोसिस का एक सामान्य नाम है। और म्यूकरमायकोसिस डेंजरस फंगल इन्फेक्शन होता हैं। इसमें जो हमारा मेजोफेरेंजियल और रेस्पेरेटिवे सिस्टम है। वो इन्वॉल्व होता है। अगर समय पर इसकी देखरेख और दवाइयों का उपयोग न करें तो ये आगे बढ़कर नाक और आँख के छिद्रों से ये मस्तिष्क तक भी जा सकता है। जो लाइफ थ्रेटनिंग जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है। सामान्यतयः इस बीमारी का जो शुरूआती लक्षण है। वो चेहरे के विभिन्न हिस्सों पर दर्द, नाक से या मुँह से काले रंग के पदार्थ स्त्राव होना, या ऐसे आभास होना खून निकल रहा है। काले रंग का पदार्थ नाक से बाहर निकल कर आये। ऐसे हम ब्लैकिसिजने?ल सिक्रेशन कहते हैं। ब्लैकिसिजने?ल सिक्रेशन हो सकता है, या ब्लैक स्पुटम आ सकता हैं। फीवर इसका कोई लक्षण नहीं है। पर हा, चेहरे के कई हिस्सो में दर्द हो सकता है। शुरूआती लक्षण में हम इससे सतर्क रहें। जिले के समस्त चिकित्सकों को इसके विषय में अलर्ट जारी किया गया है।

### ब्लैक फंगस से बचाव के तरीके

डॉ. साहू ने ब्लैक फंगस के बचाव के तरीको की जानकारी देते हुए कहा कि बचाव का सबसे अहम तरीका है वो हर घर में हर अस्पताल में पालन होना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वो ये की जो भी ऑक्सीजन के पेसेंट हैं और ऐसे पेसेंट हैं जो एनिमो कप्रेमाइज्ड है। जो डाईबेटिक पेसेंट हैं। वो अपने नाक और मुँह का ओरल और नेजल हाइजीन पर बहुत ध्यान रखें। समय-समय पर इन्हे भाप लेकर और अन्य साधनो से इसके मॉस्चराइजर को मेंटेन रखे। इन्हे ड्राई न होने दें। कोई भी एंटीबायोटिक्स का उपयोग और विभिन्न दवाओं का उपयोग बिना किसी चिकित्सक से पूछे ना ले। डॉक्टर के परामर्श से ऐसी दवाओं का उपयोग करें।

# नगर पालिक निगम भिलाई के प्रत्येक जोन कार्यालय में हेल्प डेस्क की हुई स्थापना

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

टीकाकरण के लिए 18 से 44 वर्ष आयुवर्ग के व्यक्ति जिनके पास मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा नहीं है वह भिलाई निगम के नजदीकी जोन कार्यालय में करा सकते हैं अपना पंजीयन नगर पालिक निगम भिलाई के समस्त जोन कार्यालय में हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है! 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्ति जिनके पास मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है वह अपने नजदीकी जोन कार्यालय में पंजीयन कर्ता से संपर्क करके टीकाकरण के लिए अपना पंजीयन करवा सकते हैं! यह सुविधा केवल उन लोगों के लिए है जिनके पास मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है, क्योंकि जिनके पास मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा है वह पोर्टल से अपना पंजीयन स्वयं कर सकते हैं! परंतु जिनके पास मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है उनके लिए निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर सभी जोन कार्यालय में पंजीयन कर्ता की नियुक्ति जोन आयुक्त ने की है! उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के टीकाकरण हेतु ष्टत्र ञ्रद्गद्गझ्ड्ड पोर्टल तैयार किया गया है! माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इस पोर्टल का उद्घाटन लोगों की सुविधाओं को




ध्यान में रखते हुए किया गया है! इस पोर्टल में हितग्राहियों के लिए पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है! लेकिन जिनके पास मोबाइल और इंटरनेट की फैसिलिटी नहीं है, ऐसे हितग्राहियों के लिए नगर पालिक निगम भिलाई ने उनके पंजीयन कराने के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना कर दी है! जहां ऐसे लोग जिनके पास मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा नहीं है वह सीधे नजदीकी जोन कार्यालय में पहुंचकर निगम के पंजीयन कर्ता से अपना पंजीयन करवा सकते हैं! जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर के लिए मनीष हरपाल मोबाइल नंबर 7580835911, जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर के लिए सतीश प्रजापति मोबाइल नंबर 9827768236 एवं सतीश पंडित मोबाइल नंबर 7898082601, जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर के लिए राजेश्वरी वर्मा मोबाइल नंबर 9109820235, जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर के लिए सुदेश दास मोबाइल नंबर 7987960532 एवं जोन क्रमांक 5 सेक्टर 6 निगम कार्यालय के लिए एकता वैष्णव मोबाइल नंबर 8269348887 को हितग्राहियों का पंजीयन कराने के लिए नियुक्त किया गया है यह सभी कर्मचारी हेल्प डेस्क के माध्यम से 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग जिनके पास मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा नहीं है ऐसे लोगों का पंजीयन कार्य करेंगे!

# परशुराम जंयती के उपलक्ष्य पर ब्राम्हण समाज ने राहत कोष में 51 हजार दि, कलेक्टर ने किया धन्यवाद और परशुराम जंयती की दी बधाई

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



ब्राह्मण समाज बालोद द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्रह्म कुल आराध्य भगवान परशुराम का अवतरण दिवस कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सादगी पूर्ण तरीके से नगर स्तिथ परशुराम चौक में मनाया गया। उपस्थित विप्रजनों द्वारा भगवान परशुराम की पूजन अर्चन किया गया तथा प्रसाद वितरित किया गया। तत्पश्चात समाज के सभी लोगों ने यह फैसला किया गया कि जिस तरह भगवान परशुराम सभी के मदद के लिए सामने आते है उसी प्रकार हम उसके वंसज होकर क्यो न सामने आए और इस सोच के साथ समाज कोरोना महामारी से जूझ रहे पीड़ितों के राहत के लिए आगे कदम बढ़ाया और सहयोग के रूप में 51 हजार को राशि कलेक्टर जनमेजय महोबे को प्रदान किया गया। कलेक्टर ने धन्यवाद प्रेषित कर कहा कि ये बहुत अच्छा कार्य है और यह सहयोग राशि कोरोना मरीज के सेवा में ही उपयोग की जावेगी और उन्होंने समाज को भगवान पशुराम जयंती की शुभकामनाएं दी एवं समाज को उक्त सहयोग के लिए साधुवाद दिया।

उक्त प्रेरणादायी कार्य के लिए अटल दुबे, विनोद बंटी शर्मा, दीप्ति शर्मा, विक्की पांडे, धीरज उपाध्याय, रिंकू शर्मा, संजय शर्मा, हरीश दुबे, मनीष पाठक, टोप शर्मा एवं लोकेश पाठक मौजूद रहे।

# धमधा ब्लाक के शिक्षकों के सहयोग से शिक्षा विभाग कोरोना पीड़ितों की मदद के लिए आया आगे

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com





कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में कराह रहे मानवता की सेवा की लिये दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड के शिक्षक समुदाय ने आपसी सहयोग से राशि जुटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारी, अहिवारा एवं धमधा में आवश्यक सामग्री जुटाने में अहम भूमिका निभाई, कोरोना वारियर्स के रूप में काम करने वाले धमधा ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक शिक्षकों की कोरोना संक्रमण से असमय मौत के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे की पहल पर विकासखण्ड के शिक्षक समुदाय ने इस महामारी में अस्पताल और आक्सीजन के लिये जूझते, पीड़ित जनसमुदाय की मदद के लिये, आपस मे राशि संकलन शुरू किया। जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों की मदद लेकर कुम्हारी , धमधा एवं अहिवारा के स्वास्थ्य केंद्र में अतिरिक्त कोविड केयर सेंटर के लिए आवश्यक सामाग्री जुटाने में सफलता हासिल की। कोरोना से जंग में दिवंगत शिक्षकों को इस तरीके से श्रद्धांजलि दी है! संकुल समन्वयक मदन लाल साहू ने बताया कि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते कोरोना महामारी से दिवंगत शिक्षकों की स्मृति में ब्लॉक का शिक्षा महकमा पीड़ित मानवता की मदद के लिये सदैव तत्पर है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक शिक्षा विभाग धमधा के शिक्षकों की ओंर से 10 ऑक्सीजन सिलेंडर, 10 बेड ,500 मास्क,1 वाटर फिल्टर सहित 500 सैनेटाइजर में धमधा अस्पताल को 5 ऑक्सीजन सिलेंडर, 5 बेड, 5ऑक्सीमीटर, अहिवारा को 2 ऑक्सीजन सिलेंडर, 2 बेड,2ऑक्सीमीटर, एवं कुम्हारी को 3 ऑक्सीजन सिलेंडर, 3 बेड, 3ऑक्सीमीटर, 1 वाटर फिल्टर तथा मास्क एवं सैनेटाईजर नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सनत कुमार वर्मा, संकुल समन्वयक मदन लाल साहू, सीएसी गोढ़ी ताराचंद भारती, रामानंद राम, शिक्षक जी. चंद्रशेखर, केशव राम साहू, लेखराम गेण्ड्रे की उपस्थिति में जीवनदीप समिति सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र कुम्हारी में डॉ.रविन्द्र वर्मा को शुभेच्छाओं के साथ प्रदान किया गया। धमधा बीएमओ ने बताया कि शिक्षा विभाग के शिक्षकों द्वारा उपलब्ध कराए गए इन सामग्रियों की बदौलत, इस यूनिट से ऐसे मरीजो को फायदा मिलेगा जो कोविड महामारी से पीड़ित हैं, कोविड सेंटरों में बेड की कमी है तो भी मरीजों को यहाँ रखकर उनका आक्सीजन लेवल मेंटेन कर सकते हैं, होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों के लिए भी यह सेंटर फायेदमंद होगा, आपात काल मे लोगों की जान बचाने में इस यूनिट की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जिला शिक्षा अधिकारी पी.के.एस बघेल ने कहा कि आपदा के भयंकर स्वरूप के समक्ष हमारे साधन बेहद सीमित हैं, ऐसे ही छोटे छोटे मानवीय प्रयासों व पुरुषार्थ के बल पर इस लड़ाई से जीतना आसान होगा। इस नेक कार्य में समस्त शिक्षकों द्वारा स्वेच्छनुदान के माध्यम से अपना सद्भाविक योगदान दिया है। इस अवसर पर नगर पालिका स्वस्थ्य विभाग प्रमुख ओमनारायण वर्मा, मनहरण यादव, लेखराम साहू, देवेंद्र साहू, निलीश देवांगन आदि मौजूद रहे।

# रोज होगी कार्यवाही, लगातार उल्लंघन पर दुकान होगी सील 50 लोगों पर हुई कार्यवाही,13650 रु वसूला गया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com





प्रदेश और जिला में अभी 17 मई तक लॉकडाउन प्रभावशील है। इस दौरान सभी दुकानदारों सहित आम नागरिकों को लॉकडाउन के गाईड लाईन का पालन करना आवश्यक है। परन्तु हटरी बाजार, इंदिरा मार्केट, बोरसी, पोटिया क्षेत्र, चण्डी चौक और नयापारा क्षेत्र में दुकानें खोलकर और एक ही स्थान पर सब्जी फल पसरा लगाकर भीड़ किया गया। आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देशानुसार लॉकडाउन के नियमों का पालन कराने बनायी गयी निगम की तीनों टीमों ने अलग-अलग जगहों पर जाकर कुल 50 लोगों पर कार्यवाही कर 13650 रु0 दुकानदारों को जुर्माना लगाया। अतिक्रमण प्रभारी शिव शर्मा और उनकी टीम, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता और उनकी टीम, तथा सहा राजस्व अधिकारी प्रकाशधर दीवान और उनकी टीम ने मौकों पर जाकर कार्यवाही की।

### इंदिरा मार्केट इलेक्ट्रानिक दुकान में किया 2000 रु फाइन

आयुक्त मंडावी ने बताया शासन के दिशा निर्देश एवं गाईड लाईन अनुसार किसी भी मुख्य बाजार, मुख्य मार्ग आदि जगहों पर दुकानें नहीं खोला जाना है। केवल गली मोहल्ले में स्थित दुकानें ही नियत समय तक खोला जाना है। इंदिरा मार्केट में खुली दुकानों और सब्जी, फल ठेला में लगी भीड़ के द्वारा सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं करते हुये कई लोगों ने मास्क नहीं लगाया था। इसकी शिकायत मिलते ही नगर निगम की टीमों को कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

### एक ही स्थान पर न लगायें सब्जी, और फल का ठेला

नगर पालिक निगम दुर्ग की टीमों ने इलेक्ट्रानिक दुकान सहित एक ही स्थान पर भीड़ लगाकर व्यवसाय करने वाले 49 सब्जी, फल ठेले वालों पर लॉकडाउन का उल्लंघन किये जाने पर 100 रु0 से 200 रु0 जुर्माना किया गया। सब्जी और फल ठेलों में भीड़ लगी हुई थी। उन्हें चेताया गया कि वे सब्जी और फल घूम-घूमकर विक्रय करें। आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वे बाजार क्षेत्र में आकर भीड़ न लगायें। अपना सामान होम डिलवरी के माध्यम से मंगवायें। मास्क लगायें, और सोशल डिस्टेंस का पालन अवश्य करें।

### शहर में घूम-घूमकर चित्रकार संघ करेगें सेनिटाईज, विधायक, महापौर की उपस्थिति में इंदिरा मार्केट से प्रारंभ किया अभियान




**दुर्ग।** विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल की उपस्थिति में छ0ग0 मूर्तिकार चित्रकार संघ ने इंदिरा मार्केट इंदिरा प्रतिमा के पास से पूरे शहर के प्रत्येक वार्डों को सेनेटाईज करने अभियान प्रारंभ किये। विधायक, महापौर ने छ0ग0 मूर्तिकार, चित्रकार संघ को इस पहल के लिए धन्यवाद दिये। विधायक, महापौर ने संयुक्त रुप से कहा जिला प्रशासन, निगम प्रशासन के साथ अब जागरुक लोग भी शहर के स्वास्थ्य की सुरक्षा और लोगों को सुरक्षित करने आगे आ रहे हैं। इस कड़ी में छ.ग. मूर्तिकार, चित्रकार संघ का यह कार्य प्रशंसनीय है। उनसे अनुरोध है कि वे शहर के प्रत्येक वार्ड जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क कर उनके क्षेत्र को सेनेटाईज करें। सेनेटाईजिंग के दौरान संघ के पदाधिकारी जनता को संक्रमण से बचाव हेतु जागरुक करने के साथ ही मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंस का पालन करने की अपील करेगें।

# पटेल चौक से नेहरू चौक तक खास होगी शहर की सूरत, बेहतरीन लैंडस्केप वाले उद्यानों से गुलजार होगी सड़क

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com






सुबह-सुबह रोड ब्यूटीफिकेशन का कार्य देखने पहुँचे कलेक्टर, अवैध होर्डिंग्स हटाने दिये निर्देश, तय समय में काम पूरा करने कहा शहर में नागरिक सुविधा बढ़ाने एवं सौंदर्यीकरण करने प्रमुख सड़कों में व्यापक सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। आज इन कार्यों का निरीक्षण करने सुबह-सुबह कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे पहुँचे। उन्होंने कार्यों के निरीक्षण की शुरूआत नेहरू चैक से की। पटेल चौक से नेहरू चौक तक सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगतिरत है। पीडब्ल्यूडी ईई अशोक श्रीवास ने इस रास्ते में निर्धारित किये गए उद्यानों की जानकारी दी। इनके प्लान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने इसके बारे में आवश्यक सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि यह रास्ता बेहद खूबसूरत होना चाहिए। चूँकि यह शहर की सबसे प्रमुख सड़कों में से एक है इसलिए यहाँ से शहर की पहचान होनी चाहिए। गार्डन का प्लान इस तरह करें कि थोड़े से स्पेस में लोगों के लिए काफी उपयोगी हो। उन्होंने पाथवे आदि के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिये। निगम अधिकारियों ने विस्तार से यहाँ के प्लान की जानकारी दी। कलेक्टर ने अवैध होर्डिंग्स भी हटाने के निर्देश दिये।

ईईपीडब्ल्यूडी ने उन्हें प्लान के पाइप लाइन और सीवरेज सिस्टम के बारे में भी बताया। इस दौरान दुर्ग निगम के अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने भी इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि तय समय सीमा में काम करें। उन्होंने इस ओर आने वाले पोल की शिफ्टिंग के निर्देश भी दिये।

## नियमों की अवहेलना करने वाले 33 लोगों पर लगा 13300 रू. अर्थदण्ड

# छूट प्राप्त दुकानों में भीड़ न लगे निगम की मोबाइल टीम लगातार कर रही मॉनिटरिंग

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com





लॉकडाउन में आम नागरिकों के जरूरतों को देखते हुए जिला प्रशासन ने कुछ व्यवसायों पर आंशिक छूट दिया है! नियमों का उल्लंघन न हो इसकी लगातार मॉनिटरिंग निगम की मोबाइल टीम द्वारा किया जा रहा है। दुकानों पर भी? न लगे और सोशल डिस्टेंस का पालन हो इसके लिए व्यवसासियों को समझाइश भी दिया जा रहा है। लॉकडाउन के नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर मोबाइल टीम का गठन किया गया है! जहां कहीं भी नियमों की अवहेलना की शिकायत मिल रही है निगम की टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही कर रहे है। मुख्य बाजार एवं दुकानों के अतिरिक्त गली, मोहल्लों में घूम-घूम कर फल, सब्जी बेचने वालों पर भी नजर रखते हुए निर्धारित समय तक ही सामान का विक्रय हो इसके लिए नियमों का पालन कराया जा रहा है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जरूरी है सभी लॉकडाउन का सख्ती से पालन करे, इसके लिए निगम प्रशासन हर संभव प्रयासरत है और दो पालियों में निगम क्षेत्र का सघन निरीक्षण करते हुए लॉकडाउन के नियमों का पालन करा रही है। कोरोना वायरस की चेन को तोड़ने जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए लॉकडाउन की अवहेलना करने वालों पर भिलाई निगम नजर रखे हुए है। मोबाइल टीम नियमों की अवहेलना करने वालों से अर्थदण्ड वसूल रही है। टीम सुबह आकाशगंगा सब्जीमंडी, पॉवर हाउस फल एवं सब्जी मंडी, मछली मार्केट, मटन मार्केट, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, गोल मार्केट, ओम शांति ओम चौक एवं अन्य स्थलों का निरीक्षण किए और नियमों की अवहेलना करने वाले 33 लोगों से 13300 रूपये अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही किए। पॉवर हाउस मार्केट का सघन निरीक्षण करते हुए बाजार में अनावश्यक घूमने वालों को वापस लौटाया गया ताकि भीड़ न लगे। मोबाइल टीम को देखकर कई दुकानदार भाग खड़ हुए तो कई दुकानदार शटर को अंदर से बंद कर दुबके रहे। लॉक डाउन का सख्ती से अनुपालन के लिए निकली मोबाइल टीम ने पिछले दो दिनों में विभिन्न स्थानों पर लोगों से जुर्माना वसूला इसमें राजेश लाल से 200 रूपए, जगमग होटल से 1000 रूपए, केपिटल केजी से 1000 रूपए, कृष्णा आर से 2000 रूपए, होटल संचालक से 1000 रूपए जोशी से 200 रूपए, छत्तीसग? स्टोर्स से 1000 रूपए, राहूल से 200 रूपए, छोटू से 150 रूपए, दिलीप कुमार से 200 रूपए, भूवनेश्वर से 100 रूपए, राजेश से 200 रूपए, सुनील से 200 रूपए, रामकुमार सोनकर से 200 रूपए, सोनू चौहान से 200 रूपए, सोनू गुप्ता से 200 रूपए, भूषण से 200 रूपए, बाबू नन्द से 300 रूपए, रामप्रकाश से 500 रूपए, सूरज से 300 रूपए, संजय साव से 200 रूपए सहित 33 लोगों से 13300 रूपए अर्थदंड वसूलने की कार्यवाही की गई।

### अनुग्रह राशि बड़ी, कोविड में मृत ईपीएफ खाताधारी कर्मचारी के परिजन कर सकते हैं क्लेम प्रस्तुत

**दुर्ग।** औद्योगिक कारखाना एवं स्थापनाओं में कार्यरत कर्मचारी तथा जो प्लेसमेंट के माध्यम से नियुक्त हैं। जिनका कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में खाता धारक के रूप में पंजीयन है, ऐसे कर्मचारियों की कोविड-19 मृत्यु उपरांत बीमा राशि में वृद्धि की गई है। इस नवीन बीमा प्रावधान के तहत खाताधारकों के परिजनों के लिए न्यूनतम अनुग्रह राशि 2.5 लाख रुपए से अधिकतम अनुग्रह राशि 7 लाख रुपये दिनांक 28 अप्रैल से लागू कर दी गई है, जोकि 3 वर्ष के लिए प्रभावशील होगी। ईपीएफओ खाताधारकों की कोविड-19 से मृत्यु होने वाली मृत्यु को भी इस श्रेणी में शामिल किया गया है। ऐसे कर्मचारी जिनकी कोविड-19 से मृत्यु हुई है ईपीएफओ के माध्यम से ईएसआईसी समन्वय कर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए लॉक डाउन अवधि के पश्चात कार्यालय सहायक श्रमायुक्त दुर्ग में संपर्क किया जा सकता है।

Employees' Provident Fund Organisation

## क्विक न्यूज

### महिला को अकेली देख करने लगा छेड़खानी



**रायगढ़।** घर में महिला को अकेली देखकर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थानाक्षेत्र अन्तर्गत 12 मई की रात गांजा चौक रायगढ़ में रहने वाला अनिल शर्मा पिता गणेश शर्मा उम्र 27 साल रेल्वे स्टेशन की ओर दूसरे मोहल्ले की एक महिला को घर आंगन में अकेली देख छेड़खानी करने लगा। महिला के शोर मचाने पर उसका पति उठकर आंगन आया और अनिल शर्मा को दौड़ाकर पकड़ा। तब अनिल शर्मा उसके सीने में काटकर भाग, भागते समय अनिल शर्मा के गिरने पर उसके माथे में चोट आई है। आसपड़ोस के लोग अनिल शर्मा को पकड़े। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आरोपी अनिल शर्मा के विरूद्ध धारा 323, 506,354 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### कांग्रेस सरकार कर सकती है तो केंद्र की भाजपा सरकार क्यों नहीं: गिरधर

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने 13 मई को अभूतपूर्व फैसला लिया है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरोना संक्रमण से उपजी विपरीत परिस्थिति को देखते हुए नए राजभवन, नए विधानसभा भवन, सीएम हाउस, सर्किट हाउस, मंत्री गण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आवास निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है,सक्ती के वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरधर जायसवाल का कहना है कि अब यह सवाल तो उठेगा ही कि जब छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ऐसा कर सकती है तो केंद्र की मोदी सरकार ताबूत बनाम सेंट्रल विस्टा का निर्माण क्यों नहीं रोक सकती, जायसवाल का कहना है कि छत्तीसगढ़ के जन-जन को यह बात उठानी चाहिए की हजारों करोड़ के निर्माण कार्य को रोक कर नागरिकों को राहत देने का काम करें अस्पताल में बेड नहीं ऑक्सीजन नहीं नदी में लाशें बह रही हैं श्मशान में जगह कम पड़ जा रही है ईट कंक्रीट से ज्यादा जरूरी देश के नागरिक और देश है इसलिए जनहित में सबसे पहले सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोक लगानी चाहिए।

### बच्चों के देखभाल, संरक्षण के लिए विशेष हेल्पलाइन, चाइल्ड लाइन और महिला हेल्पलाइन शुरू

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा कोविड-19, संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों से प्रभावित बच्चों के संरक्षण ,उनकी सामयिक मदद, और सहारे के लिए हेल्पलाइन नंबर प्रारंभ किया गया है,कोविड -19, के समय में बच्चों की देखभाल और संरक्षण की ओर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। इस आपदा के कारण कई बच्चों ने अपने माता पिता को खोया है। कई माता पिता कोविड संक्रमण के कारण बच्चों की देखभाल में असमर्थ हो सकते हैं। कोविड 19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के कारण पालकों और बच्चों के मन में कई प्रकार की आशंकाएं एवं चिंता भी उत्पन्न हो रहीं हैं। ऐसे समय में सही सहारा एवं उचित परामर्श मिलना जरूरी है।इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विशेष हेल्पलाइन 1800-572-3969 प्रारम्भ की है।इसके अलावा चाइल्ड लाइन- 1098 एवं महिला हेल्पलाइन- 181 पर भी संपर्क किया जा सकता हैं। व्हाट्सएप्प नंबर- 9301450180 एवं ईमेल पर भी संदेश प्रेषित किया जा सकता है।इन हेल्पडेस्क के माध्यम से बच्चों के आश्रय,संरक्षण के संबंध में सही जानकारी एवं समुचित परामर्श मिलेगा,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रीति खोखर चखियार द्वारा समाज के जागरूक, प्रबुद्ध लोगों, समाज सेवी संगठनों से अपील कर कहा गया है।

# एसपी के प्रयासों से पुलिसकर्मियों के लिए बना कोविड केयर सेंटर

- 10 ऑक्सीजन युक्त बेड के साथ 10 सामान्य बिस्तर की सुविधा
- ऐसा जिला बना जहां पुलिस लाइन में कोविड केयर सेंटर बनाया गया

पायनियर संवाददाता | सक्ती
www.dailypioneer.com




प्रदेश में कोरोना की बढ़ती हुई भयावहता और कई पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों के लगातार संक्रमित होने के बाद उन्हें व उनके परिजनों को उपचार प्रदान करने के लिए जांजगीर प्रदेश का पहला ऐसा जिला होगा जहां के पुलिस लाइन में एसपी पारुल माथुर के प्रयासों से कोविड केयर सेंटर बनाया गया है। इस हॉस्पिटल में 10 आक्सीजन युक्त बेड के साथ साथ 10 सामान्य बिस्तर भी होंगे जहा पुलिसकर्मी व उनके परिजन स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे।यह सुविधा निचले स्तर के उन पुलिस कर्मियो के लिए वरदान की तरह है जिन्हें छोटे स्टाफ क्वार्टर व घर होने की वजह से होम आईसोलेशन के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। गौरतलब है कि पुलिस विभाग एसा विभाग है जिनके अधिकारी व कर्मचारी पिछले साल हुए लॉक डाउन के बाद से ही लगातार सड़कों में उतर कर फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में कार्य कर रहे हैं, इस दौरान वो लगातार संक्रमित भी हो जा रहे हैं और यही हाल पुलिस कर्मियों के परिजनों का भी उनसे संपर्क में आने के कारण हो रहा है। इन सब को मिलने वाली सुविधाएं बढ़ाने के लिए एसपी ने पुलिस लाईन में ही इनके उपचार के लिए डॉक्टरों समेत मेडिकल टीम व जरूरी इंस्ट्रूमेंट्स उपलब्ध करवा कर अस्पताल शुरू करवाया हैं,जांजगीर पुलिस बल के तीन जवान जिनमे शक्ति थाने में पदस्थ आरक्षक पुष्पेंद्र चन्द्रा, एसपी ऑफिस में पदस्थ पुरूषोतम राठौर व पामगढ़ थाना प्रभारी किसनु प्रसाद टन्डन कोरोना के कारण असमय ही कालकवलित हो चुके हैं।इन सब परिस्थितियों को देखते हुए जांजगीर एसपी पारुल माथुर ने जिला चिकित्सालय के डॅाक्टरों से परामर्श कर जांजगीर पुलिस लाईन में ही कोविड हॅास्पिटल खोलने की व्यवस्था करवा दी।एसपी के अनुसार हमारे जवान लॉक डाउन का पालन करवाने व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार सड़कों पर हैं, जिससे वह संक्रमित हो जा रहे हैं उसके बाद उनके संपर्क में आने के कारण उनके परिजन भी संक्रमित हो रहे हैं जिन्हे त्वरित उपचार हेतु सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में ही बेड, आक्सीजन,डॅाक्टर,स्टाफ व आवश्यक संसाधनों कि व्यवस्था कर हॅास्पिटल शुरू करवाया गया है।जिसमे प्रारम्भिक तौर पर 10 आक्सीजन बेड व 10 सामान्य बेड होंगे।उक्त कोविड केयर सेंटर में जांजगीर जिला चिकित्सालय के अनुभवी डॉक्टरों की व मेडिकल टीम इलाज हेतु उपलब्ध रहेगी।इसमें संक्रमित पुलिस कर्मियों के अलावा उनके परिजन भी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस हॅास्पिटल के खुलने से उन पुलिस कर्मियो को राहत मिल सकेगी जिन्हे होम आइसोलेशन के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, इस संबंध में जांजगीर-चांपा जिला पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हमारे अधिकारी,कर्मचारी लगातार लॉक डाउन का पालन करवाने व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सड़कों पर डटे हुए है, और इस दौरान संक्रमित होने पर उनकी त्वरित चिकित्सा हेतु सुविधा बढ़ाने के लिए पुलिस लाईन जांजगीर में जिला चिकित्सालय के डॅाक्टरों के सहयोग से 10 आक्सिजन युक्त व 10 सामन्य बेड का अस्पताल प्रारम्भिक तौर पर शुरू करवाया गया है। जिनमें पुलिसकर्मियों के साथ ही उनके परिजन भी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते है।

> आगे आवश्यकता व संसाधनों के उपलब्धता अनुसार इसका विस्तार भी किया जा सकेगा।
> पारुल माथुर, एसपी, जांजगीर-चाम्पा

## संक्रमण के प्रति जागरूकता की अलख होने लगी कामयाब




पायनियर संवाददाता | रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराये जाने के साथ संक्रमण के फैलाव को रोकने एसडीओपी, थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा लगातार गांव में जन प्रतिनिधियों व प्रमुख लोगों से चर्चा कर व्यवस्था बनाने की अपील की जा रही है। जिसका बेहतर प्रतिसाद सामने आ रहा है। खरसिया तहसील अन्तर्गत ग्राम मौहापाली में चौकी प्रभारी खरसिया नंद किशोर गौतम द्वारा ग्राम सरपंच ताराचंद राठिया, उप सरपंच दिनेश शर्मा, उमा पटेल सहित गांव के प्रमुख लोगों को ब?ते संक्रमण के फैलाव को रोकने गांव में बाहरी व्यक्तियों के आवाजाही एवं कुछ दिनों तक अनावश्यक गांव के बाहर जाने लोगों को मना करने की समझाइश दिया गया था। ग्राम प्रमुखों द्वारा पूरे ग्रामवासियों की सुरक्षा के लिए स्वतः 13 मई से एक सप्ताह तक सम्पूर्ण लॉकडाउन किया गया है। ग्राम प्रमुख द्वारा लॉकडाउन के पूर्व दैनिक जरूरत की सामग्रियों का भंडारण करने गांववालों को निर्देशित किया गया था। गांववालों का कहना है कि इस दौरान नियमों की अवहेलना करने पर पुलिस प्रशासन को सूचना देकर क?ी कारवाई कराई जाएगी। गांव में कोई व्यक्ति बाहर न निकले और न ही बाहर से कोई व्यक्ति गांव में प्रवेश कर सकेगा। चौकी प्रभारी द्वारा सरपंच, पंचों के इस निर्णय का स्वागत किया गया है, साथ ही वैक्सीनेशन एवं किसी के स्वास्थ्य खराब होने पर सूचना देने निर्देशित किया गया है। गुरूवार को व्यवस्था देखने पहुंचे चौकी प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा पूरे गांव का बाइक से पेट्रोलिंग किया गया।

## पानी की समस्या से जूझ रहे शासकीय कर्मचारी

पायनियर संवाददाता | रायगढ़
www.dailypioneer.com



आवासीय परिसर केलो परियोजना निर्माण शाखा पुसौर में आबंटित विभिन्न आवास में विभिन्न विभाग के शासकीय कर्मचारी निवासरत हैं। इस आवासीय परिसर में गत माह से पानी की काफी समस्याएं बनी हुई है। इससे लोग यहां काफी परेशान हैं। इसे लेकर अप्रैल माह में केलो परियोजना, निर्माण उप संभाग 3 आवासीय परिसर के अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया था, पर आज पर्यात यहां पानी की समस्या को अधिकारियों ने दूर करना भी मुनासिब नहीं समझा। सिर्फ आश्वसन मात्र देकर अपने कत्तव्यों से इत्तीश्री कर ली गई। आवासीय परिसर में रहने वाले शासकीय कर्मचारियों ने बताया कि यहां पीने के लिए अब पानी की भी व्यवस्था नहीं है, पूर्व में उसमें लाल रंग का गंदा बदबूदार पानी आ रहा था। विगत कई दिनों से यही स्थिति बनी हुई थी। इससे यहां निवासरत लोगों के बीच किसी बिमारी की भी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अलग अलग माध्यमों व दुरभाष से कई बार अनुविभागीय अधिकारी केलो परियोजना को अवगत कराया गया तथा आश्वसन मिलने के बाद भी आज पर्यात समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। शासकीय कर्मचारियों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में जहां पानी की नितांत आवश्यकता है।

## प्री मानसून नाला सफाई अभियान का हुआ शंखनाद

पायनियर संवाददाता | रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में बरसात पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई का काम नगर निगम ने शुरू कर दिया है। निगम प्रशासन ने नालों की सफाई अभियान की शुरूआत वार्ड क्रमांक 48 बोईरदादर से प्रारंभ किया है। निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय और वार्ड पार्षद सुनीता महेश शुक्ला की उपस्थिति में दर्जन भर सफाई कर्मियों का गैंग लगाकर नाले की सफाई कराई गई। वहीं निगम के दूसरे गैंग ने वार्ड 17, 39 और 41 में बड़े नालों की सफाई अभियान का शंखनाद किया। बारिश शुरू होने के पहले शहर के सभी बड़े नालों की सफाई हो जिससे शहर में वर्षा जल का भराव न हो इसको लेकर बीते दिनों निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय एवं महापौर जानकी काट्जू ने एम आई सी सदस्य एवं पार्षदों से बैठक की थी। जिसमे पार्षदों ने अपने अपने वार्डो के नालों के कारण जल भराव की समस्या बताई थी। सभी पार्षदों के सुझाव व मांग को कलमबद्ध करते हुए कमिश्नर ने अपने कर्मचारियों से नालों की सफाई करने सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया था। शहर में दो दर्जन बड़े नाले हैं ऐसे में इनकी सफाई के लिए कार्य योजना तैयार की गई। जिसके बाद गुरुवार से वार्ड क्रमांक 48 बोईरदादर से नालों की इस सफाई अभियान की शुरुआत की गई। स्वयं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय अपने निगम कर्मचारियों के साथ बोईरदादर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों का गैंग लगाकर मालीपारा से नाले की सफाई शुरू की। आयुक्त ने पार्षद सुनीता महेश शुक्ला के साथ वार्ड के बड़े नालों से जुड़ने वाले छोटे नालियों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही शहर के सभी बड़े नालों की सफाई बारी बारी से किया जाना बताया।

## शिवसेना ने गरीब बे सहाय लोगों को किया सब्जी वितरण

पायनियर संवाददाता | जांजगीर
www.dailypioneer.com



शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार शिवसेना जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह गहलोत से मार्गदर्शन लेते हुए दिलेश्वर विश्वकर्मा जिला सचिव विधानसभा प्रभारी अकलतरा ने कहा की जब भी देश में आपदा आई हो शिवसैनिक जान पर खेलकर आम जनता की रक्षा के लिए तत्पर रहे हैं देश के नागरिकों की हर संभव मदद करते हैं अभी देश में कोरोना महामारी फैली है लाखों लोग इस महामारी के चपेट में आ रहे हैं शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे जी का मूल मंत्र 80 प्रतिशत समाज सेवा और 20 प्रतिशत राजनीति के सिद्धांत पर चलना था उसी आधार पर शिवसैनिक देशवासियों की सेवा कर रहे हैं इस शिवसेना के मूल मंत्र पर चलते हुए अकलतरा विधानसभा के गांव गांव में शिवसेना द्वारा निशक्त प्रतिदिन कमाने खाने वाले परिवारों एवं निर्धन परिवारों को रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं सब्जियां घर घर पहुंचा रहे हैं आम जनता को कोरोना से निपटने सरकार की गाइड लाइन का पालन करने प्रेरित कर रहे हैं इस सेवा कार्य में प्रमुख रूप से दिलेश्वर विश्वकर्मा जिला सचिव विधानसभा प्रभारी अकलतरा श्याम सारथी ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य पिंटू उइरिया ग्राम अध्यक्ष छोटे लाल मरकाम श्रीसंत विश्वकर्मा भागवत विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## मुस्लिम परिवारों ने घर पर रहकर ही मनाई ईद उल फितर की खुशियां

पायनियर संवाददाता | सक्ती
www.dailypioneer.com



कोरोनावायरस जैसी वैश्विक संकट से हर कोई इस समय जूझ रहा है कोरोनावायरस को मात देने हेतु इस समय पुख्ता इलाज मौजूद नहीं है परंतु वैक्सीन के सहयोग से कोरोनावायरस से लड़कर हर संभव प्रयास इस वायरस को हराने में की जा रही है वहीं यह वायरस लोगों के संपर्क में आने से बड़ी तेजी से फैलता है इसी कड़ी को तोड़ने की मंशा से शासन द्वारा लॉकडाउन जैसे कड़े फैसले लेने पड़े हैं इसी बीच मुस्लिमों के पाक महीना कहे जाने वाला माह-ए-रमजान गुजरा जिसमें मुस्लिम समुदाय द्वारा रमजान का पहला चांद नजर आते ही रोजे रखने का सिलसिला शुरू हो जाता है पूरे माहभर रोजे रखे गए इस्लामिक माह रमजान में पूरे माहभर रोजे रखने पड़ते इस्लामिक कैलेंडर के 10 वें माह शव्वाल कि 1 तारीख को ईद-उल-फित्र त्यौहार मनाई गई जो कि 14 मई शुक्रवार को मुकम्मल हुई वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोविड-19 संक्रमण नियंत्रण हेतु सामाजिक धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के संबंध में दिशा निर्देश देते हुए दिनांक 9/5/2021 को पत्र के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए धार्मिक एवं सामाजिक त्योहारों के संबंध में धार्मिक गुरुओं/प्रमुखों से अपील की गई थी कि वे लोगों को धार्मिक एवं सामाजिक त्योहारों में भीड़ भाड़ न करने तथा पूजा, नमाज, इबादत, एवं अन्य आयोजन अपने-अपने घरों में व्यक्तिगत रुप से करने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील धार्मिक गुरुओं प्रमुखों से की गई थी इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा ईद-उल-फित्र मे लॉकडाउन के नियमों का कड़ाई से पालन करने बाबत 11/मई/2021 को पत्र के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा सुरक्षा एवं संक्रमण रोकथाम की दृष्टि से आवश्यक निर्देश प्रसारित किया गया जिसमें ईद-उल-फित्र की नमाज के लिए मस्जिद ,ईदगाह ,मदरसा ,दरगाह में 5 से ज्यादा लोग जमा न होने की अपील की गई थी लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित मुतवल्ली साहेबान नियमतः स्वमेव जवाब देह होंगे आम लोगों से अपील की गई थी।

## पूरे छत्तीसगढ़ में किया वेबीनार के माध्यम से प्लाज्मा वारियर्स का अभिनंदन

पायनियर संवाददाता | सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्लाज्मा वारियर्स द्वारा 13 मई को एक वेबीनार का आयोजन किया गया, इस वेबिनार के माध्यम से जहां प्रदेश की विशिष्ट हस्तियों एवं चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े प्रमुख जनों ने जहां प्लाज्मा को लेकर अपने अनुभव शेयर किए, तो वहीं प्रदेश में वर्तमान में काम कर रहे प्लाज्मा वारियर्स टीम के कार्यों के लिए उनको हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनको नमन किया, तथा प्लाज्मा वारियर्स द्वारा आयोजित वेबीनार का संचालन टीम के अंकित अग्रवाल, उदित अग्रवाल,रजत अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने किया तथा कार्यक्रम को बालाजी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चैयरमेन डॉ.देवेंद्र नायक, श्री नारायणा हॉस्पिटल के डॉक्टर सुनील खेमका रायपुर, नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे,रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चेयर पर्सन अशोक अग्रवाल, मुंगेली से प्रिया अनुराग गोयल, रायगढ़ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह,रायपुर पश्चिम के विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में जिस तरह से कोरोना संक्रमण तेजी से दूसरी लहर के रूप में हम सभी के सामने आया है, तो वही कोरोना के दौरान प्लाजमा थेरेपी एक बहुत बड़ी उपचार के रूप में हमारे सामने आई है, तथा प्लाज्मा वारियर्स के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश की ऊर्जावान टीम जिन्होंने अभी तक लगभग 12 सौ लोगों को प्लाज्मा डोनेट करवा कर एक पुण्य का काम किया है।

यह सभी एक प्रशंसनीय कार्य है, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में कोरोनावायरस की प्रथम लहर के बाद दूसरी लहर काफी प्रभावशाली है एवं हम सभी को आने वाली तीसरी लहर के लिए भी तैयार रहना होगा तथा सावधानी, जागरूकता एवं वैक्सीनेशन से ही हमको कोरोना की तीसरी लहर को हरा पाएंगे, कार्यक्रम के दौरान कोरोनावायरस के इस प्लाज्मा वारियर्स टीम के अंकित अग्रवाल, उदित अग्रवाल, रजत अग्रवाल, श्रीमती प्रिया अनुराग गोयल, पिंकी मनीष अग्रवाल, रक्तदाता समिति के संयोजक राजेश लोहिया, हेल्पिंग हैंड छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष बंटी सोनी खरसिया, पिंकी मनीष अग्रवाल बिलासपुर सहित टीम के सभी सदस्य जुटे रहे।

# कलेक्टर ने पुलिस लाइन और मड़वा पावर प्लाण्ट परिसर के कोविड अस्पताल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता | सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा कलेक्टर यशवंत कुमार और पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर ने आज 13 मई कोपुलिस लाइन के नवनिर्मित कोविड अस्पताल और मड़वा पावर प्लांट के सांस्कृतिक भवन में बनाए जा रहे 100 बिस्तर कोविड अस्पताल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पुलिस ग्राउंड खोखरा में बनाए गए कोविड अस्पताल की प्रशंसा की। उन्होंने इसके लिए शुभकामनाएं देते स्वास्थ विभाग के प्रोटोकॉल के अनुसार इस केंद्र का संचालन करने के निर्देश दिए। पुलिस लाइन में 20 बिस्तर अस्पताल की व्यवस्था की गई है, जिसमें 10 बिस्तर ऑक्सीजन बेड से युक्त है। यहां 24 घंटे तीन पालियों में डॉक्टर की ड्यूटी लगाई गई है। भोजन एवं सफाई साफ सफाई व्यवस्था के लिए भी कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है। चिकित्सकों के आवास व्यवस्था, मरीजों के मानिटरिंग के लिए सीसी कैमरा आदि की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर ने मड़वा पावर प्लांट में तैयार किए जा रहे शतप्रतिशत ऑक्सीजन बेड वाले 100 बिस्तर अस्पताल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उप संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी श्रीमती पायल पांडे ने बताया कि जिले के सभी कोविड केयर सेंटर्स में 111 कुलर, 65 नग टेलीविजन, 112 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर सीएसआर मद से उपलब्ध कराया गया है। दो दिनों के भीतर 200 नग कंसन्ट्रेटर उपलब्ध हो जाएगा। इसी प्रकार ऑक्सीजन बेड वाले कोविड केयर सेंटर्स में फायर सेफ्टी और जनरेटर भी सीएसआर मद से उपलब्ध कराए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर और टीकाकरण अधिकारी डॉ लहरे भी उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय जांजगीर चांपा द्वारा दी गई है।

## सांसद अजगले एवं विधायक चंदेल ने चांपा स्टेशन व धुरकोट के वैक्सीन सेंटर का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता | जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



लोक सभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगले एवं जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने संयुक्त रूप से चांपा रेलवे स्टेशन का अचानक निरीक्षण किया। वे बिना पूर्व सूचना के रेल्वे स्टेशन चांपा पहुंचे, वहां उन्होंने स्टेशन परिसर में पहुंचकर रेल्वे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए यात्रियों के कोरोना जांच के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही स्टेशन में अस्थायी रूप से रहने वाले भीख मांगकर अपना जीवन यापन करने वाले घुमंतु भिखारियों से भी उन्होंने बातचीत करते हुए उनके भोजन इत्यादि के संबंध में चर्चा किया। वे स्थानीय प्रशासन एवं रेलवे प्रशासन से उन्होंने कहा कि वे भिखारियों के दो समय के भोजन की व्यवस्था प्रतिदिन कराये। इसके साथ ही सांसद अजगले एवं विधायक चंदेल ने पूरे स्टेशन परिसर का घूमकर अवलोकन किया। तथा स्टेशन मास्टर को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। दोनो जनप्रतिनिधियों ने बिना पूर्व सूचना के अचानक ग्राम धुरकोट पहुंचे । वहां पर संचालित वैक्सीन सेंटर का निरीक्षण किया, तथा टीका लगवाने के लिये पहुंचे ग्रामीणजनों से उन्होंने बातचीत एवं चर्चा की, तथा वेक्सीन सेंटर का मुआयना किया। वे वहां पर उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी बातचीत एवं चर्चा की, ग्राम धुरकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्रा.उ.मा.वि. में संचालित दोनों वेक्सीन सेंटर का स्वयं चलकर निरीक्षण किया।

# युवक के ब्रेन पर लगी थी गम्भीर चोट, जम गया था खून का थक्का

टूटी थी सिर की हड्डी लेकिन श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने नहीं मानी हार, उनकी मेहनत लाई रंग

## युवक को मिली नई जिंदगी.. ऑपरेशन हुआ सफल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में एक बेहद गम्भीर मरीज जो कोमा में था उसके ब्रेन का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर युवक की जान बचाने में मेट्रो हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने सफलता प्राप्त की है। यह एक ऐसा सर्जरी था जो देश व विदेशों के कुछ हिस्सों में सफलतापूर्वक की गयी है।

विदित हो कि लैलूंगा निवासी 25 वर्षीय शिव कुमार यादव 22 अप्रैल 2021 को अचानक बॉडी में झटका लगने की वजह से सड़क पर गिर गया था। गिरने के तुरंत बाद उसे सिर पर गहरी चोट लगी और वह बेहोश हो गया और किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था। मरीज के परिजन उसे इस हालत में देख बेहद तनाव में आ गए थे। आनन-फानन में चोट ग्रस्त मरीज को श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा उसकी प्रारंभिक जांच शुरू की गई।

### मरीज के ब्रेन में लगे थे कई चोट

हॉस्पिटल लाते तक मरीज की अवस्था बेहद चिंतनीय व नाजुक थी। डॉक्टरों को जांच के दौरान मालूम हुआ कि मरीज की स्थिति अत्यंत गंभीर है तथा उसका दाहिनी तरफ का अंग नहीं चल रहा था और वह कोमा में चला गया था।

उसके सर का जब सिटी स्कैन किया गया तो पता चला की उसके मस्तिक में दोनों तरफ जानलेवा गंभीर चोट लगी थी। दाहिनी तरफ से 70 सीसी खून का थक्का जम गया था तथा बायीं तरफ मस्तिष्क के आधे भाग में खून का थक्का था और उसे गहरी भी चोट लगी थी। साथ ही उसके दाहिनी तरफ के सिर की हड्डी भी टूटी हुई थी। चोट लगने से मरीज के हॉस्पिटल पहुंचने तक 12 घंटे का समय बीत चुका था गंभीर चोट की वजह से मरीज कोमा में था तथा उसका दाहिना अंग काम नहीं कर रहा था। डॉक्टरों द्वारा मरीज का तत्काल ऑपरेशन करने का फैसला लिया गया। ऑपरेशन में खतरा काफी ज्यादा था दोनों तरफ की ब्रेन सर्जरी होने से सर्जरी के सफल होने की संभावना बेहद कम थी डॉक्टरों ने परिवार को हाई रिस्क बताते हुए परिजनों को जानकारी दी तथा उनके सहमति मिलते ही रात्रि 9रू00 बजे मरीज ऑपरेशन का फैसला लिया।

### क्या कहते हैं न्यूरो सर्जन डॉक्टर नीतीश नायक

डॉक्टरों की टीम के मुखिया न्यूरो सर्जन डॉक्टर नीतिश नायक ने बताया कि अकस्मात सर्जरी तो बहुत की है, लेकिन इस केस में अलग ही चुनौती थी। सिर के दोनों तरफ गंभीर चोट की तथा मरीज कोमा में था। यह सर्जरी करीब 3 घंटे चली जिसमें एक साथ पहले दायीं तरफ का खून का थक्का निकाला गया तथा उसके बाद बायीं तरफ तक का खून का थक्का निकाला गया फिर उसके बायीं तरफ सर्जरी की गई। यह सर्जरी देश तथा विदेशों के कुछ ही हिस्सों में सफलतापूर्वक की गई है। हमारी मेहनत रंग लाई और सर्जरी सफल रही। अगली सुबह मरीज को होश आ गया था तथा उसका दाहिना अंग काम करने लगा था। मरीज को 5 दिन तक ऑब्जरवेशन में रखा था। सिचवेशन कंट्रोल में देखकर मरीज को घर पर आराम करने की सलाह देते हुए 28 अप्रैल को डिस्चार्ज कर दिया गया।

### मरीज के परिजनों ने डॉक्टरों का किया धन्यवाद

मरीज के परिजनों ने डॉक्टर की टीम को धन्यवाद दिया और कहा की 'जिस हालात में हमने मरीज को इलाज के लिए लाया था उसे देखकर हम लोग डर गए थे। हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने मेहनत की तथा बता दिया कि रायग? में भी ये जटिल ऑपरेशन संभव है। इस सर्जरी में सम्मिलित एनेस्थीया डॉक्टर ने भी बताया कि ब्रेन में दोनों तरफ ऑपरेशन जटिल प्रक्रिया है। इस ऑपरेशन में मरीज के अत्यधिक रक्त स्त्राव होने तथा ऑपरेशन दौरान झटके आने व मृत्यु की भी संभावना होती है।

# विप्र समाज ने जिले भर में मनाई परशुराम जयंती वर्चुअल संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com



जिले में विप्र जनों ने अराध्य देव भगवान परशुराम की जयंती भक्ति भाव से मनाई, सामाजिकजनों ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपने अपने घरों में पूजा अर्चना की इसके साथ ही सामाजिक जनों ने सीमित संख्या में प्रेमाबाग मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की। प्रेमाबाग मंदिर परिसर में आयोजित एकदम सादे समारोह में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सामाजिक जनों ने भगवान परशुराम के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर उपस्थित समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ बाजपेयी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज नारायण मिश्रा, रवीन्द्रनाथ तिवारी, हेमलता शर्मा, राहुल मिश्रा ने भगवान के समक्ष पूजा अर्चना करते हुए महामारी के दौर में सभी की रक्षा करने का प्रार्थना किया। उपस्थित विप्र समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज नारायण मिश्र ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी को हनुमान जी की तरह चिरंजीव होने का आशीर्वाद प्राप्त है। भगवान शिव ने इनकी घोर तपस्या से प्रसन्न होकर इन्हें फरसा दिया था, फरसा को परशु भी कहा जाता है इस वजह से इन्हें भगवान परशुराम के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। वे भगवान शिव और विष्णु के संयुक्त अवतार माने जाते हैं,शास्त्रो में उन्हें अमर माना जाता है। भगवान परशुराम का जि महाभारत और रामायण में भी है,वे वीरता और महानता के प्रतीक माने जाते हैं। मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम ने ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर जनकल्याण के लिए कार्य किया हमें उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ बाजपेयी ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा समाज की भलाई के लिए त्याग करता रहा है हमें अपने गौरवशाली इतिहास को नही भूलना चाहिए।

रविन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम ने उद्दंड हो चुके राजतंत्र से प्रजा को बचाने के लिए 21 बार युद्ध किया था,लेकिन भगवान परशुराम ने धनुष यज्ञ में भगवान श्रीराम के सद्गुणों को पहचान कर अपने सामाजिक जीवन से सन्यास ले लिया था हमे उनके पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। राहुल मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा निःस्वार्थ भाव से सर्व समाज के लिए जीता रहा है आज के परिवेश में हमें भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। हेमलता शर्मा ने कहा कि हमारे अराध्य भगवान परशुराम, परशु और पराक्रम के प्रतीक हैं, इसलिए हमें उनके व्यक्ति त्व और परा म से सिख लेते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिये। ब्राह्मण कभी दुसरो का मोहताज नही रहा है, उसे हमेशा अपने कर्मो पर विश्वास रहा है। सभी विप्र जनों ने भगवान से मानव जीवन को स्वस्थ रखने और कोरोना महामारी से सभी को मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। वर्चुअल संगोष्ठी का हुआ आयोजन- सामाजिक जनों ने जिले भर में प्रातःअपने अपने घरों में भगवान परशुराम की पूजा की वहीं उसके बाद दोपहर में वर्चुअल संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ बाजपेयी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज नारायण मिश्रा, देवेंद्र तिवारी, हरिकांत अग्निहोत्री, रविन्द्रनाथ तिवारी, हरिनारायण पांडेय, अशोक पांडेय, विनोद तिवारी, रामशंकर मिश्रा.वेद पांडेय, हेमलता शर्मा, योगेंद्र मिश्रा, राहुल मिश्रा, गजानंद पांडेय, कुंजबिहारी मिश्रा, श्यामसुंदर पांडेय, बृजेश त्रिपाठी, डीपी मिश्र, गौरव मिश्रा, प्रणय शर्मा, लल्लू तिवारी, शुभांकर मिश्रा, शास्वत पांडेय, सर्वेश तिवारी, अक्षय ओझा, सुशांत पाण्डेय, कृष्ण गोपाल, अंकित चौबे,शैलेष शुक्ल आदि विप्र शामिल हुए। विप्र जनों ने भगवान परशुराम के जीवन वृतांत को याद करते हुए सामाजिक एकता पर बल देकर उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

# गुणवत्ता विहीन सड़कों के निर्माण की जांच में विधायक प्रकाश नायक सामने आएं : सुभाष पाण्डेय

## तूल पकड़ने लगा शहर में घटिया सड़क निर्माण का मामला

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगर निगम के पूर्व सभापति व भाजपा के वरिष्ठ पार्षद सुभाष पाण्डेय ने नगर निगम के क्षेत्र में विगत दिनों लॉक डाउन की अवधि में विभिन्न डामरीकृत सड़कों का निर्माण जो गुणवत्ता विहीन किया गया है एवं स्टीमेट के आधार पर निर्माण कार्य नहीं किया गया। उक्त सड़कों की जांच की मांग को लेकर महापौर एवम सभापति के मध्य परस्पर विरोधी बयान आ रहे हैं। चूँकि इन सड़कों के निर्माण के पूर्व विधायक प्रकाश नायक द्वारा भूमि पूजन एवम शिलान्यास किया गया। जिसकी लागत लगभग 3 करोड़ रुपये है। उक्त सड़कों की निर्माण की गुणवत्ता की जांच के लिए विधायक प्रकाश नायक स्वयं सामने आए चूंकि रायगढ़ की जनता की गाड़ी कमाई नगर निगम को कर के रूप में प्रदाय की जाती है अतः रायगढ़ नगर की जनता को विधायक, महापौर व सभापति के मध्य की गुटबाजी से कोई लेना देना नहीं, जनता को निर्माण व विकास कार्य टिकाऊ एवं गुणवत्ता पूर्ण चाहिए। सुभाष पाण्डेय ने बताया कि पूर्व में विधायक निर्वाचन के बाद लोचन नगर में निर्माणधीन सड़कों में शिकायत पर विधायक प्रकाश नायक तात्कालिक महापौर मधु बाई के कार्यकाल में आवश्यक हस्तक्षेप किये थे अतः कांग्रेस के कार्यकाल के निर्माणधीन सड़कों पर भी तत्काल हस्तक्षेप करें मौन साधे ना रहे,पूर्व सभापति ने सड़कों के निर्माण के पूर्व आयुक्त महोदय से तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति में निर्माण कार्य पूर्ण करने एवं अमृत मिशन योजना के भी पाइप लाइन विस्तार काम एवम सीमेंट कांक्रीट के कार्य को गुणवत्ता पूर्वक बनाए जाने की मांग किया था।

# केंद्र द्वारा रासायनिक उर्वरक खाद के रेट बढ़ाने से किसानों को पड़ेगी दोहरी मार- प्रकाश नायक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा रासायनिक उर्वरक खाद के रेट बढ़ाये जाने के फैसले को गलत ठहराते हुए रायगढ़ के युवा विधायक प्रकाश नायक ने इसे वापस लेने की मांग की है। केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय से किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। विधायक ने इसे किसान विरोधी निर्णय बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने केंद्र सरकार से आग्रह किया है।

रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने एक बयान जारी कर कहा कि इस कोरोना काल में जहां छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार किसानों को राहत देने की कोशिश कर रही है वहीं केंद्र की भाजपा सरकार इन किसानों को दोहरी मार झेलने के लिए मजबूर कर रही है। वर्तमान में पूरे देशभर के किसान कोरोना संकट से जूझते हुए केंद्र सरकार से राहत पाने की उम्मीद में बैठे हैं। वहीं सरकार उन्हें राहत देने के बजाय परेशानी उठाने के लिए मजबूर कर रही है। इसका ताजा उदाहरण केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा रासायनिक उर्वरक खाद के रेट बढ़ाये जाने के रुप में देखा जा सकता है।

विधायक ने आगे कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा रासायनिक उर्वरक खाद डीएपी रवि सीजन 2020-21 में 1200 रुपये प्रति बोरा उपलब्ध कराया गया था जबकि खरीब सीजन 2020-21 में इसे बढ़ाकर 1900 रुपए प्रति बोरा कर दिया गया है। डीएपी रासायनिक खाद के मूल्य में एकाएक 58:की वृद्धि कर दिए जाने से किसान हैरान होने के साथ-साथ चिंतित भी हैं।उन्होंने आगे कहा कि डीएपी के साथ-साथ अन्य रासायनिक उर्वरक खाद के रेट में भी वृद्धि की गई है। जैसे कि एनपीके खाद किसानों को 1185 रुपये के बजाय अब 1747 रुपए प्रति बोरा खरीदना पड़ेगा। सिंगल सुपर फास्पेट का कीमत 850 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए प्रति बोरा कर दिया गया है।

# खाद के बढ़े दाम वापस लें या बढ़े दामों पर अनुदान दे, प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता व जैजैपुर विधानसभा के युवा नेता अभिषेक स्वर्णकार ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को पत्र लिखकर रसायनिक खादों के दामों हुई वृद्धि को वापस लेने या उन बढे दामों पर किसानों को अनुदान (सब्सिडी) देकर राहत देने की बात कही है।उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि भारत सरकार के स्वामित्व वाली खाद बनाने वाली कम्पनी इफको व अन्य निजी कम्पनियों ने वर्ष 2021 के अंदर दो बार खादों के दामों में वृद्धि की है इस बार जो दरों में बढ़ोतरी की गई है व वर्तमान परिस्थितियों को देखकर कतई उचित नहीं है। उन्होनें अपने पत्र में बताया है कि खरीफ फसल की बुवाई का समय निकट है हमारे देश के किसान अपने खेत की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने व अधिक पैदावार लेने खरीफ फसल हेतु अधिकांश मात्रा में रसायनिक खादों का प्रयोग करते है इस बार जो खादों के मूल्यों में वृद्धि की गई है वो अब तक के इतिहास में सर्वाधिक वृद्धि है इसके पूर्व जब भी कीमतें बधाई गई है इतने अधिक मात्रा मे नही बढ़ाई गई इस बार 40 प्रतिशत से 58 प्रतिशत प्रति बोरी मूल्यों में बढ़ोतरी हुई है जिसके कारण 1200 रुपये में मिलने वाला खाद अब 1900 रुपये,1175 रुपये का खाद 1775 रुपये,20-20-20 खाद 925 रुपये से 1350 रुपये,12-32-16 खाद1185 रुपये से बढ़कर 1800 रुपये हो जाएंगे।बीते एक वर्ष में देश मे आई कोरोना महामारी की विपदा से जंहा पूरे देश की अर्थव्यवस्था को कुचल दिया जिसके कारण गरीब,मजदूर,व किसान बुरी तरफ प्रभावित हुए ऐसे समय मे खेती के उपयोग में अपना महत्पूर्ण स्थान रखने वाली रसायनिक खादों के दामों में बढ़ोतरी कतई न्याय संगत नही है। केंद्र की सरकार ने अपने इस वर्ष 2021 -22 के बजट में खादों पर मिलने वाले 54417 करोड़ रुपये की कटौती भी की है। विपरीत परिस्थितियां व दामों में बढ़ोतरी व अनुदान रुपये में कटौती किसानों पर चौतरफा मार जैसा है।

# 6 ग्राम में 100 और 32 ग्राम में 90 प्रतिशत टीकाकरण 45 वर्ष से अधिक उम्र वालों में भारी उत्साह

## 45 वर्ष से अधिक उम्र वालों को वैक्सीनेशन में बालोद ब्लॉक 111.69 प्रतिशत के साथ जिले में पहले स्थान पर

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में कोविड वैक्सीनेशन को लेकर लोगों में भारी उत्साह नजर आ रहा हैं। खासकर 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले बेहद ही जागरूक और सजग नजर आ रहे हैं। जिले के पांचों ब्लॉक डौंडी, डौंडीलोहारा, गुंडरदेही, गुरूर और बालोद में 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले 91.04 प्रतिशत लोगों ने कोविड वैक्सीन का पहला डोज लगवाया हैं। पहला डोज लगाने के मामले में बालोद ब्लॉक 111.69 प्रतिशत के साथ जिले में पहले स्थान पर हैं। वही गुरूर 95.04 प्रतिशत के साथ दूसरे, डौंडी 88.33 प्रतिशत के साथ तीसरे, गुंडरदेही 85.16 प्रतिशत के साथ चौथे और डौंडीलोहारा 83.23 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर हैं। बालोद ब्लॉक में लक्ष्य से ज्यादा वैक्सीनेशन हुआ हैं। 12 हजार 529 में 11 हजार 754 लोगो ने वैक्सीन की पहली डोड़ लगवाई हैं। बालोद ब्लॉक के ग्राम बघमरा/पर्रेगुड़ा, मेडकी, पाररास, दैहान, अमलीडीह और खेरथाडीह में 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले 100 प्रतिशत लोगों को टीका लगाया जा चुका हैं। वही 32 ग्राम के 90 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कोविड का टीका लगाया हैं। तो वही 5 ग्राम में 90 प्रतिशत से कम लोगों ने पहला डोज लगवाया हैं। बालोद ब्लॉक में 45 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 93.8 प्रतिशत लोगो ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज लगवाई हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शिशिर सोनी में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 45 बर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोविड टीका का पहला डोज लगाने में लक्ष्य का 91.04 प्रतिशत हासिल हुआ हैं। बालोद ब्लॉक में 26 हजार 113 के लक्ष्य में 28 हजार 83 को कोविशिल्ड और 1 हजार 82 को कोवैक्सिन लगाई गई हैं। बालोद ब्लॉक में लक्ष्य से ज्यादा 111.69 प्रतिशत वैक्सीनेशन किया गया हैं। इसी प्रकार डौंडी ब्लॉक में 32 हजार 352 के लक्ष्य में 28 हजार 507 को कोविशिल्ड और 68 को कोवैक्सिन, डौंडीलोहारा ब्लॉक में 41 हजार 105 के लक्ष्य में 34 हजार 24 को कोविशिल्ड और 187 को कोवैक्सिन, गुंडरदेही ब्लॉक में 42 हजार 634 के लक्ष्य में 36 हजार 224 को कोविशिल्ड और 85 को कोवैक्सिन एवं गुरुर ब्लॉक में 29 हजार 823 के लक्ष्य में 28 हजार 8 को कोविशिल्ड और 336 को कोवैक्सिन लगाई गई हैं।

# ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ने लॉकडाउन में किया लोगों की मदद

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कवर्धा जिले में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा ईद के एक दिन पहले ही वर्तमान में गरीब तबके को बंद के दौरान कुछ राहत सामग्री और नगदी रकम पांच सौ रुपये एवं सेवई मेवा का वितरण किया गया। पिछले एक से दो महीने कारोबार बंद होने से गरीब और मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले मजबूर लोगों को कुछ थोड़ी ही सही ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेसन के अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ खान जी ने इन गरीबों को राहत देने के इरादे से ठीक ईद से पहले सराहनीय कार्य करते हुए फाउंडेसन के लोगों की मदद से सभी गरीब तबके के लोगों तक राहत सामग्री और नगदी रकम के जरिये मदद पहुचाई गयी। दुर्ग संभाग के अध्यक्ष तौसीफ खान कहा कि निश्चित ही गरीब और मजदूर एवं कुछ मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए लॉक डाउन का काफी बुरा असर हुआ है ये लोग दैनिक कार्य करके परिवार चलाते है इनकी आर्थिक परेशानी को देखते हुए फाउंडेशन ने मदद को हाथ बढ़ाया आगे भी हमारा ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेसन हर सम्भव हर विपत्ति में मदद को तैयार रहेगा हमारा मकसद ही गरीब तबके की शादी या बीमार लाचार की मदद ही करना है उन्होंने कहा कि हम इस कोरोना काल मे भी हर तरह से प्रयासरत रहेंगे की लोगों को फायदा पहुचाई जाई। इस मौके पर दुर्ग संभाग अध्यक्ष तौसीफ खान जी के साथ साथ कवर्धा जिले के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे जिसमें जिले के अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ खान सरंक्षक समीम गोरी, अब्दुल सईद खान, इस्माईल भाई, सुभान हासमी उपाध्यक्ष बिलाल गांधी, अफजल खान, सचिव गुलबसर खान मीडिया प्रभारी रियाज अत्तारी शेख सरफराज ,सोएब खान अजहर, अकरम, हामिद रिजवी यूनुस खान ,विधिक सलाहकार सिबा खान प्रचार प्रसार साजिद, मजीद सरंक्षक सदस्य कुद्दुस बेग असलम नवाज सभी ने इस कार्य मे सहयोग दिया आगे भी सभी मिलकर ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेसन के जरिये मदद को आगे कार्य करते रहेंगे।

# कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने वर्चुअल माध्यम से सर्वसमाज प्रमुखों से की चर्चा

## ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह आदि कार्यक्रमों में कोविड नियमों के पालन हेतु लोगों को जागरूक करने की अपील

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एसएन राठौर की अध्यक्षता में विभिन्न समाज प्रमुखों से वर्चुअल माध्यम से चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत कुणाल दुदावत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु नियमों के पालन एवं प्रसार को रोकने को संबंध में समाज प्रमुखों से संबंधित समाज के लोगों को जागरूक करने की अपील की। दुदावत ने समाज प्रमुखों को शासन द्वारा विवाह कार्यक्रम आदि के संबंध में जारी आदेश से अवगत कराते हुए कहा कि विवाह कार्यक्रम में वर अथवा वधू के निवास गृह में ही आयोजित करने की शर्त के साथ आयोजन में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 10 निर्धारित की गयी है। जिसमें वर पक्ष से अधिकतम 5 व्यक्ति एवं वधू पक्ष से अधिकतम 5 व्यक्ति शामिल होंगे। इसी प्रकार अंत्येष्टि, दशगात्र, इत्यादि मृत्यु संबंधी. कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 10 निर्धारित की गयी है। विवाह अनुमति लेते समय वर पक्ष एवं वधू पक्ष के व्यक्तियों की सूची एवं समस्त व्यक्तियों का कोरोना जांच निगेटिव रिपोर्ट की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही कार्यक्रम के दौरान कोविड प्रोटोकाल के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। इस चर्चा में समाज प्रमुखों ने भी अपने अमूल्य सुझाव रखे एवं प्रशासन का सतत सहयोग करने की बात कही। कलेक्टर राठौर ने सर्व समाज प्रमुखों से अपील की है कि शादी एवं अन्य कार्यक्रमों के संबंध में जारी निर्देशों से लोगों को अवगत कराएं, साथ ही कोविड नियमों एवं सुरक्षा उपायों के पालन के प्रति जागरूक करें। आप सभी के सहयोग से ही कोरोना से जीतने में हम कामयाब होंगे।

## सीएम से पीएम मोदी को लेनी चाहिये सीख : शकुन्तला साहू

# नये सीएम हाउस निर्माण पर रोक भूपेश सरकार का ऐतिहासिक फैसला

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव और कसडोल विधानसभा की विधायक शकुन्तला साहू ने सीएम के उस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए स्वागत किया है जिसमें सीएम भूपेश बघेल ने घोषणा किया है कि अभी फिलहाल नये सीएम हाउस के साथ नया विधानसभा,नये राजभवन, नया सर्किट हाउस के साथ मंत्रियों और अधिकारियों के लिए बन रहे नये भवन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। शकुन्तला साहू ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार और खुद पीएम नरेंद्र दामोदरदास मोदी को इस फैसले से सीख लेनी चाहिये और तुरंत पीएम मोदी को 20 हजार करोड़ के सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बन रहे नये प्रधानमंत्री आवास,संसद भवन आदि के निर्माण पर तुरंत रोक लगा देनी चाहिए । शकुन्तला साहू ने कहा कि इस 20 हजार करोड़ का उपयोग पूरे देश में फ्री वैक्सीन और ऑक्सीजन की उपलब्धता मरीजों को कराने में करनी चाहिये। संसदीय सचिव शकुन्तला साहू ने कहा कि हमारी सरकार ने कोरोना के इस भयावह स्थिति को देखते हुए जनता के हिट में फैसला लिया है क्योंकि हमारी सरकार नहीं चाहती कि एक तरफ हम फिजूल खर्ची करें और दूसरी तरफ प्रदेश की जनता कोरोना महामारी से परेशान रहे। दरअसल कोरोना संक्रमण के कारण राज्य में उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने मितव्ययता के लिए और भी कड़े कदम उठाने का निर्णय लिया है।

इसी सिलसिले में पूर्व से किए जा रहे उपायों को विस्तार देते हुए अब नवा रायपुर में निर्माणाधीन नये राजभवन, विधानसभा भवन, सीएम हाउस, मंत्रीगणों व वरिष्ठ अधिकारियों के आवास, नये सर्किट हाउस के निर्माण कार्यों में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इन कार्यो का भूमिपूजन 25 नवंबर 2019 को किया गया था ।छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बीते 26 अप्रैल को सभी विभागों को निर्देश दिए गए है कि गत वर्ष की तरह ही वित्तीय वर्ष 2021-22 में भी मितव्ययता बरती जाए। अब इससे भी आगे जाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर नवा रायपुर में चल रहे प्रमुख निर्माण कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा नवा रायपुर में निर्माणाधीन नये राजभवन, नये सीएम हाउस, मंत्रीगणों व वरिष्ठ अधिकारियों के आवास, नये सर्किट हाउस के निर्माण कार्यों में तत्काल प्रभाव से रोक के लिए संबंधित ठेकेदारों को आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही सेक्टर-19 में नवीन विधानसभा भवन के निर्माण के लिए 245 करोड़ 16 लाख और 118 करोड़ के कार्यो की पूर्व में जारी निविदाओं को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

# सुरेंद्र बहादुर सिंह ने लगवाया कोरोना वायरस का दूसरा टीका



**सक्ती।** अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं सक्ती रियासत के राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह ने 12 मई को शहर के जवाहरलाल नेहरू उपाधि महाविद्यालय परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती द्वारा स्थापित कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर में पहुंचकर कोरोना का दूसरा टीका लगवाया, इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन के तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती के टीकाकरण प्रभारी डॉ. शशांक शर्मा,अमर अग्रवाल जी, नरेश सेवक, रोहित दोहरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे,राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व मंत्री ने कोरोना का दूसरा टिका लगवाया।


**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम) (आइएसओ 9001 कंपनी)
बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्प्लेक्स
बचेली - 494553, जिला - दक्षिण बस्तर (दन्तेवाड़ा) छ.ग.
फोन नं. 07857-230210, मोब. - 95756 65681

**//ई-निविदा सूचना//**

बी.आई.ओ.एम./बीसी/संविदा/प्रकाशन/2021-22/042 दिनांक : 15.05.2021

निम्नांकित कार्यों के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली काम्प्लेक्स द्वारा ईनिविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता CPP Portal अथवा www.nmdc.co.in अथवा http://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc/ पर देख सकते हैं एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा फॉर्म को केवल ऑनलाइन ऊपर दिये गए MSTC के पोर्टल में निर्धारित अंतिम तिथि के 3.30 बजे शाम तक जमा किया जाएगा एवं 4.00 बजे शाम खोला जाएगा।

| MSTC Ref. No. NMDC/ Bacheli/ 21-22/ET/ | NMDC Tender No. BIOM/BC/ CONTRACTS /OTE (42)/21-22/ | Short Description of Work | Last Date of Sub'n |
|---|---|---|---|
| 1 34/55 | C-162 | Construction of butters wall of length 340 meters at toe of waste dump no. 5, Deposit-05 BIOM Bacheli Complex | 01/06/2021 |
| 2 35/56 | E-013 | Electrification of SLRM center at Central Work Shop, Bacheli. | 01/06/2021 |
| 3 36/57 | C-158 | Annual R & M of Loading Plant, SP Dep-05, 10&11A up to JH-02 at BIOM Bacheli Complex for the Year 2021-22 | 03/06/2021 |
| 4 37/58 | C-159 | Miscellaneous activity shed at KV Primary School, Bacheli township | 03.06.2021 |
| 5 Offline tender | LS-002 | Enlistment Of Contractors For Labour Supply Works Of Value Upto Rs. 20.00 Lakhs For Various Jobs in BIOM Bacheli Complex | 04.06.2021 |

महाप्रबंधक (अनु. एवं से.) अनु.
बीआईओएम, बचेली कॉम्पलेक्स

# ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं थम रहा कोरोना, कलेक्टर ने झोलाछाप डॉक्टरों को माना जिम्मेदार

## दो सप्ताह से दे रहे छापेमारी का निर्देश, जिलेभर के बीएमओ कर रहे नजरअंदाज

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विगत सप्ताह भर से कोरोना का संक्रमण दर शहरी क्षेत्र में कम हुआ है। जिला मुख्यालय से लेकर बाकी बड़ी आबादी में भी संक्रमण कम हो रहा है लेकिन अभी तक कोरोना का प्रकोप ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं थमा है। ग्रामीण इलाकों में कोरोना संक्रमण बढ़ने के कारण अनगिनत हैं और नियंत्रण के उपाय उंगलियों में गिनने लायक भी नहीं है। जागरूकता का अभाव, लॉकडाउन व प्रोटोकॉल के उल्लंघन के मामलों और सबसे अधिक स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और लचर स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को बड़ा कारण बताया जा रहा है।

प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त एन्टीजन किट के अभाव से जांच तक पूरी नहीं हो पा रही है। वहीं आरटीपीसीआर और ट्रूनॉट जांच के इच्छुक ग्रामीणों को राजनांदगांव जाने की सलाह दी जा रही है। भगवान भरोसे होम आइसोलेशन मरीजों को छोड़ देने से ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमण का चैन नहीं टूट रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग पर जिला प्रशासन के निर्देशों को ठेंगा दिखा कर अपनी मनमानी का भी आरोप लगाया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली का बेजा फायदा झोलाछाप डॉक्टर जमकर उठा रहे हैं और झोलाछाप डॉक्टरों के यहाँ लग रही भीड़ ही कोरोना संक्रमण के अहम कारणों में गिना जा रहा है। इन हालातों की जानकारी के बाद और ग्रामीण इलाकों में लगातार हुई मौतों के बाद जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया। कलेक्टर ने झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई का लगातार दो सप्ताह तक समयसीमा की बैठक में सीएमएचओ और सभी बीएमओ को झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई का निर्देश भी दिया है।

सभी अवैध क्लीनिकों को सील करने के कलेक्टर के निर्देशों के पालन में कुछ ब्लॉक के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों ने औपचारिकता निभाने गिनती के झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई का महज दिखावा किया है। रंगे हाथों अवैध दवाईयों के साथ इलाज करते पाये जाने के बाद भी क्लिनिक को मात्र सील कर दिया गया। लोगों के



जान से खिलवाड़ करने के इस अवैध कारोबार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाना तक स्वास्थ्य और प्रशासनिक अधिकारियों ने जरूरी नहीं समझा। छुटपुट औपचारिक कार्रवाई में भी मिले अवैध दवाईयों के स्टॉक को लेकर ड्रग विभाग भी खामोश बैठा है।

ड्रग और स्वास्थ्य विभाग के गठजोड़ की बानगी से वाकिफ झोलाछाप डॉक्टरों ने औपचारिक कार्रवाई के दूसरे दिन से ही अपना धंधा घर पहुंच शुरू कर दिया। खबरों के अनुसार खैरागढ़, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुईखदान, गंडई, और मानपुर मिलाकर मुश्किल से कार्रवाई का आंकड़ा दहाई तक नहीं पहुंच सका। जबकि जिले भर के तमाम झोलाछाप डॉक्टरों की सूची सीएमएचओ और सभी बीएमओ के पास उपलब्ध है। सालभर पहले हाइकोर्ट ने इस मामले में सरकार और विभाग को कड़ी फटकार भी लगाई थी। उच्च न्यायालय के सख्त चेतावनी के बाद जिलेभर के झोलाछाप डॉक्टरों की सूची तैयार की गई थी।

इससे भी बढ़कर कलेक्टर के आदेश की रत्तीभर भी परवाह किए बगैर छुरिया और घुमका बीएमओ ने कार्रवाई ही नहीं किया। उल्टे घुमका बीएमओ कलेक्टर के आदेश बाद घुमका ब्लॉक के तमाम झोलाछाप डॉक्टरों को अपने कार्यालय में बैठक लेकर छापे की पूरी योजना को सार्वजनिक कर दिया। नतीजा दूसरे दिन घुमका समेत पूरे ब्लॉक के फर्जी डॉक्टरों को अपने अवैध दवाईयों के स्टॉक को हटाने का मौका मिल गया और अब स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के नाक के नीचे झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम घर घर घूमकर सर्दी खांसी बुखार के मरीजों का इलाज कर रहें हैं। कुछ ऐसे चिकित्सक कोरोना जांच से मना कर गाँवों में भोले भाले ग्रामीणों के बीच वैक्सीन के खिलाफ माहौल भी बना रहे हैं। छापे की पूरी योजना सार्वजनिक करने के गम्भीर मामले में बीएमओ और अधिकारियों की गठित टीम के हरकतों से कलेक्टर के दो सप्ताह से दिये जा रहे निर्देशों की बुरी तरह भद्द पिट गई है। ग्रामीण इलाकों में घर पर ही सर्दी खांसी और बुखार के इलाज के चक्कर मे कोरोना के बढ़ रहे संक्रमण को रोकना असम्भव हो सकता है।

### न मान्यता, न उपाधि, ड्रग विभाग की शहर पर चल रहा कारोबार

ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानदारी में सबसे बड़ा पेंच फर्जी डिग्री और योग्यता का बताया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में मिडिल और हाई स्कूल फेल कथित प्रेक्टिशनर कई फर्जी संस्थाओं की ऐसी डिग्री लेकर क्लिनिक चला रहे हैं जिस पैथी को मेडिकल काऊंसिल ने न तो मान्यता दी है और न ही ऐसी उपाधियों का पंजीकरण किया गया है। ऐसी स्थिति में कथित प्रेक्टिशनर फर्जी पंजीयन नम्बर का प्रमाणपत्र लेकर झोलाछाप डॉक्टरी के कारोबार की गरज से उच्च न्यायालय से भी लताड़े जा चुके हैं। बावजूद इसके स्वास्थ्य और ड्रग विभाग की मेहरबानी चल रहे कारोबार में अब सत्तापक्ष के बड़े नेताओं की भी रुचि देखी जा रही है। जिले के ग्रामीण अंचल में कार्रवाई के डर से फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरों ने किराये का ड्रग लायसेंस लेकर मेडिकल स्टोर के आड़ में अब अपनी दुकानदारी चला रहे हैं। पूरा खेल अब ड्रग कंट्रोल विभाग के शह पर चलने की खबर है। ग्रामीण क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि बमुश्किल हाई स्कूल तक पड़े कथित डॉक्टरों और केमिस्टों के हाथों अपना पैसा और जीवन दांव पर लगाने की मजबूरी का सौदा स्वास्थ्य और ड्रग विभाग के अफसर अरसे से करते आ रहें हैं। अब नेता भी खुलकर समर्थन करने लगे हैं।

# नदारद सत्ता के नेताओं को बचाने की नाकाम कोशिश कर रहीं हैं महापौर

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने महापौर हेमा देशमुख के बयान पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि महापौर देशमुख अपने आलाकमान और प्रभारी मंत्री को बचाने की कोशिशों में बेतुके बयान दे रहीं हैं। प्रदेशभर में बिगड़ती स्थिति को लेकर सरकार आरोपों से घिरी हुई है। उन्होंने कहा कि आम जनमानस की मदद को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और भाजपा-भाजयुमो के कार्यकर्ता मोर्चा संभाले हुए हैं। जवाब तो इस बात का चाहिए कि इस विपरित स्थिति में प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर क्या कर रहे हैं और कहां हैं ? जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं तंग हैं। वेंटिलेटर का मास्क तक अस्पताल में उपलब्ध नहीं है.. इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव क्या कर रहे हैं ? जिम्मेदार कांग्रेसी भी इन अव्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाने से आखिर परहेज क्यूं करते हैं। नेता प्रतिपक्ष यदु ने कहा कि संस्कारधानी में मरीज एक-एक सांस के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और भाजपा-भाजयुमो के कार्यकर्ता अपने ही स्तर पर खुद जुटाई गई सुविधाओं के साथ लोगों की मदद कर रहे हैं। और यह मदद न सिर्फ संस्कारधानी के लोगों को मिल रही है अलबत्ता प्रदेश के कई हिस्सों तक पूर्व मुख्यमंत्री अपने स्तर पर मदद मुहैया करा रहे हैं। कांग्रेसियों और खासकर महापौर देशमुख को ये जानकारी होनी ही चाहिए कि राजनांदगांव का नेतृत्व करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह पूरे प्रदेश के नेता हैं।



उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के कार्यकाल में हुए निर्माण कार्यों की बात महापौर न ही करें तो बेहतर है क्यूंकि इसका जवाब कांग्रेस के पास भी नहीं है। ढाई साल बीत चुके लेकिन सरकार की ओर से संस्कारधानी को अब तक कुछ हासिल न हो सका। कांग्रेसी महज भाजपा कार्यकाल के निर्माण कार्यों का फीता काटकर खुद को संतुष्ट करते रहे हैं। महापौर स्वयं भी राजनांदगांव शहर को किसी तरह की विशेष उपलब्धि दिलाने में असफल रहीं हैं। एक तरह से देखा जाए तो राजनांदगांव के कांग्रेसी अपनी ही सत्ता में दरकिनार किए जा चुके हैं।गर्मी का वक्त है और शहर के कई हिस्सों में पानी को लेकर हाहाकार की स्थिति है। इसके उलट डेढ़ वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुकीं महापौर इस मामले में उदासीन ही हैं। अमृत मिशन योजना के ट्रायल को लेकर ढींढोरा पीटने के बाद इस योजना का हाल बेहाल है। सवाल यह भी है कि अगर योजना में ठेकेदार या अधिकारियों की ओर से लापरवाही की जा रही है तो महापौर इस मामले में कार्रवाई करने से क्यूं पीछे हट रहीं हैं ? अपनी ही सत्ता न संभाल पा रहीं महापौर न जाने किस नजरिए से 15 साल प्रदेश की सत्ता संभालने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को लेकर सवाल उठा रहीं हैं। यह उनका स्तर ही नहीं है।

# देवालयों में हुई विशेष पूजा

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर देवालयों में विशेष पूजा की गई। लॉकडाऊन के चलते लोगों ने घर पर ही रहकर यह पर्व मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों का ब्याह रचाया। परशुराम जयंती भी विधि-विधान के अनुसार मनाई गई। इस वर्ष भी अक्षय तृतीया की रौनक फिकी रही। कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाऊन के हालात के बीच न बाजार में रौनक हो सकी और न ही लोग घरों से बाहर निकले।



# सांसद की अज्ञानता व भ्रम से संसदीय क्षेत्र शर्मसार : कांग्रेस

■ सांसद केंद्र से संसाधन उपलब्ध कराने के बजाए भजन-भोजन में मस्त : रूपेश दुबे

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे के शराबबंदी के लिए गंगाजल की कसम वाली बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अब यह तय हो गया है कि पूरी भाजपाई अज्ञानता के साए में भ्रम फैलाने का ही काम करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के बाद सांसद का बयान बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान अल्लाह की कहावत को चरितार्थ करता है।



प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा की बार बार भाजपा के लोग कांग्रेस पार्टी पर शराबबंदी के लिए गंगाजल को हाथ में लेकर कसम खाने की झूठी बातें फैला रहे हैं। इससे उनका दिमागी दिवालियापन प्रदर्शित होता है। कांग्रेसी भाजपाइयों को इस दिवालियापन से निकालने के लिए कांग्रेस पार्टी उस प्रेस कॉन्फ्रेंस की वीडियो सीडी भेंट करेगी जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि कांग्रेस पार्टी किस मुद्दे के लिए गंगाजल हाथ में ली थी। जब से राजनांदगांव का संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व भाजपाइयों के हाथों गया है तो शर्मसार ही हुआ है जैसे किसी ने प्रश्न पूछने के नाम पर पैसा लेकर नाम कमाया तो किसी को सांसद रहते हुए दोबारा उनकी पार्टी ही उसे योग्य ना समझकर टिकिट के लायक भी नही समझा है। और तो और सांसद पांडे ने तो निधि ही 25 लाख होने के बाद एक करोड़ देने की झूठी वाहवाही भी कोरोना संक्रमण काल के आपदा को अवसर में बदलने से नहीं चूके थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से कोरोना से निपटने के लिए फूटी कौड़ी भी दिलाने का साहस सांसद नहीं कर सके और मात्र जुमलेबाजी रामायण की चौपाई और कोरोना से गीत के माध्यम से लड़ने के लिए गीत लिखकर थाली और ताली बजाने की संस्कृति को ही आगे बढ़ाया है। एक सजग जनप्रतिनिधि का दायित्व उन्होंने कभी नहीं निभाया यहां तक कोरोना संक्रमण काल से निपटने के लिए कभी कोई ठोस पहल नहीं की। बस संस्थाओं के द्वारा चलाए जा रहे सेंटरों में पहुंचकर फोटो खिंचवाने का बस काम किया है। शव वाहन देने के आड़ में प्रशासन को ड्राइवर, डीजल का भार देने का ही काम किया है। सांसद निधि के अलावा उन्होंने अपने वेतन भत्ते का दान किया हो तो सार्वजनिक करे।

# प्रदेश किसान कांग्रेस आज देगी वर्चुअल धरना

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, प्रदेशअध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश प्रभारी महामंत्री संगठन एवं किसान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशनुसार बुधवार को किसान कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक हुई। वर्चुअल मीटिंग में पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव व प्रदेश महामंत्री मदन साहू भी सम्मिलित हुए।

वर्चुअल मीटिंग के संबंध में मदन साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव ने पायनियर को बताया कि 15 मई शनिवार को पुरे प्रदेश में किसान कांग्रेस धरना देकर रासायनिक खाद में वृद्धि को कम करने की मांग करेंगे। स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित कर रसायनिक खाद की दरो में वृद्धि को तत्काल कम करने की मांग करेंगे। धरना अपने अपने घरो में देगे एवं सोशल मिडिया के माध्यम से सभी किसानों को जानकारी देगे। साहू ने बताया कि किसानो को कृषि कार्य हेतु सस्ता डीजल उपलब्ध कराने कि मांग तथा छत्तीसगढ़ का 60 लाख मीट्रिक चावल तत्काल खरीदने की मांग केंद्र सरकार से करेंगे।



प्रदेश महामंत्री साहू ने बताया कि रबी फसल के गेंहू, धान सब्जी विक्रय हेतु कृषि उपज मंडी खोलने कि मांग किया है। खरीफ फसल हेतु केसीसी राशि देने हेतु व खाद बीज भण्डार हेतु सोसाइटी खोलने की मांग की गई है। इसके अलावा सोसाइटी के कर्मचारी व राशन दुकान के कर्मचारियो को प्राथमिकता से वेक्सीन लगवाने कि मांग की गई है।

# विधायक छन्नी चन्दू साहू ने दिवंगत शिक्षक के परिजनों को ढांढस बंधाया

पायनियर संवाददाता ∢ छुरिया
www.dailypioneer.com

ग्राम बूचाटोला निवासी एवं प्राथमिक शाला आटरा के कर्तव्यनिष्ठ युवा शिक्षक वीरेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी के आकस्मिक निधन का दुखद खबर पाकर क्षेत्रीय विधायक छन्नी चन्दू साहू ने उनके निवास में जाकर दिवंगत शिक्षक वीरेन्द्र चन्द्रवंशी की पत्नी भुनेश्वरी चन्द्रवंशी सहित समस्त शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट कर ढांढस बंधाया।



विधायक छन्नी चन्दू साहू ने दिवंगत शिक्षक वीरेन्द्र चन्द्रवंशी की पत्नी भुनेश्वरी चन्द्रवंशी को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में आप अकेले नहीं है बल्कि हम भी आपके साथ है। विधि के विधान के सामने हम सभी नतमस्तक है फिर भी कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक एवं परिवार के मुखिया के आकस्मिक निधन से परिवार, समाज एवं शिक्षा विभाग की अपूरणीय क्षति हुई है। आपको अपने बच्चों के साथ पूरे परिवार का ध्यान रखना है अतः अपने आप को संभालना होगा। उन्होंने कहा कि शासन से मिलने वाली अनुकम्पा नियुक्ति सहित समस्त सुविधाओं के लाभ दिलाने हेतु आपका पूरा सहयोग करूंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंदू साहू, सरपंच पवन बाई ध्रुवे, पूर्व सरपंच खिलेश्वर प्रसाद साहू, आदिवासी समाज प्रमुख एवं संकुल समन्वयक दिनेश कोरेटी, प्रधान पाठक कृष्णा राम साहू, दिवंगत शिक्षक के पिता चमारराय चन्द्रवंशी, भाई खिलेश्वर चन्द्रवंशी, फुलेश्वर चन्द्रवंशी, सरपंच प्रतिनिधि समारू राम ध्रुर्वे , चतुर सिंह चन्द्रवंशी, लिबन चन्द्रवंशी, डॉ.दिग्विजय शर्मा, शिक्षक विरेन्द्र साहू, सुंदर साहू, बीरेन्द्र साहू, नारद सहारे, श्रवण कुमार चन्द्रवंशी, कमलेश्वर चन्द्रवंशी,पंचूराम चन्द्रवंशी आदि सहित दिवंगत शिक्षक के परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## 5 लोगों ने मस्जिद में पढ़ी ईद की नमाज, मांगी भारत के लोगों की हिफाजत की दुआ

# कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मुस्लिम समाज ने मनायी ईद



पायनियर संवाददाता ∢ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

मुस्लिम जमात ने शुक्रवार 14 मई को जश्ने ईद-उल-फितर का मुबारक त्योहार कोरोना काल की विपरीत परिस्थितियों में शासन द्वारा निर्देशित कोरोना गाइडलाइन के अनुसार अपने - अपने घरों में नमाज पढ़कर मनाया। गौरतलब है कि शासन के निर्देश को देखते हुये जामा मस्जिद के पेश ईमाम हजरत मौलाना गुलाम मुस्तुफा ने 27वी शब में ही घोषणा कर दी थी कि मुस्लिम जमात के लोग सुबह 7.30 बजे अपने-अपने घरों पर 2 रकात नफिल शुकराना की नमाज पढ़े जिसका सवाब( पुण्य) ईद की नमाज की तरह ही मिलेगा।

वहीं शासन के निर्देश का पालन करते हुये 5 लोगों ने ईद की नमाज जामा मस्जिद में पढ़ी और मुल्क के अमनोचैन और कोरोना वबा से पूरे भारत देश के लोगों की हिफाजत की दुआ मांगी गयी। सभी मुसलमानों ने अपने- अपने घरों में नमाज पढ़ने के बाद पूरे मुल्क की खुशहाली व पूरे भारत देश के लोगो की हिफाजत व सलामती की दुआ मांगी। वही अल्लाह पाक से कोरोना महामारी से अपनो को खो चुके लोगो के लिये सब्र और उनके मरहूमो को जन्नतुल फिरदौस (स्वर्ग) में आला से आला मकाम देने की दुआ व कोरोना बीमारी से पीड़ित लोगों के जल्द स्वस्थ होने की दुआ मांगी।

इसके बाद मुसलमानों ने सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये कब्रिस्तान में अपने मरहूमो के इसाले सवाब के लिये दुआ मांगी और सादगी से घर मे ईद-उल-फितर का पाक त्यौहार मनाया। गौरतलब है कि पाक महीने रमजान शरीफ के एक माह के रोजे मुकम्मल होने के बाद ईद का पाक त्योहार मनाया जाता है। अल्लाह ने मुसलमानों को रोजा रखना फर्ज करार दिया है ताकि मुसलमान अपने ईमान से ना भटके और रोजा रहते हुये मुसलमानों को भी जरूरतमंद बेसहारो की तकलीफ का एहसास हो। अल्लाह और उनके प्यारे रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम साहब ने फरमाया है कि सभी मुसलमान अपने आस पास जरूरतमंद लोगों की मदद करे वही ईद उल फितर का भाइचारे को बढ़ावा देने के अलावा एक अहम मकसद जरूरतमंद लोगों को फितरा देना वाजिब है जिससे मजबूर गरीब लोग भी अच्छे से ईद मना सके और आपस मे खुशियां बांट सके।

इसी वजह से जश्ने ईद उल फितर मनाया जाता है और ईद नफरतों को भूलकर भाइचारे और आपसी मेलजोल बढ़ाने का त्योहार है। जामा मस्जिद के सदर अब्दुल रज्जाक खान, हाफिज मोहिब्बुल हज, हाफिज सराफत हुसैन, हाफिज जियाउल हक,हाफिज मुख्तार आलम, खजांची हाजी रिजवान मेमन, हाजी मुनीर कुरैशी, हाजी नासिर मेमन, हाजी असगर अली , हाजी सत्तार सोलंकी, हाजी इमरान मेमन, हाजी मोहसिन अली, जामा मस्जिद के सचिव खलील कुरैशी, जफर हुसैन खान, जफर उल्लाह खान, जामा मस्जिद वक्फ कमेटी के सदस्य मो. याहिया नियाजी, समसुल होदा खान, मकसूद अहमद,अकबर खान गोलू, फारुख मेमन, रियाजुद्दीन अशरफी, सैय्यद अल्ताफ अली,सैय्यद सौकत अली, समीर कुरैशी, साकिर खान, असद हज, नवाब खान, याकूब खान, इरफान मेमन, हबीब अशरफी, सुहैल अशरफी, सुलेमान खान,नदीम मेमन, सादिक मोतीवाला,जाहिद अली, मुर्तजा खान, गुलाम मुस्तफा, तारिक अमान, सलीम मेमन, रफीक सरधारिया, सद्दाम मेमन, जमील मेमन, कलीम खान, अय्यूब सोलंकी, याकूब सोलंकी, शादाब खान व सलीम सोलंकी ने सभी नगरवासियो को ईद की मुबारकबाद दी है।

## निधन

### मो. हमीद साहब

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला मिनी बस ऑपरेटर संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील के बड़े भाई मो. हमीद साहब का गुरुवार सुबह इंतेकाल हो गया। उनका इलाज रायपुर के मेडिशाईन हॉस्पिटल में चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांसे ली। दोपहर बाद नमाज जोहर स्थानीय मठपारा स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। वे अपने पीछे छोटे भाई मोहम्मद अनीस, हाजी रईस अहमद शकील व जहीन अहमद सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए, उनके सीएम की फातिहा बरोज शनिवार 15 मई को प्रातः 8 बजे गुड़ाखू लाइन निवास में रखी गई है।



## क्विक न्यूज

### खरसिया शहर के सांवरिया तिगड़ानिया नहीं रहे, नगर में शोक की लहर



**सक्ती।** खरसिया शहर के नरेश स्टोर्स के संचालक एवम शहर की प्रतिष्ठित फर्म भगतराम श्रीकिशन के सांवरिया अग्रवाल (तिगड़ानिया) का निधन बुधवार रात्रि 65 वर्ष की आयु में हृदयाघात से हो गया। इनका अंतिम संस्कार रविवार 13 मई की सुबह खरसिया मुक्तिधाम में किया गया,स्व. सांवरिया अग्रवाल सौरभ (मोंटी) के पिता व अशोक अग्रवाल (पत्रकार), सुभाष (पप्पू ठेकेदार) एवं बजरंग (बाली) के बड़े भाई तथा दिलीप डेरीहा व सुनील (मीनू) के चाचा थे। ये अपने पीछे एक पुत्र, तीन पुत्री एवं एक पोता सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, मिलनसार एवं शांत व्यक्तित्व के धनी सांवरिया अग्रवाल के निधन की सूचना से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई, लोगों को इस समाचार पर यकीन करना मुश्किल सा हो गया था।

### जेठा के ग्रामीण युवा संघ ने मरीजों को उपलब्ध कराया निशुल्क भोजन

**सक्ती।** जांजगीर चाम्पा जिले के विकासखंड शक्ति अंतर्गत कोविड केयर सेंटर जेठा में मरीजों को मानवता ग्रामीण युवा संघ के द्वारा निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, मरीजों को सुबह शाम पौष्टिक भोजन के साथ-साथ नाश्ता में फल के साथ-साथ उन्हें दूध भी उपलब्ध कराया जा रहा है, तथा मरीजों को प्रोटीन युक्त आहार सोयाबीन की बड़ी चना मटर की सब्जी के साथ-साथ अंडा भी उपलब्ध कराया जा रहा है इस तरह से मरीजों के कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार मानवता -ग्रामीण युवा संघ के टीम के प्रमुख सदस्य पुष्पेंद्र सिंह राठौर, जय नारायण राज,उत्तम सिंह पटेल, रामकुमार बरेठ, पुष्पेंद्र पटेल,कृष्ण कुमार साहू, के द्वारा निस्वार्थ भाव से निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, यह वास्तव में बहुत बड़ी मानव सेवा है।

# लॉकडाउन में बच्चों ने रचाया गुड्डी-गुड्डा का ब्याह

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कोरोनावायरस के कारण से लॉकडाउन जब से लगना शुरू हुआ है तब से सारे धार्मिक सामाजिक सहित अन्य विभिन्न कार्यक्रम जो समय-समय पर होता रहा है वह अब या तो होना बंद हो गया है अथवा प्रतीक के रूप में लोग उसे आयोजित करते हैं जो लॉकडाउन एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कर रहे हैं इस साल भी अक्षय तृतीया पर्व पर बच्चों के खुशियों पर लॉक डाउन का प्रभाव पड़ गया उसके बाद भी कुछ बच्चों ने अक्षय तृतीया पर्व पर गुड्डी गुड्डा का विवाह का प्रतीकात्मक कार्यक्रम घर में ही आयोजित कर परंपरा का निर्वाह किए।

वही इस अक्षय तृतीया के दिन से खेती का भी शुरुआत किसानों ने पारंपरिक तरीके से श्रीगणेश किया है वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तृतीय को अक्षय तृतीया मनाया जाता है जो बहुत ही शुभ माना गया है किसी भी तरह का कोई मुहूर्त नहीं देखा जाता और लोग गृह प्रवेश विवाह नए शुभकामनाएं भवन नए व्यवसाय का शुरुआत करते हैं इसके साथ ही छोटे-छोटे बच्चे भी अक्षय तृतीया के दिन विवाह बच्चे किया गया इस मौके पर आंगन में बच्चों ने मंडप बनाया छोटे-छोटे लकड़ियों को कपड़ा एवं कागज से सजाकर उसे मड़वा के रूप में सजाया गया मिट्टी की चुकिया बनाई गई और उसे रंग बिरंगी चावल के दाने से आ सजाया गया अक्षय तृतीया पर पुतरी पुतरा को छोटे-छोटे नए नए रंग बिरंगी वस्तुओं से सजाया गया और गुड्डी गुड़ियों के सिर पर सुंदर मोर भी लगाया गया इस अवसर पर बच्चों ने अपने स्तर पर विवाह की रस्म भी पूरा किया तथा टिकावन जैसे रस्म भी परंपरागत किया गया।

### परंपरागत खेती का भी हुआ श्री गणेश

अक्षय तृतीया के अवसर पर पारंपरिक खेती की शुरुआत हुई इस मौके पर नगर सहित जिले के विभिन्न गांवों में कुछ किसानों ने खेतों में हल अथवा हास्य चलाकर खेती किसानी का कार्य का शुरूआत किया वहीं कई कुछ किसानों ने धान के बीज भी डालकर खेती के सर्व श्रीगणेश किया गया इस संबंध में किसानों का कहना है कि अक्ती के दिन खेती के काम प्रारंभ करने से किसानों को विश्वास रहता है कि इस साल फसल अच्छी होगी जिला मुख्यालय मे हल्की फुल्की बारिश भी किसानों के उम्मीद के साथ हुआ।

# पूरे प्रदेश में मास्क पहनो जागरूकता अभियान शुरू



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

प्रदेश युवा कांग्रेस के द्वारा पूरे प्रदेश में मास्क पहनो छत्तीसगढ़ मास्क जागरूकता अभियान कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्णचन्द्र कोको पाढ़ी के निर्देशानुसार 14 मई से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें युवा कांग्रेस संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के लोगों को कोरोना बीमारी से बचाव के लिये मास्क वितरित कर छत्तीसगढ़ की जनता को इस बीमारी से बचाने जागरूक किया।

आज मुंगेली जिला युवा कांग्रेस के द्वारा मंजीत रात्रे के नेतृत्व में एवं सहयोगी कार्यकर्ता राहुल यादव,धनेश्वर पठारी,लक्ष्मीकांत दिवाकर के द्वारा आज मुंगेली मुख्यालय एवं समीप के ग्रामों, किराना दुकानों,फल बेचने वाले ठेलों, मिट्टी के बर्तन बेचने वाले दुकान, सब्जी वाले ठेलों में समान लेने आये नागरीकों को कोरोना बीमारी से बचाव हेतु जागरूक किया युवा कांग्रेस की ओर से सभी नागरिकों को निःशुल्क मास्क वितरण किया गया जो बिना मास्क के घर से निकलते है। आज अभियान के पहले दिन मुंगेली युवा कांग्रेस के द्वारा 20 बॉक्स मतलब कुल 1000 मास्क वितरित किया, इस तरह छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे अभियान से हर जगह हर समय लोगों को मास्क में देखा जा सकेगा।

# मोहले ने 10 ऑक्सीजन सिलेंडर दान किया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोरोना महामारी से निपटने में पूरा देश लगा हुआ है कोविड मरीजों में आक्सीजन की कमी को देखते हुए विधायक एवं पूर्व खाद्यमंत्री पुन्नूलाल मोहले ने अपनी स्व पत्नी द्वारिका मोहले की स्मृति में 2.60 लाख रुपए का 10 नग बड़ा आक्सीजन सिलेंडर जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तेंदुवे को अनुविभागीय अधिकारी नवीन भगत की उपस्थिति में डोनेट किया। मोहले ने जिला चिकित्सालय में बन रहे आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। कोरोना से संक्रमित मरीजों में से कुछ मरीजों की आक्सीजन लेबल डाउन होने से बिगड़ रही स्थिति व आक्सीजन की कमी को ध्यान रखते हुए विधायक एवं पूर्व खाद्यमंत्री पुन्नूलाल मोहले ने अपनी पत्नी स्व द्वारिका मोहले की स्मृति में 2.60 लाख रुपए का 10 नग बड़ा साइज सिलेंडर जिला चिकित्सालय पहुँच कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तेंदुवे को सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कोविड मरीजो के उपचार में कोई कसर ना रखने का निर्देश दिया। मोहले को डॉ तेंदुवे ने बताया कि जिले में 205 नग सिलेंडर व 12 वेंटिलेटर उपलब्ध है इसके अतिरिक्त आज 20 नग समाज सेवी संगठन से व 10 नग विधायक से प्राप्त हुए हैं। इसी तरह आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर मशीन भी उपलब्ध है। 100 बेड की क्षमता है जिसमें भर्ती 42 मरीजों का उपचार चल रहा है। मोहले ने जिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली। डॉ तेंदुवे ने बताया कि एक दिन में 30 सिलेंडर रिफलिंग की क्षमता का आक्सीजन प्लांट लगाया जा रहा है जो शीघ्र पूर्ण हो जाएगा। शेष आक्सीजन की पूर्ति बिलासपुर सिरगिट्टी के प्लांट से किया जा रहा है। विधायक मोहले के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक,नगर भाजपा अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह , नगर पालिका अध्यक्ष संतुलाल सोनकर, सुनील पाठक, मिट्ठूलाल यादव, उमाशंकर साहू, कोटूमल दादवानी, प्रदीप पाण्डेय, मुकेश रोहरा, सौरभ बाजपेयी, हीरालाल साहू, जितेंद्र दावड़ा, मोहित बंजारा, आनंद जांगड़े, अन्नू सोनी, राजहंस तम्बोली, अधिनदास मोहले आदि उपस्थित रहे।

# सेवा भारती जुटा नर सेवा ही नारायण सेवा में

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली जिले की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा भारती मुंगेली के द्वारा इस सम्पूर्ण लॉक डाउन में मुंगेली नगर में सभी कोविड केअर अस्पताल के सभी मरीज और मरीज के परिजनों तथा चौक चौराहों पर जो भी सभी जरूरत मंदों के लिए दोनों पाली भोजन की व्यवस्था की जा रही है। लगभग रोज 150 लोगों को निःशुल्क भोजन दिया जा रहा है एवं साथ ही साथ सभी कोविड अस्पताल के मरीजों को मास्क एवं सैनिटाइजर भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, और नगर में अगर किसी व्यक्ति की कोविड से मृत्यु होने पर उनके अंतिम संस्कार हेतु गौमाता के गोबर से बने छेने की व्यवस्था निःशुल्क की जा रही है। मुंगेली नगर में गौ सेवा एवम मूक पशुओं हेतु विभिन्न जगहों पर 50 से अधिक कोटना की व्यवस्था भी की गई है जिससे इस गर्मी में सभी पशु अपनी प्यास बुझा सके।

6 सालों से लगातार सेवा भारती रक्तदान शिविर तथा मरीजों को रक्त की जरूरत पड़ने पर रक्त की व्यस्था भी की जा रही है। अभी तक करीब 1500 लोगो को रक्त की व्यवस्था की जा चुकी है, और करीब 2000 से अधिक रक्तदाताओं को प्रेरित कर रक्तदान करवा चुके है। संस्था के द्वारा मुंगेली नगर की *जिला अस्पताल में एक स्टेण्ड पंखा और मरीजो हेतु गर्म पानी की सुविधा* के लिए गर्म पानी करने वाली छः केटली निःशुल्क प्रदान किया गया है। जिससे मरीज के परिजन खुद गर्म पानी कर के अपने पीने के उपयोग में ले सकते है, एवं 100 कोविड के मरीजो के लिए नारियल पानी की व्यवस्था भी किया गया है। सेवा भारती मुंगेली इस कोरोना काल में सभी जरूरत मंदो हेतु हर संभव मदद हेतु हमेशा तत्पर रहते है।

सेवा भारती के श्रम दान करने वाले सदस्य आकाश सोनी,राजा तम्बोली,विक्की सारथी ,सौरभ बाजपेयी,गजेन्द्र साहू, सचिन जैन, सुनील साहू,प्रिंस देवांगन, देवेश देवांगन,अनिल सोनकर,देवचरन साहू,खेमन्त साहू, विकास बुनकर, इन सभी जज्बे को सलाम करती है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव के साथ ज्योतिष कार्यालय का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हर साल मनाया जाने वाला पर्व अक्षय तृतीया का पर्व इस साल यानी 14 मई को मनाया जा रहा है यह पर्व भगवान विष्णु को अति प्रिय है वैसे इस साल अक्षय तृतीया का पर्व ऐसे समय में पढ़ रहा है जब देश लॉकडाउन में बंद है जरूरी चीजों के अलावा कुछ भी नहीं मिल रहा है इस अक्षय तृतीया के महापर्व पर आज बाबा रामदेव शिव सिद्ध हनुमान मंदिर में चिरंजीवी महर्षि परशुराम का जन्मोत्सव मना कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर *ज्योतिष कार्यालय* का उद्घाटन भी किया गया पंडित श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया की आज ही के दिन आदि शंकराचार्य चारों पीठ की नींव रखने वाले ने कनकधारा स्तोत्र के भी रचना की थी मां अन्नपूर्णा का जन्म मां गंगा का धरती पर अवतरण कुबेर का खजाना और वेदव्यास जी ने महाकाव्य महाभारत की रचना गणेश जी के साथ शुरू किया था और तो और ज्योतिष कार्यालय में आज से महामृत्युंजय जप नवग्रह जप मृतसंजीवनी जप ग्रह बाधा वास्तु निवारण का समाधान एवं उपाय बताया जाएगा आज के दिन अक्षय की शुरुआत हुई थी मांगलिक और शुभ कार्य आज के दिन बिना पंचांग देखें किया जा सकता है अक्षय तृतीया अपने आप में स्वयं सिद्ध मुहूर्त है अक्षय तृतीया के दिन किसी भी प्रकार के शुभ कार्य का प्रारंभ किया जा सकता है आज ज्योतिष कार्यालय का उद्घाटन कर चिरंजीवी भगवान परशुराम जी का पूजन पंडित घनश्याम तिवारी द्वारा विधि विधान से कराया गया यजमान संदीप पांडे गंगाधर शर्मा मनोज मिश्रा महेश्वरी समाज से सुनील डागा योगेश गीड़ला पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मनाया परशुराम जयंती

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्व ब्राह्मण समाज बेमेतरा द्वारा नगर के परशुराम चौक स्थित भगवान परशुराम मंदिर में सुबह 9ः00 बजे विधिवत पूजा अर्चना किए कोरोना काल में सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए मास्क एवं सेनीटाइजर का उपयोग कर सीमित संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग यहां उपस्थित होकर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर विश्व से कोरोना महामारी के समाप्ति के लिए प्रार्थना किए इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेख मणि पाण्डेय जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा मुख्य सलाहकार नंद किशोर पाण्डेय महिला मंच अध्यक्ष श्रीमती वर्षा गौतम युवा मंच के नगर अध्यक्ष शिवम तिवारी भूपेंद्र गौतम विक्की चौबे नकुल तिवारी प्रयाग शर्मा उपस्थित रहे पूजा अर्चना के पश्चात सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने परशुराम चौक एवं पुराना बस स्टैंड चौक पर सैनिटाइजर एवं मास्क का वितरण सार्वजनिक रूप से किया एवं लोगों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर पदाधिकारियों ने सूरक्षित दूरी अपनाने के लिए के लिए लोगों में जन जागरूकता अभियान चलाया सर्व ब्राह्मण समाज के उपरांत अध्यक्ष लेख मणि पांडे ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते सार्वजनिक कार्यक्रमों को स्थगित किया गया एवं सभी विप्र जनों से आह्वान किया गया कि अपने अपने घरों में भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना कर विश्व से इस महामारी की समाप्ति के लिए प्रार्थना करें लोगों को सतर्क एवं सावधान करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षित दूरी अपनाएं मास्क अवश्य लगाएं साबुन से हाथ धोवें सैनिटाइजर का उपयोग करें कोरोना के लक्षण दिखते ही तत्काल सरकारी अस्पताल जाकर जांच करवाएं यही इस महामारी को रोकने का उपाय है।

# ब्राह्मण समाज ने पूजा अर्चना कर आपदा से सभी की रक्षा की कामना की



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अक्षय तृतीया भगवान श्रीपरशुरामजी का जन्मोत्सव सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा बजरंग मंदिर गोल बाजार में मनाया गया। अक्षय तृतीया पर भगवान परशुरामजी व बजरंग बली की विधिवत पूजा अर्चना व हनुमान चालीसा कर मनाया गया। उपस्थित सर्व ब्राह्मण सदस्यों ने पूजा अर्चना कर समाज,नगर, क्षेत्र व प्रदेश तथा देश के नागरिकों की सुख शांति व समृद्धि तथा कोरोना महामारी आपदा से सभी के रक्षा की कामना की। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण परिषद मुंगेली की ओर से गरीब व जरूरत मन्द लोगों के लिए राशन की व्यवस्था कर वितरण हेतु प्रयास अ स्माल स्टेप संस्था को सौंपा। इस अवसर पर पं क्रान्तिकुमार मिश्रा, पं गिरीश शुक्ला,पं प्रमोद पाठक,पं सुनील पाठक,पं स्वतंत्र मिश्रा, पं प्रदीप पाण्डेय,पं रोहित शुक्ला, पं सौरभ बाजपेयी,पं मोनू उपाध्याय, पं मनोज मिश्रा,पं आयुष शुक्ला, पं नवीन पाण्डेय, कन्हैया यादव आदि उपस्थित रहे।

### सेंटर स्थापित करने किया जा रहा है स्थलों को चिन्हांकित- कमिश्नर

# शहरवासियों को मिलेगी न्यूनतम शुल्क पर सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर की सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में गुरूवार को नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय निगम अमला के साथ शहरी सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर के स्थल चिन्हांकित करने निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र में शहर के मध्य नगर निगम में भी आम जनता को न्यूनतम शुल्क पर चिकित्सीय जांच सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से इस दिशा में कार्य प्रारम्भ किए जा चुके है इस सेंटर में लेब के साथ सिटी स्कैन मशीन, एमआरआई, एक्सरे मशीन आदि की सुविधा रहेगी। कोशिश की जा रही है कि सेंटर शहर के मध्य में कही स्थापित हो ताकि समस्त क्षेत्र के निवासियों को इसका लाभ मिल सके। निरीक्षण दौरान निगम के एएचओ भूपेश सिंह, सब इंजीनियर सूरज देवांगन, ऋषि राठौर राजस्व शाखा से शिव यादव, हरिकेश्वर लकड़ा, विद्युत विभाग से रमेश तांती उपस्थित रहे।

**सारे लेब टेस्ट व मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी-** निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बताया



कि सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए शहर के मध्य हृदयस्थल पर तीन हजार स्क्वायर फिट मिनिमम का भवन हो। वहां पर सारे लेब टेस्ट सारे मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसे सीडीसी या सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर का नाम दिया जाएगा। रायगढ़ में इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में और सचिव के निर्देशानुसार 4 से 5 स्थान बंदे फातमी अली कालोनी, एसपी ऑफिस बगल निगम काम्प्लेक्स, पूर्व विधायक कार्यालय, जूटमिल पुराना बस स्टैंड रेन बसेरा का मुआयना किया गया। जंहा से एक स्थान को चिन्हांकित किया गया है वो है बस स्टेंड रैन बसेरा जो कि जुटमिल क्षेत्र में स्थित है। स्थलों के निरीक्षण दौरान हर प्रकार से इसे उपयुक्त माना गया।

# चोरी करने घर में घुसे आदतन चोर को कालोनी वालों ने पकड़ा, भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीती रात आशीर्वाद पूरम कालोनी के एक मकान में चोरी करने के इरादे से घुसे एक चोर को कालोनीवालों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और पहले भी अपराध को अंजाम दे चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात आशीर्वाद पुरम कालोनी के मकान नं. ए 7 में धांगरडीपा में रहने वाला मोनू उर्फ राजा उर्फ राजेश सोनी घुसकर वहां रहने वाले व्यक्ति का पर्स और मोबाईल चुरा कर भाग रहा था जिसे मकान में रहने वाले सुमीत पाल और उसके साथी दौड़ाकर पकड़े। पूछताछ में आरोपी के मोनू सोनी निवासी धांगरडीपा के होने की जानकारी उन्हें मिली, जिसके पास से सुमीत पाल का मोबाईल व पर्स मिला। सुमीत पाल के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380, 511 भादवि दर्ज किया गया है। आरोपी मोनू सोनी के विरूद्ध पिछले साल जनवरी माह में 21 जनवरी को हेमंत कश्यप निवासी बैकुन्ठपुर रायगढ द्वारा रामलीला मैदान दुर्गा मंदिर के सामने जबरन रूपयों की मांगकर अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का व बेल्ट से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

# 18 प्लस के लोगों का टीकाकरण संकट में फंसा, वैक्सीन भंडार में टीका खत्म, अधिकांश केंद्रों पर टीकाकरण बंद

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



टीकाकरण के पंजीयन डेस्क पर एंट्री कराने वाले युवाओं में उत्साह दिखा। वहीं जिन वर्गों के लिए टीका उपलब्ध नहीं हो पाया उनको नाराज होकर लौटते हुए देखा गया।छत्तीसगढ़ में 1 मई से शुरू हुआ 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण संकट में फंस गया है। टीके की कमी होने से प्रदेश के अधिकांश केंद्रों पर आज गरीबी रेखा से ऊपर के लोगों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को टीका नहीं लगाया जा सका। जिन केंद्रों पर बीपीएल और अन्त्योदय वर्ग के लोगों का टीकाकरण हो रहा है वहां भी एक-दो दिन चलने लायक ही वैक्सीन बची है।

रायपुर जिले में 18 केंद्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को टीका लगाया जा रहा है। इसमें से दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, गुढ़ियारी आदि केंद्रों पर टीका उपलब्ध नहीं है का बोर्ड लगा दिया गया है। दुर्ग में लगभग सभी केंद्रों पर इन वर्गों का टीकाकरण बंद हो गया है। ऐसी सूचना गुरुवार को ही लगा दिया गया था। आज इन वर्गों से जो लोग केंद्र पर पहुंचे उन्हें लौटकर जाना पड़ा। यहां 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए वैक्सीन के 5900 डोज मौजूद हैं। लेकिन इसका इस्तेमाल 18+ को टीका लगाने में नहीं किया जा सकता। बताया जा रहा है कि सभी जिलों में 18 + का टीका खत्म होने के कगार पर है। इधर राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अमर सिंह ठाकुर ने बताया, राज्य वैक्सीन भंडार में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के लिए अब वैक्सीन नहीं बची है। पूरा स्टॉक जिलों को भेजा जा चुका है। उनके पास जितना होगा उसी से अभी टीकाकरण अभियान चलेगा।

वैक्सीन किब मिलेगी कोई सूचना नहीं डॉ. अमर सिंह ठाकुर ने बताया, अभी किसी वैक्सीन उत्पादक ने नई खेप भेजने की कोई सूचना नहीं दी है। ऐसे में तय नहीं है कि अपने पास वैक्सीन कब तक उपलब्ध हो जाएगा। वरिष्ठ अधिकारी वैक्सीन उत्पादकों से बातचीत कर वैक्सीन को जल्दी मंगाने की कोशिश कर रहे हैं।

### शनिवार को मिली थी वैक्सीन

18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के लिए छत्तीसगढ़ को आखिरी बार शनिवार को एक खेप मिली थी। इसमें कोविशील्ड वैक्सीन के 3.5 लाख डोज थे। अगले दिन तक इनको जिलों में भेज दिया गया था। उससे पहले एक मई को कोवैक्सीन की एक लाख 3 हजार डोज मिली थीं।

### टीकाकरण जारी, अब 60 लाख डोज

इस बीच 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का टीकाकरण जारी है। प्रदेश में अभी इसका पर्याप्त भंडार मौजूद है। कोविन पोर्टल के मुताबिक आज 4 बजे तक 4 हजार 468 लोगों को टीका लग चुका था। प्रदेश में केंद्र सरकार की ओर से भेजे गए टीके से 60 लाख 81 हजार 686 डोज लगाए जा चुके हैं। इनमें से 10 लाख 42 हजार 174 लोग कोरोना टीके के दोनो डोज लगवा चुके हैं।

### जेल में भी लग रहा है टीका

स्वास्थ्य विभाग की एक टीम रायपुर केंद्रीय कारागार में 45+ बंदियों का टीकाकरण कर रही है। महिला सेल में बंद कैदियों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। एक दिन पहले पुरुषों का टीकाकरण शुरू हुआ था। पहले दिन 60 टीके लगाए गए।

# मरीज को सराइपाली से रायपुर ले जाने के लिए 10000 से 15000 चार्ज

## एंबुलेंस सेवा के नाम पर मनमानी

पायनियर संवाददाता ◀ सरयपाली
www.dailypioneer.com




कोरोना महामारी किसी के लिए के लिए आपदा तो किसी के लिए अवसर बन कर आई है एक और जहां कोरोना महामारी को लेकर आमजन से लेकर शासन-प्रशासन सरकार सब परेशान हैं वहीं मौकापरस्त लोग इसे अवसर से कम नहीं समझते हैं ऐसे ही मामले एंबुलेंस व्यवस्था को लेकर सामने आ रहे हैं वही एंबुलेंस जिसे सेवा के नाम से जाना जाता था अब वह व्यवसाय बन चुकी है सराईपाली से रायपुर मरीज को ले जाने के लिए 10000 से 15000 चार्ज किया जा रहा है ।

सराईपाली नगर पालिका के सभापति एवं पार्षद हरदीप सिंह रैना ने बताया की एंबुलेंस को लेकर लूट मची हुई है लोग इस महामारी में भी पैसा कमाने का अवसर देख रहे हैं सोचा नहीं जा सकता, मैं खुद इस बात का गवाह हूं कि किस प्रकार इमरजेंसी के समय जब वार्ड के एक युवा को रायपुर भेजना था एंबुलेंस के लिए 10000 से 15000 मांगे जा रहे थे जैसे तैसे कर हमने व्यवस्था कर 108 में मरीज को रायपुर एम्स अस्पताल भेजा, सरकार द्वारा एंबुलेंस के लिए रेट तय किए गए हैं लेकिन उस रेट पर कोई भी एंबुलेंस वाला जाने को तैयार नहीं होते, यहां तक कि झिलमिला चौक से सराईपाली अस्पताल 2 कि.मि ले जाने हेतु दो से ?4000 एंबुलेंस वाले मांग रहे हैं, ऐसे में आमजन के सामने बड़ी मुश्किल की स्थिति खड़ी हो गई है गरीब व्यक्ति तो वहीं से रेट सुनकर वापस चला जाता है प्रशासन को इस पर संज्ञान लेते हुए कड़ाई से एंबुलेंस के नाम पर मनमानी लूट पर लगाम लगानी चाहिए। पार्षद हरदीप सिंह रैना ने बताया ऐसा नहीं है की सभी इस प्रकार की लूट कर रहे हैं सराईपाली की प्रतिभा इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित प्रतिभा एंबुलेंस रियायती दर पर एपीएल और बीपीएल कार्ड धारियों सामान्य लोगों को एंबुलेंस उपलब्ध करा रही है लेकिन एक ही एंबुलेंस होने के कारण यह पर्याप्त नहीं है ऐसे में सभी को उनकी तरह मानवता दिखानी चाहिए यह समय मरीजों के रिश्तेदारों को लूट कर जेब भरने का नहीं बल्कि मानवता दिखाते हुए सेवा भाव से मदद करने का है पार्षद रैना ने सभी एंबुलेंस संचालकों से अनुरोध किया है कि वे रियायती दरों पर लोगों को एंबुलेंस उपलब्ध कराएं और मानवता का परिचय दें।

# अनलॉक में दी जाने वाली छूट का लाभ ठेले खोमचे वालों को भी मिले : ज्ञानचंद बाफना

## व्यापारियों के साथ सम्मान से पेश आए प्रशासन - हसमुख भाई रायचा

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना एवं विनोद डड्ढा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि 17 मई से खुल रहे अनलॉक के दौर में छोटे छोटे व्यापारियों को ज्यादा समय दिया जाए। कहा गया कि जितना ज्यादा समय दुकानें खुलेगी उतनी भीड़ कम रहेगी और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन होगा। बाफना ने कहा कि ठेले खोमचे वाले जो शाम को अपना व्यवसाय शुरू करते हैं उन्हें भी इस अनलॉक में व्यवसाय करने का समय दिया जाए और रायपुर की तरह अलग-अलग समय पर अलग-अलग व्यवसाय की छूट तय की जाए ताकि सभी प्रकार के व्यवसाय सभी के लिए उपलब्ध हो सके और सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन हो और कोरोना की चेन को तोड़ा जा सके। इसी तरह चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष हसमुख भाई रायचा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि व्यापारियों के सम्मान को ठेस ना पहुंचाई जाए। अगर कोई छोटा व्यापारी गलती करता है तो उसे समझाया जाए, दोबारा गलती करने पर ही जुर्माना किया जाए। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शरद चितलांगया एवं पूर्व प्रदेश मंत्री भीमन धनवानी ने भी कहा है कि एक लंबे समय से व्यापारी ने प्रशासन का भरपूर सहयोग किया है, इसलिए अब क्रमबद्ध ढंग से प्रत्येक व्यवसाय करने वाले को छूट देते हुए अनलॉक में सभी वर्ग का ध्यान रखना चाहिए।

प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों को व्यापारी वर्ग ने कोरोना संक्रमण काल में भली-भांति सहयोग किया है, परंतु अब व्यापारियों के साथ भेदभाव और ज्यादा समय तक लॉकडाउन करने से उन्हें भी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना एवं विनोद डड्ढा ने सभी व्यापारी बंधुओं से यह आह्वान किया है कि व्यापार खुलने पर शासन के समस्त नियमों का कड़ाई से पालन करें। ग्राहकों को दूर-दूर खड़े करें और मास्क का विशेष रूप से ख्याल रखें, ताकि करोना से बचा जा सके।

# कर्ज राशि का ब्याज एवं सरचार्ज माफ कर दो माह की रियायत दिया जाए : कृष्णदत्त उपाध्याय

पायनियर संवाददाता ◀ केशकाल
www.dailypioneer.com



कोरोना के दूसरे लहर और लाकडाउन के चलते बैंक एवं फाइनेंस कंपनी के कर्जदारों की हालत की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए केशकाल के पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णदत्त उपाध्याय ने किस्त पटाने और ब्याज व सरचार्ज अदायगी में छूट देने की मांग किया है।उपाध्याय का कहना है कि पूरे देश एवं प्रदेश में कोरोना की द्वितीय लहर ने काम धंधा दुकानदारी एवं हाट बाजार सब चौपट हो गया है। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को बिगड़ते हालात के चलते लाकडाउन लगाना पड़ गया है। गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों के सामने फिलहाल पेट भरने और परिवार को पालने तथा बिमारी से प्रांण बचाने की ज्वलंत समस्या आ पड़ी है। इस बीच जो लोग अपने रोजी रोटी के लिए बैंक से या प्राइवेट फाइनेंस कंपनी से कर्ज लेकर कोई वाहन ले लिए थे या कोई काम धंधा चालू किया था उन लोगों की जान बड़ी सांसत में पड़ गया है। लाख डाउन लग गया है घर से बाहर निकल नहीं सकते काम धंधा कर नहीं सकते वाहन चला नहीं सकते फिर भी लिए गये कर्ज का ब्याज बढ रहा है और किस्त नहीं पट पा रहा है। राष्ट्रीयकृत बैंक एवं अर्धशासकीय बैंक वाले तो अपने खाते में ब्याज सरचार्ज बढ़ाते जा रहे हैं और फिलहाल तंग नहीं कर पा रहे हैं परन्तु फ्लर्ट ब्याज लेकर अपने कर्जदारों को उबरने का बहुत कम अवसर देने वाले प्राईव्हेट फाइनेंस कंपनी वाले तो ब्याज और सरचार्ज जोड़ते हुए कर्ज राशि का किस्त और सरचार्ज पटाने के लिए तकादा उपर तकादा करते हर हथकंडा अपना रहे हैं। जिसके चलते प्राईव्हेट फाइनेंस कंपनी के कर्जदारों के सामने बहुत बड़ी आफत आ पड़ी है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष जब कोरोना का प्रथम लहर चालू हुआ था तब केंद्र सरकार ने पूरे देश में लाकडाउन लगाया था और उस वक्त कर्ज उगाही पर रोक लगाते बैंक ब्याज से राहत दे दिया था तब सरकार के नियंत्रण में चलने वाले बैंकों के हांथ प्राईव्हेट फाइनेंस कंपनी वालों ने भी सरकार के द्वारा जारी आदेश और सरकार के सख्त रवैय्ये के चलते अपने कर्जदारों को हलाकान परेशान नहीं किया था।परंतु इस वर्ष स्थिति अलग है केंद्र सरकार अपना पल्ला झाड़कर राज्य सरकारों पर लाख डाउन लगाने न लगाने के लिए स्वतंत्र छोड़ दिया है और राज्य सरकार भी जिला कलेक्टरों को अधिकृत कर दिया है।

जिसके चलते सरकारी -सहकारी बैंक और प्राईव्हेट फाइनेंस कंपनी से कर्ज लेने वाले कर्जदारों के बारे में अभी तक कोई विचार नहीं किया जा रहा है। जिससे कर्जदारों के सामने दूबर को डबल असाढ जैसी हालत हो रही है। खासकर प्राइवेट बैंक से कर्ज लेने वालों की हालत बहुत ही खराब हो चुकी है। इसलिए मेरी यह मांग है कि सरकार को कर्ज में डूबे लोगों की हालत और हालात की तरफ सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए कम से कम फिलहाल किस्त उगाही में राहत दे देवे और हो सके तो कम से कम दो माह का ब्याज एवं सरचार्ज माफ करवाने की कृपा करें। प्राईवेट फाइनेंस कंपनी वालों द्वारा किस्त एवं ब्याज सरचार्ज उगाही करने में कोई सख्ती न कर पायें इसके लिए खासतौर पर आदेश जारी किया जावे। जिले में कोरोना के बढ़ती संक्रमण के चलते जिले में 16 मई तक लॉकडाउन लगाया गया है, जिसका असर पूरे जिले में देखने को मिल रहा है, और कई लोगो को अपने बैंक के लोन, गाड़ी लोन पटाने में असमर्थ है उनकी राहत सरकार तरफ देते हुए एक महीने की लोन माप किया जाए यह मांग वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण उपाध्याय ने की है। कोरोना और लाकडाउन के चलते उन लोगों के उपर बहुत बड़ी आफत आन पड़ी है जो प्राईव्हेट फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर गाड़ी ले लिए हैं। केशकाल के उपाध्याय ने कर्जदारों की हालत पर दुख चिंता जाहिर करते यह मांग किया है। देखना यह है कि सरकार इस पर कितनी गंभीरता से कब क्या पहल करती हैं पर यह तो तय है की कर्जदारों की हालत कोरोना के चलते बहुत खराब हो चुकी है।

# कोरोना संकट के बावजूद तेंदूपत्ता संग्रहण इस साल भी द्रूत गति से जारी

## छत्तीसगढ़ में अब तक एक चौथाई से अधिक तेंदूपत्ता का हो चुका संग्रहण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में चालू वर्ष 2021 के दौरान अब तक 4 लाख 76 हजार 631 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हो चुका है, जो लक्ष्य के एक चौथाई से अधिक है। राज्य में चालू वर्ष के दौरान 16 लाख 71 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता के संग्रहण का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर पिछले साल की तरह इस साल भी कोरोना-संकट के दौरान आर्थिक गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया है कि कोविड-19 की गाइडलाइन तथा आवश्यक सावधानियों का पालन करते हुए वनवासियों द्वारा तेंदूपत्ता का संग्रहण द्रुत गति से जारी है। राज्य में अब तक संग्रहित मात्रा में से वनमण्डल बीजापुर में 40 हजार 239 मानक बोरा तथा सुकमा में 56 हजार 996 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण शामिल है। इसी तरह वनमण्डल दंतेवाड़ा में 10 हजार 252 मानक बोरा, जगदलपुर में 14 हजार 736 मानक बोरा, दक्षिण कोण्डागांव में 12 हजार 453 मानक बोरा तथा केशकाल में 17 हजार 255 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ है। वनमण्डल नारायणपुर में 11 हजार 238 मानक बोरा, पूर्व भानुप्रतापपुर में 13 हजार 911 मानक बोरा, पश्चिम भानुप्रतापपुर में 11 हजार 30 मानक बोरा तथा कांकेर में 20 हजार 167 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हो चुका है। इसी तरह वनमण्डल राजनांदगांव में 12 हजार 677 मानक बोरा, खैरागढ़ में 4 हजार 3 मानक बोरा, बालोद में 13 हजार 565 मानक बोरा तथा कवर्धा में एक हजार 373 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ है। वनमण्डल धमतरी में 13 हजार 510 मानक बोरा, गरियाबंद में 61 हजार 126 मानक बोरा, महासमुंद 47 हजार 619 मानक बोरा तथा बलौदाबाजार 12 हजार 183 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया है। वनमण्डल बिलासपुर में 5 हजार 311 मानक बोरा, मरवाही में 104 मानक बोरा, जांजगीर-चांपा में 3 हजार 297 मानक बोरा, रायगढ़ में 23 हजार 20 मानक बोरा, धरमजयगढ़ में 29 हजार 100 मानक बोरा, कोरबा में 9 हजार 872 मानक बोरा तथा कटघोरा में 10 हजार 202 मानक बोरा का संग्रहण हुआ है। इसी तरह वनमण्डल जशपुर में 7 हजार 978 मानक बोरा, मनेन्द्रगढ़ में 5 हजार 161 मानक बोरा, कोरिया में 464 मानक बोरा, सरगुजा में 6 हजार 963 मानक बोरा और सूरजपुर में 813 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हो चुका है।

## कांग्रेस ने भ्रम फैलाने की राजनीति की : रमन सिंह



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखा पत्र को अपने ट्वीट अकाउंट में पोस्ट कर कांग्रेस पर निशाना साधा है। डॉ. सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के समय में कांग्रेस ने भ्रम फैलाने व जनता को गुमराह करने की राजनीति की है। जबकि यह समय एकजुट होकर लड़ने का था लेकिन कांग्रेस के नेता पहले लॉकडाउन फिर वैक्सीनेशन के नाम पर झूठ फैलाते रहे। जिसे लेकर ही नड्डा ने सोनिया गांधी को पत्र लिखा है।

# डोंगरगांव इलाके में एपीएल का वैक्सीनेशन बंद

## जिला भाजपा अध्यक्ष के अगुवाई में सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर सहित अंचल के स्वास्थ्य केंद्रों में एपीएल को वैक्सिनेशन बंद करने की शिकायत पर भाजपा ने मोर्चा ले लिया है। 18 से 45 वर्ष तक के लिए सभी वर्ग का वेक्सीनेशन करने हाईकोर्ट से ताकीद मिलने के बाद बमुश्किल सभी वर्ग को वैक्सिन नसीब हुआ था, लेकिन डोंगरगांव नगर व अंचल में एपीएल को टीकाकरण बंद करने की शिकायत पर जिला भाजपा ने मोर्चा संभाल लिया है। इस वाकये की जानकारी मिलते ही जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव स्वयं डोंगरगांव नगर पहुंचकर स्थानीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सभी वर्ग के टीकाकरण जारी रखने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के वैक्सीन उपलब्धता में कुप्रबंधन के कारण बुधवार को बहुतायात की संख्या में रोज पहुंच रहे एपीएल वर्ग के लोगों को वैक्सीनेशन से मना कर दिया गया था। इसका कोई कारण अधिकारिक रूप से सामने तो नहीं आया, लेकिन ऐसा समझा जाता है कि वैक्सीन की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होने के कारण सरकार द्वारा ऐसा निर्णय लिया गया। अब कल भी इस वर्ग के लोगों को वैक् सीन लगेगा या नहीं, इस पर अभी भी संशय बना हुआ है। इस दरम्यान मण्डल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, रमजान बडगुजर, नारायण साहू, दीना पटेल, योगेश पटेल, लल्ला यदु, कोमल साहू, प्रवेश ठाकुर, सिद्दीक बडगुजर, गिरिजा शंकर सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## धान मण्डी में धान खरीदी तत्काल शुरु करे एवं अन्नदाताओं को फसल मुआवजा तुरंत दें : आप

# खाद के दामों में वृद्धि केन्द्र का किसान विरोधी कार्य : राजा ठाकुर

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष राजा ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केन्द्र एवं राज्य सरकार से मांग की है धानमंडी में तत्काल धान खरीदी चालू करे एवं किसानों को तुरंत मुवावजा राशि प्रदान करे एक तरफ पूरा देश कॉरोना महामारी में जूझ रहे हैं और दूसरी ओर फसल नुकसान से परेशान है सरकार धान खरीदी, फसल मुववजा देने के बजाय खदो में मूल्य वृद्धि करना अन्नदाताओं के साथ अन्याय है राजा ठाकुर ने आगे कहा किसानों को खाद में सब्सिडी दे ताकि किसानों को खाद ज्यादा रेट में ना मिले उन्होंने आगे कहा केंद्र की मोदी सरकार ने हाल ही में खादों की कीमत में भारी वृद्धि की है जहां डीएपी की कीमत 1150 रुपये से बढ़ा कर 1900 रुपये बोरी, एनपीके की कीमत 1285 से बढ़ा कर 1747 रुपये बोरी, वहीं 850 रुपये की एमओपी को बढ़ा कर 1000 रुपये कर दिया है। इस तरह लगभग एकमुश्त 58 प्रतिशत की वृद्धि केन्द्र सरकार ने खादों के दामो में की है जो कि सरासर किसानों के साथ अन्याय है। आम आदमी पार्टी केन्द्र सरकार से मांग करती है कि वो किसानों को खाद में सब्सिडी दे और कीमत को कम करे। इसी तरह राज्य सरकार से मांग है कि छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलो के विभिन्न सोसायटी ओं में तथा व्यापारियों को कम रेट में मार्च में ही खाद दिया जा चुका है अभी इन खादो की कीमत सोसाइटी में 1150 रुपये है इसकी बोरी में एमआरपी 1200 रुपए का है इसी तरह मार्च में ही व्यापारी गण खाद कम रेट में खरीद कर अपने गोदामों में रख चुके हैं जिसे वे अभी खरीफ फसल ने बेचेंगे। आम आदमी पार्टी की यह मांग है की राज्य सरकार इन सोसाइटी एवं व्यापारियों के लिए आदेश जारी करें की कोई भी सोसाइटी या व्यापारी अपने पुराने खरीद के खाद को 1200 रुपए एम आर पी से अधिक नहीं बेच सकते। यदि इस तरह का आदेश सरकार जारी नहीं करेगी तो बाजार में खाद की कालाबाजारी शुरू हो जाएगी जो कि किसानों के लिए इस कोरोना काल में घातक होगा। आज किसानों के रवि के फसल को व्यापारी औने पौने दामों में खरीद रहे हैं जो कि उनके साथ नाइंसाफी है, इस पर भी रोक लगे, इस पर खाद की यह मूल्य वृद्धि उनकी कमर ही तोड़ देगी राज्य शासन से हमारी मांग है कि वह कृषि विभाग को खादों के मूल्यों पर नजर रखने ने का आदेश जारी करें एवम् धान की खरीदी तुरंत चालू करे और किसानों को तत्काल फसल नुकसान की मूवावजा प्रदान करें।

आम आदमी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं एवं किसानो से यह अपील करती है जैसे ही उनको किसी व्यापारी या सोसाइटी में अधिक रेट में खाद बेचने की जानकारी मिलती है तो इसकी तत्काल शिकायत आम आदमी पार्टी से संबंधित विधानसभा अध्यक्षों के नंबरों पर करें जिस पर संज्ञान लेकर आम आदमी पार्टी आगे के कार्यवाही करेगी और पार्टी उग्र प्रदर्शन करेगी।

# महिला समूह के सदस्यों का शत-प्रतिशत टीकाकरण

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड मुख्यालय पलारी के इंदिरा महिला स्व-सहायता की सभी सदस्यों ने कोरोना बीमारी का टीका लगवाकर जागरूकता का परिचय दिया है। समूह की सभी सदस्यों ने नगर की बालक उच्चतर माध्यमिक शाला में टीका लगवाकर कोरोना के हमले से बचाव का पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। यही नहीं उन्होंने सभी पात्र लोगों को टीका लगाने प्रेरित भी कर रही हैं। गौरतलब है कि कलेक्टर सुनील जैन ने विगत दिनों आयोजित अफसरों की वर्चुअल बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग को टीकाकरण के मामले में अग्रणी रोल निभाने को कहा है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग से जड़े सभी महिला स्व सहायता समूह ,महिला मंडल ,गरम भोजन संचालित करने वाले समूह, रेडी टू ईट संचालित करने वाले समूह का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने का निर्देश दिया गया था। इस पर पलारी के इंदिरा महिला स्व सहायता समूह के सभी सदस्यों ने पलारी के टीकाकरण केंद्र में जाकर कल 13 मई को टीकाकरण करवाया एवं समाज मे जागरूक नागरिक का परिचय दिया। टीकाकरण कराने के बाद महिलाओं ने बताया कि हमें टीका लगाने के बाद कोई दिक्कत नहीं हुई। समूह की 10 महिलाओं ने टीका लगवाया। इसमें से 5 महिलाओं ने दूसरा टीका लिया। जिन महिलाओं ने टीकाकरण करवाए हैं उसमें लक्ष्मी वर्मा ,तेरस धीवर, पार्वती कोसले, सरस्वती कोसले यामीन जायसवाल बुधवनतीन कोसले, ईश्वरी जयसवाल ,प्रभा कोसले, यशोदा देवांगन और विजयलक्ष्मी शामिल हैं। इस समूह को टीकाकरण करने के लिए परियोजना अधिकारी नीरज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सुपरवाइजर लक्ष्मी श्रीवास द्वारा प्रेरित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर कच्छप ने टीका लगाने वाली समूह की सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403